CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : $28^{0}$ C
न्यूनतम : $24^{0}$ C

मुजफ्फरनगर, बुधवार 13 अगस्त 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 212 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com भाद्रपद कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 18 सफर 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बीके सिंह यूपी के नए पुलिस महानिदेशक नियुक्त

पेज 2



कोहली का जलवा इंस्टाग्राम पर बरकरार

खेल टाइम्स



गायब होती नौकाएं और विमान का कारण बर्मुडा ट्रायंगल

सम्पादकीय



पाक ने भारतीय राजनयिकों के घरों की गैस सप्लाई रोकी

पेज 12

# अब फिर से नहीं बसेगा धराली, पूरा गांव नई जगह होगा शिफ्ट

चिरंजीव सेंमवाल




■ धराली में आई आपदा के बाद सरकार का साहसिक कदम, संवेदनशील है धराली का इलाका, 42 लापता का अभी तक सुराग नहीं

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में 5 अगस्त को दिन के 1:15 बजे खीर गंगा गाड़ में आए सैलाब ने धराली को 34 सेकंड में पूरी तरह तबाह कर दिया। यहां के मकानों, कई भवनों, होटल, होमस्टे, सेब के बागानों सहित पूरे गांव को जमींदोज कर दिया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि आपदा में तबाह हुए धराली को अब उसी स्थान पर फिर से नहीं बसाया जाएगा, बल्कि सुरक्षित जगह पर शिफ्ट किया जाएगा। नदियों के किनारे और भूस्खलन-प्रवण क्षेत्रों में नए निर्माण पर भी रोक लगाई जाएगी। पिछले कई वर्षों में धराली तीन बार आपदाओं का सामना कर चुका है, लेकिन हर बार गांव दोबारा बसाया गया। इस बार प्रशासन ने स्थायी विस्थापन की दिशा में कदम उठाया है। अपर सचिव बंशीधर तिवारी के अनुसार, ग्रामीणों से नई बसावट को लेकर बातचीत शुरू हो गई है। लोग 8 से 12 किमी दूर लंका, कोपांग या जांगला में बसाए जाने की मांग कर रहे हैं। वहीं, हर्षिल में आई आपदा में सेना का कैंप भी बह गया था। इसलिए नया कैंप लगाने के लिए सेना श्रीखंड पर्वत और आसपास के ग्लेशियरों, झीलों की रेकी करेगी। सरकार ने अब तक 42 लोगों के लापता होने की पुष्टि की -शेष पृष्ठ दो पर

# जस्टिस वर्मा के खिलाफ लोकसभा में महाभियोग प्रस्ताव मंजूर

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ स्पीकर ने तीन सदस्यीय कमेटी बनाई
■ कहा: आरोप गंभीर, पद से हटाने की कार्रवाई जरूरी

**नई दिल्ली।** कैश कांड मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ मंगलवार को लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला ने महाभियोग प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।

स्पीकर ने कहा कि मुझे रविशंकर प्रसाद और विपक्ष के नेता समेत कुल 146 सदस्यों के हस्ताक्षर से प्रस्ताव मिला है। उन्होंने बताया कि इस प्रस्ताव में इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा को पद से हटाने की मांग है। स्पीकर ने जांच के लिए 3 सदस्यीय कमेटी का ऐलान किया। इसमें सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट के एक-एक जज और एक कानूनविद शामिल हैं। जांच समिति की रिपोर्ट आने तक यह महाभियोग प्रस्ताव लंबित रहेगा। इस साल 14 मार्च को जस्टिस यशवंत वर्मा के घर का वीडिया वायरल हुआ था। इसमें 500-500 के अधजले नोटों की गड्डियां नजर आई थीं। स्पीकर बिरला ने कहा कि तथ्य करप्शन की तरफ इशारा कर रहे हैं, हमने न्यायाधीश जांच अधिनियम के प्रावधानों का अध्ययन किया है। हमने सुप्रीम कोर्ट के घोषित कानूनों के साथ-साथ कई अन्य फैसलों की जानकारी भी रखी है। सुप्रीम कोर्ट ने शिकायत को गंभीर प्रकृति का पाया है। इनहाउस प्रक्रिया का पालन किया।

## सजा पूरी कर चुके कैदियों को तुरंत रिहा करें: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक अहम निर्देश में कहा है कि जो भी कैदी अपनी सजा पूरी कर चुके हैं, उन्हें तुरंत रिहा किया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने इस संबंध में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के गृह सचिवों को निर्देश दिया है कि वे इस बात की पुष्टि करें कि सजा पूरी कर चुका कोई कैदी अभी भी जेल में तो बंद नहीं है। अदालत ने ये भी कहा कि अगर कोई ऐसा कैदी पाया जाता है, जिसकी सजा पूरी हो चुकी है और वह किसी अन्य मामले में वांछित नहीं है, तो उसे तुरंत रिहा किया जाए।

## दिल्ली-एनसीआर में 10-15 साल पुराने वाहनों को राहत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एनसीआर में डीजल के 10 साल पुराने और पेट्रोल के 15 साल पुराने वाहनों के मालिकों को फिलहाल बड़ी राहत दी है। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि ऐसे वाहनों के मालिकों पर फिलहाल कोई सख्त कार्रवाई नहीं की जाएगी। सीजेआई गवई की बेंच ने यह आदेश दिया। यह फैसला तब आया, जब दिल्ली सरकार की ओर से एसजी तुषार मेहता ने कोर्ट से आग्रह किया कि ऐसे वाहनों के मालिकों पर जबरदस्ती कोई कार्रवाई न की जाए।

# आधार कार्ड नागरिकता का प्रमाण नहीं: सुप्रीम कोर्ट

## बिहार SIR को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा: आधार का सत्यापन जरूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ सितम्बर के आखिर तक किसी भी स्तर पर अवैधता साबित हो जाती है, तो पूरी प्रक्रिया को रद्द किया जा सकता है



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में चुनाव आयोग (ईसी) द्वारा चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई शुरू की। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने स्पष्ट किया कि आधार कार्ड को नागरिकता का अंतिम प्रमाण नहीं माना जा सकता।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ इस बात की जांच कर रही है कि क्या चुनाव आयोग के पास इस तरह का सत्यापन अभियान चलाने का कानूनी अधिकार है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि अगर उनके पास यह शक्ति नहीं है, तो मामला यहीं खत्म हो जाएगा, लेकिन अगर है, तो कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने आधार अधिनियम की धारा 9 का उल्लेख करते हुए कहा कि आधार नागरिकता का प्रमाण नहीं है और इसका सत्यापन जरूरी है। राजद सांसद मनोज झा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने तर्क दिया कि चुनाव आयोग की यह प्रक्रिया बड़ी संख्या में मतदाताओं के बहिष्कार का कारण बन सकती है, खासकर उन लोगों के लिए जो निर्धारित फार्म जमा नहीं कर पाते। उन्होंने आरोप लगाया कि 2003 से मतदाता सूची में शामिल लोगों को भी नए सिरे से फार्म भरने को कहा जा रहा है और फार्म न भरने पर, पते में कोई बदलाव न होने के बावजूद, नाम हटा दिए जा रहे हैं। कई मामलों में जीवित मतदाताओं को मृत घोषित कर दिया गया और मृत व्यक्तियों के नाम सूची में बने हुए हैं। पीठ ने कहा कि उच्च प्रतिक्रिया दर बड़े पैमाने पर नाम कटने के दावों को कमजोर करती है। वरिष्ठ अधिवक्ता सिंघवी ने कहा कि मौजूदा वोटर लिस्ट में शामिल लोगों के खिलाफ नकारात्मक धारणा बनाना गलत है। यह मामला तत्काल हस्तक्षेप का हकदार है, वरना चुनाव प्रक्रिया पर गंभीर असर पड़ सकता है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने फिर से दोहराया कि अगर सितम्बर के आखिर तक किसी भी स्तर पर अवैधता साबित हो जाती है, तो पूरी प्रक्रिया को रद्द किया जा सकता है।

## योगेंद्र यादव ने सुप्रीम कोर्ट में चुनाव आयोग के उड़ाए तोते

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग सुप्रीम कोर्ट में मामला सम्भाल ले गया था, मगर तभी योगेंद्र यादव ने सुप्रीम कोर्ट में बिहार के दो ऐसे लोगों को पेश किया, जिन्हें चुनाव आयोग ने मृत घोषित कर मतदाता सूची से नाम हटा दिया था, जबकि वे जीवित थे। उन्होंने इसे प्रक्रिया की गड़बड़ी का एक उदाहरण बताया। बिहार के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) मामले की सुनवाई मंगलवार को जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाला बागची की बेंच ने की। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं और चुनाव आयोग की दलीलें सुनीं। याचिकाकर्ताओं के वकील कपिल सिब्बल, प्रशांत भूषण, और अभिषेक मनु सिंघवी ने याचिकाकर्ताओं की ओर से दलील दी। उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया गैर-पारदर्शी और मनमानी है, जिससे लाखों मतदाताओं, खासकर गरीब और प्रवासी समुदायों का मताधिकार -शेष पृष्ठ दो पर

# वोटर वेरिफिकेशन पर राहुल ने कहा: पिक्चर अभी बाकी है

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि केवल एक सीट नहीं बल्कि बहुत सी सीटें हैं, जहां वोटर लिस्ट में गड़बड़ी की जा रही है। यह नेशनल लेवल पर सिस्टमेटिकली किया जा रहा है।

बिहार की अपडेट हुई वोटर लिस्ट में 124 साल की फर्स्ट टाइम वोटर मिंता देवी के सवाल पर राहुल ने कहा कि हां, मैंने उसके बारे में सुना है। ऐसे एक नहीं, अनलिमिटेड केसेस हैं। पिक्चर अभी बाकी है। राहुल गांधी ने कहा कि चुनाव आयोग यह जानता है और हम भी जानते हैं। पहले कोई सबूत नहीं था, लेकिन अब हमारे पास सबूत हैं। हम संविधान की रक्षा कर रहे हैं। एक व्यक्ति एक वोट संविधान की नींव है। ईसी का कर्तव्य है कि वो एक -शेष पृष्ठ दो पर

## आवारा कुत्तों के साथ क्रूरता नहीं होनी चाहिए: राहुल-प्रियंका

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता तथा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली से आवारा कुत्तों को हटाने के उच्चतम न्यायालय के निर्देश को बेजुबानों के साथ क्रूरता और एक प्रतिगामी कदम बताते हुए कहा है कि यह हमारी दशकों पुरानी मानवीय और विज्ञान-आधारित पशु कल्याण नीति को कमजोर करता है। श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दिल्ली-एनसीआर से सभी आवारा कुत्तों को हटाने का उच्चतम न्यायालय का निर्देश दशकों से चली आ रही मानवीय, -शेष पृष्ठ दो पर

अल्लामा इक़बाल यूनानी मेडिकल (यू.जी. एण्ड पी.जी.) कॉलेज एण्ड ए.सी.एन. हॉस्पिटल
रूड़की रोड मुजफ्फरनगर
की ओर से स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं
BUMS-4½ वर्षीय कोर्स
पंजीकरण प्रारम्भ - नीट क्वालिफाईड
सामान्य श्रेणी क्वालिफाईड 144 पर्सेन्टाईल
पिछड़ा वर्ग क्वालिफाई 113 पर्सेन्टाईल
15th August
प्रोफसर मुश्ताक हुसैन प्राचार्य 9897632081
तसलीम उल हक मेंनेजिंग डायरेक्टर 9837132196

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री संजय गुप्ता (एम.डी.)
श्री अमन गुप्ता (एम.डी.)
Gupta Resorts
5TH KM. STONE, VEHALNA CHOWK
DELHI-DEHRADUN HIGHWAY, MUZAFFARNAGAR

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Vijay Luxmi Optical Company (P) Ltd.
A Complete Optical Showroom in Westem U.P.
32-A, S.D. college New Market, Ph.: 9897687271
TUESDAY CLOSED
81-B, Vakil Road, New Mandi, 0131-2600782, 7599992254
SUNDAY CLOSED
Wholesale Showroom : 234, 235, 236-A, S.D. College New Market
MUZAFFARNAGAR
EMAIL: vijayluxmioptical@yahoo.co.in, Visit us : vijayluxmioptical.com

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Shah Ji Vishnu Swaroop Jewellers
MFRS. OF:
✦ POLKI JEWELLERY
✦ DIMOND
✦ GOLD
✦ KUNDAN
56/1, BHAGAT SINGH ROAD, OPP. DAL MANDI, MUZAFFARNAGAR (U.P.)
Ajay Swaroop
Madhav Swaroop

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
TCL 9001:2008 Certified Company
swastik TYRES & TUBES
CYCLE, RICKSHAW TYRES, TUBES & SPARES
M/S : SWASTIK (INDIA)
5th K.M. Meerut Road, Muzaffarnagar - 251 001 (U.P.)
Ph.: 8192061110, 8191061110

समस्त प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सिंघल इस्पात
एंगल, पत्ती, सरिया, पाईप, चादर आदि के थोक विक्रेता
अमित संगल नितिन संगल
निकट टाटा धर्मकांटा, मेरठ रोड, वहलना चौक, मुजफ्फरनगर

## संक्षिप्त समाचार

### फतेहपुर में धार्मिक स्थल के आसपास तनावपूर्ण शांति

**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में मकबरा को लेकर दो संप्रदायों के बीच हुए विवाद के बाद क्षेत्र में तनावपूर्ण शांति बनी हुई है। पुलिस ने इस मामले में दस नामजद समेत 16 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है हालांकि अब तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। इस पूरे घटनाक्रम में सबसे बड़ी भूमिका निभाने वाले भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष को नामजद नहीं किया गया है, जिससे छुटभैए भाजपा नेताओं में आक्रोश है। बीते सोमवार को शहर के आबू नगर मोहल्ले में 300 वर्ष पुराना मकबरा को एक संप्रदाय के लोगों ने शिव मंदिर घोषित किया था।

### मुंबई से दो नई अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें शुरू करेगी इंडिगो

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने सितंबर में मध्य एशियाई देशों के लिए मुंबई से दो नई उड़ानें शुरू करने की घोषणा की है। एयरलाइंस ने मंगलवार को बताया कि वह 01 सितंबर से उज्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद और 2 सितंबर से कजाकिस्तान के अल्माटी के लिए मुंबई से सीधी उड़ानें शुरू करेगी। दोनों उड़ानें सप्ताह में चार दिन होंगी।

### परिषद के बाहर गिर पड़े पूर्व मंत्री बलराम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के विधानभवन में मानसून सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को विधान परिषद की कार्यवाही में हिस्सा लेने पहुंचे पूर्व मंत्री व विधान परिषद सदस्य बलराम यादव परिषद के बाहर गिर पड़े। अचानक उनके गिरने से मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें उठाकर सोफे पर बिठाया। तकरीबन 20 मिनट बाद यादव नार्मल हुए।

# आईपीएस बीके सिंह यूपी पुलिस के नए महानिदेशक नियुक्त किए गए



**लखनऊ।** सीनियर आईपीएस अधिकारी बीके सिंह को यूपी पुलिस का नया महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त किया गया है। उनका पूरा नाम बिनोद के सिंह है और वह 1994 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। बीके सिंह मूल रूप से बिहार की राजधानी पटना के रहने वाले हैं, उनके पिता का नाम श्रीकृष्णा सिंह हैं। सिंह का जन्म नौ मई 1971 को हुआ था। बीके सिंह ने इतिहास विषय से एमए, एमफिल और एलएलबी किया है।

सीनियर आईपीएस बीके सिंह मौजूदा समय में अपर पुलिस महानिदेश साइबर क्राइम के पद पर तैनात हैं उन्हें अभी तक कई महत्वपूर्ण सम्मान से नवाजा जा चुका है। इस आशय की जानकारी राज्यपाल की आज्ञा से प्रमुख सचिव संजय प्रसाद ने दी है।

# यूपी में 67.50 लाख बुजुर्गों को मिलेगी वृद्धावस्था पेंशन

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ 2024-25 में 5599997 लाभार्थियों को मिल चुका पेंशन का लाभ

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष में 67.50 लाख पात्र बुजुर्गों तक पेंशन की राशि पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इससे पहले बीते वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में ही योगी सरकार ने अपने लक्ष्य के अनुरूप 56 लाख गरीब बुजुर्गों के खाते में 1000 रुपए प्रतिमाह की दर से पेंशन की राशि देकर उनका आर्थिक सहायता कर चुकी है।

आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि सरकार ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वर्ष 2025.26 में वृद्धावस्था पेंशन योजना में पेंशनरों का लक्ष्य 61 लाख निर्धारित किया था, जिसे पहले ही वित्तीय वर्ष में प्राप्त कर आगे का नया लक्ष्य तय किया है। इस महत्वपूर्ण फैसले से सरकार ने प्रदेश के बुजुर्गों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया है। साथ ही सिंगल नोडल एकाउंट प्रणाली ने पेंशन की प्रक्रिया को डिजिटल और पारदर्शी बनाया है, जहां पेंशन सीधे आधार, लिंक्ड खातों में जाती है, बिना किसी मध्यस्थ के। इससे सरकारी धन का सदुपयोग सुनिश्चित होता है और लाभार्थी बिना देरी के लाभ पाते हैं। एसएनए प्रणाली का इस्तेमाल न केवल वितरण को तेज करता है, बल्कि ऑडिट और ट्रैकिंग को आसान बनाता है। इससे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगता है और हर पैसे का हिसाब रखा जाता है। वृद्धावस्था पेंशन योजना योगी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का प्रमुख हिस्सा है, जो बुजुर्गों को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने पर केंद्रित है। इस योजना के तहत 60 वर्ष से अधिक उम्र के आर्थिक रूप से कमजोर वृद्धजनों को प्रतिमाह एक हजार रुपए की पेंशन प्रदान की जाती है, जिससे उनके जीवन के अंतिम वर्षों में वित्तीय परेशानियां कम होती हैं। योगी सरकार ने इस योजना को शुरू से ही प्राथमिकता दी है। 2017 में जब योजना का विस्तार शुरू हुआ, तब लाभार्थियों की संख्या 37.47 लाख थी, जो आज 67.50 लाख के लक्ष्य तक पहुंच गई है। यह वृद्धि सरकार की सक्रियता का नतीजा है, जहां विकासखंड और ग्राम पंचायत स्तर पर पात्र बुजुर्गों को चिह्नित किया गया। मुख्यमंत्री के निर्देश पर यदि तय लक्ष्य से अधिक पात्र मिलते हैं, तो उन्हें भी योजना में शामिल किया जाता है। इस योजना के तहत पिछले कुछ वर्षों में लाभार्थियों की संख्या में लगातार वृद्धि देखी गई है। वर्ष 2018.19 में 40,71,580 वृद्धजनों को इस योजना का लाभ मिला, जिसमें 187913.10 लाख रुपए की धनराशि खर्च की गई। 2019.20 में यह संख्या बढ़कर 47,99,480 हो गई और 269774.45 लाख रुपए का व्यय हुआ। 2020.21 में 51,24,155 लाभार्थियों को 369449.13 लाख रुपए की पेंशन मिली। 2021.22 में 51,92,779 वृद्धजनों को 427790.56 लाख रुपए की पेंशन दी गई। 2022.23 में यह संख्या 54,97,237 तक पहुंच गई, और इस पर कुल 608374.50 लाख रुपए खर्च हुए। 2023.24 में 55,68,590 वृद्धजनों को इस योजना का लाभ मिला है।

# फतेहपुर मामले में सरकार सख्त कदम उठाए: मायावती



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने मंगलवार को कहा कि फतेहपुर में मकबरा विवाद पर सरकार सख्त कदम उठाए जिससे सांप्रदायिक सदभाव खराब न हो सके। सुश्री मायावती ने एक्स पर लिखा कि यूपी के जिला फतेहपुर में मक़बरा व मन्दिर होने को लेकर चल रहे विवाद/बवाल पर सरकार को किसी भी समुदाय को ऐसा कोई भी क़दम नहीं उठाने देना चाहिए, जिससे वहां साम्प्रदायिक तनाव पैदा हो जाए तथा आपसी भाईचारा व सद्भाव भी बिगड़े। सरकार इस मामले को ज़रूर गम्भीरता से ले तथा ज़रूरत पड़ने पर सख्त क़दम भी उठाए। गौरतलब है कि फतेहपुर जिले के आबू नगर में सोमवार को धार्मिक स्थल पर दावे को लेकर दो समुदाय के लोग आमने सामने आ गए थे। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हिंसा फैलाने के आरोप में दस नामजद समेत 160 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## उत्तर प्रदेश विधानसभा की कार्यवाही आज तक के लिए स्थगित

# फतेहपुर मामले पर हंगामे के बीच कई बिल पेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ सपा सदस्यों ने प्रश्नकाल के बाद एक घंटे तक किया हंगामा सरकार ने दिया जवाब

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को फतेहपुर मामले को लेकर समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने प्रश्नकाल के बाद लगभग घंटे भर तक हंगामा किया, जिसकी वजह से विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही बुधवार तक के लिए स्थगित कर दी।

सपा के सदस्य फतेहपुर के मामले को लेकर लगातार सदन के भीतर नारेबाजी कर सरकार से इस मामले पर चर्चा की मांग कर रहे थे। हंगामे को देखते हुए सरकार की तरफ़ से संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने फतेहपुर मामले पर जवाब देते हुए कहा कि सरकार ने समय रहते कार्रवाई की है और एफआईआर भी दर्ज की गई है। दोषियों के खिलाफ़ विभिन्न धाराओं में मामला पंजीकृत किया गया है। सरकार इस मामले में कठोर कार्रवाई करेगी। सुरेश खन्ना के जवाब देने के बाद भी समाजवादी पार्टी के सदस्य नारेबाजी करते रहे। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सरकार ने अपना जवाब दिया है अब सपा के सदस्यों को शांत हो जाना चाहिए। लेकिन सपा की तरफ़ से नारेबाजी जारी रही। नारेबाजी बंद न होने पर हंगामे के बीच ही कैग की रिपोर्ट टेबल की गई। इसके अलावा कई अन्य महत्वपूर्ण विधेयकों को भी सदन में रखा गया। हंगामे के बीच करीब 50 मिनट तक कार्यवाही जारी रही। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही बुधवार तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले मंगलवार को सदन की कार्यवाही शुरू होते ही नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डे ने सदन के भीतर फतेहपुर का मामला उठाया और कार्य स्थगन प्रस्ताव के ज़रिए सदन में चर्चा कराने की बात कही।

### फतेहपुर में मकबरा विवाद में लिप्त पप्पू सिंह चौहान को सपा ने पार्टी से निकाला

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर में मकबरा विवाद में संलिप्तिता पाए जाने पर समाजवादी पार्टी ने अपने कार्यकर्ता पप्पू सिंह चौहान को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। हांलाकि पप्पू चौहान ने वीडियो जारी कर सपा को सनातन विरोधी बताते हुए पार्टी से इस्तीफा देने का ऐलान किया है। गौरतलब है कि फतेहपुर के आबूनगर में मकबरा को मंदिर बताते हुए हिन्दूवादी संगठनों ने सोमवार को विवादित स्थल पर पूजा अर्चना की थी। इस सिलसिले में पुलिस ने दस नामजद समेत 160 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। एफआईआर में पप्पू चौहान का भी नाम है। सपा आलाकमान ने मकबरा विवाद में पप्पू चौहान का नाम आते ही उसे पार्टी से बाहर करने का ऐलान किया। फतेहपुर में सपा के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप सिंह ने एक पत्र जारी कर कहा कि हुसैनगंज तहसील के गांव रहिमालन के पुरवा निवासी पप्पू सिंह चौहान को पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के कारण तत्काल प्रभाव से पार्टी से निष्कासित किया जाता है। इससे पहले पप्पू चौहान ने एक वीडियो जारी कर कहा कि मुस्लिमो की रहनुमा सपा वही काम करती है, जो मुस्लिमों को पसंद है। उन्हें अपने किए पर कोई अफसोस नहीं है और वह सनातनी है और सनातन के पक्ष में हमेशा खड़े रहेंगे।

# सपा के शासनकाल में था माफिया का बोलबाला: मौर्य

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में अपराधियों, माफिया का बोलबाला था। सपा के शासन में अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती थी। वर्तमान में उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त है। अपराध होता है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई भी होती है।

विधान परिषद में कानून व्यवस्था का मसला सपा की तरफ से उठाए जाने पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि पहले अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण मिलता था। मुख्यमंत्री आवास तक में अपराधियों की पैठ थी। सपा के समय में यूपी में भय का वातावरण था। 2017 के चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी अहंकार के आकाश पर चढ़ गई थी। जनता को लगा कि सपा सरकार आएगी तो फिर से वही स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। उन्होने कहा कि सपा डूबती हुई नाव है। 2017 में सपा के साथ जो हुआ वहीं 2027 में होगा। भ्रष्टाचारी, अपराधियों को राजनीति में आगे लाने का काम सपा ने किया। सपा के शासनकाल में कोई भी पर्व त्यौहार सकुशल संपन्न नहीं होते थे। 2027 में गरीबों के उत्थान के लिए फिर से भाजपा की सरकार बनेगी। इससे पूर्व नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव ने कहा कि यूपी में रक्षक ही भक्षक बन गए हैं।



सेंसेक्स 80235.59
निफ्टी 24487.40



सोना रु. 99549
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 113593
प्रति किलो



# बैंकिंग, एफएमसीजी शेयरों में बिकवाली से टूटे प्रमुख सूचकांक



मुंबई, वार्ता

घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को एक बार फिर गिरावट देखी गई और बैंकिंग तथा एफएमसीजी शेयरों में बिकवाली से प्रमुख सूचकांक लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 368.49 अंक (0.46 प्रतिशत) लुढ़ककर 80,235.59 अंक पर आ गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी 97.65 अंक यानी 0.40 प्रतिशत टूटकर 24,487.40 अंक पर बंद हुआ। सोमवार को दोनों सूचकांक करीब एक प्रतिशत की बढ़त में बंद हुए थे। निजी बैंक, वित्तीय सेवा, रियलिटी और एफएमसीजी क्षेत्र की कंपनियों के शेयरों में सबसे अधिक गिरावट रही। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद क्षेत्र की कंपनियों में भी बिकवाली हुई। ऑटो, आईटी, धातु और फार्मा सेक्टरों के सूचकांकों में तेजी रही। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 19 के शेयर टूट गए। बजाज फाइनेंस का शेयर 2.87 प्रतिशत, ट्रेंट का 1.36 प्रतिशत और हिंदुस्तान यूनीलिवर का 1.35 प्रतिशत फिसल गया। एचडीएफसी बैंक, इटरनल और आईसीआईसीआई बैंक में भी गिरावट रही। बजाज फिनसर्व, अडानी पोर्ट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारतीय स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक, टीसीएस, इंफोसिस और आईटीसी के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। वहीं मारुति सुजुकी का शेयर 2.06 फीसदी चढ़ा। टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी और टाटा स्टील के शेयर भी बढ़त में रहे। जहां बड़ी और मझौली कंपनियों में निवेशकों ने बिकवाली की, वहीं छोटी कंपनियों में विश्वास दिखाते हुए उनके शेयरों में पैसा लगाया। एनएसई में निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.04 प्रतिशत की बढ़त में रहा, जबकि मिडकैप 50 सूचकांक 0.42 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ। सौ शेयरों पर आधारित निफ्टी-100 भी 0.34 प्रतिशत टूट गया। सुबह सेंसेक्स 95.57 अंक की गिरावट में 80,508.51 अंक पर खुला और कुछ ही देर में हरे निशान में चला गया। दोपहर बाद तक सूचकांक में सीमित उतार-चढ़ाव बना रहा लेकिन आखिरी डेढ़ घंटे में मुनाफा वसूली होने से यह अंत में 368 अंक टूट गया। इस दौरान सेंसेक्स ऊपर 80,997.67 अंक और नीचे 80,164.36 अंक तक गया जो 800 अंक से अधिक का उतार-चढ़ाव है।

### सोने के दाम में गिरावट चांदी महंगी हुई

**नई दिल्ली।** सोने के दाम में मंगलवार को गिरावट दर्ज की गई है। जबकि चांदी महंगी हो गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 408 रुपए गिरकर 99,549 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले सोना 99,957 रुपए पर था। चांदी की कीमत भी 92 रुपए बढ़कर 1,13,593 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,13,501 रुपए पर थी। देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,550 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,100 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,400 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,950 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,400 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,950 रही, वहीं चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,400 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,950 थी। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,450 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,000 रही। 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 23,387 रुपए बढ़कर 99,549 रुपए पर पहुंच गया है।

# चावल महंगा, गेहूं सस्ता, दालों, खाद्य तेलों में घट-बढ़, चीनी मजबूत

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत दाम बढ़ गए जबकि गेहूं में नरमी रही। खाद्य तेलों और दालों की कीमतों में उतार-चढ़ाव का रुख देखने को मिला। चीनी में मजबूती देखी गई।

विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अक्टूबर वायदा 16 रिंगिट चढ़कर 4,400 रिंगिट प्रति टन बोला गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.08 प्रतिशत फिसलकर 52.43 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत करीब नौ रुपए बढ़कर 3,835.89 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं दो रुपए की मामूली गिरावट में 2,839.29 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा 3,293.82 रुपए प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। सरसों तेल औसतन छह रुपए प्रति क्विंटल टूट गया। मूंगफली तेल में पांच रुपए की तेजी रही। वनस्पति 65 रुपए प्रति क्विंटल मजबूत हुआ। पाम ऑयल में नौ रुपए की तेजी रही। सूरजमुखी तेल में दो रुपए की मामूली गिरावट देखी गई। सोया तेल 14 रुपए प्रति क्विंटल टूट गया। दाल-दलहनों में मसूर दाल की औसत कीमत 15 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल सात रुपए नरम हुई जबकि तुअर दाल 14 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। उड़द दाल में 15 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी रही। दाल मूंग भी सात रुपए प्रति क्विंटल मजबूत हुई। गुड़-चीनी : बाजार में गुड़ के औसत भाव 18 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गए। चीनी भी सात रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**अब फिर...**

है, जबकि स्थानीय लोग यह संख्या 60 से अधिक बता रहे हैं। इनमें 29 नेपाली मजदूर भी शामिल हैं, जिनमें से 5 से संपर्क हो चुका है और 24 अब भी लापता हैं। फिलहाल केवल एक शव बरामद हुआ है, जबकि मलबे में दर्जनों लोगों के दबे होने की आशंका है। गंगनानी से आगे लिम्चागाड़ में टूटा पुल अब के स्थान पर वैली ब्रिज तैयार हो गया है, जिससे उत्तरकाशी और धराली का संपर्क फिर से जुड़ गया, लेकिन भूस्खलन से गंगोत्री हाईवे डबारानी और धराली से पहले 350 मीटर बंद है।

**वोटर वेरिफिकेशन...** व्यक्ति एक वोट को लागू करे, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। हम ऐसा करते रहे हैं और करते रहेंगे। दरअसल संसद के दोनों सदनों में भी बिहार एसआईआर पर चर्चा की मांग को लेकर मंगलवार को भी विपक्ष ने हंगामा किया। इसके चलते लोकसभा और राज्यसभा चल नहीं पाई। सदन की कार्यवाही शुरू के होने के पहले प्रियंका गांधी समेत इंडिया ब्लॉक के सांसद मकर द्वार पर मिंता देवी के नाम और तस्वीर वाली टीशर्ट पहनकर पहुंचे। विपक्ष का दावा है कि मिंता देवी बिहार चुनाव आयोग की वोटर लिस्ट में 124 साल की फर्स्ट टाइम वोटर हैं। वहीं संसद के दोनों सदनों में बिहार एसआईआर पर चर्चा की मांग को लेकर मंगलवार को भी विपक्ष ने हंगामा किया। विपक्षी सांसदों ने कागज फाड़कर स्पीकर की कुर्सी की ओर फेंके गए। भाजपा सांसद जगदंबिका पाल सदन की कार्यवाही चला रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के उपनेता की ओर से इशारा किया गया। इसके बाद कागज फाड़कर चेयर की ओर फेंके गए। इस पर संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि आपने सदन की गरिमा गिराई है। देश आपको माफ नहीं करेगा। आपके क्षेत्र के लोग आपसे दुखी होंगे। इसके बाद लोकसभा सोमवार 18 अगस्त सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। हालांकि चुनाव आयोग से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि सीवान के दरौंदा विधानसभा की वोटर के रूप में रजिस्टर्ड मिंता देवी की उम्र 124 नहीं बल्कि 35 साल थी। उनके आवेदन में गलती के कारण उनकी उम्र में बदलाव किया गया।

**योगेंद्र यादव ने ...**

छिन सकता है। कपिल सिब्बल ने बताया कि एक निर्वाचन क्षेत्र में 12 जीवित लोगों को मृत दिखाकर उनकी वोटर लिस्ट से नाम हटाए गए। चुनाव आयोग ने कहा कि एसआईआर का उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध करना है और यह प्रक्रिया कानूनी है। आयोग ने दावा किया कि 65 लाख नाम हटाए गए, जिनमें 22 लाख मृतक और 36 लाख स्थानांतरित लोग शामिल हैं। हालांकि, आयोग ने इन नामों की सूची सार्वजनिक करने से इनकार किया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि बड़े पैमाने पर नाम हटाए गए हैं, तो वह हस्तक्षेप करेगा। जस्टिस सूर्यकांत ने पूछा कि क्या प्रक्रिया संवैधानिक है और क्या आयोग को नागरिकता सत्यापन का अधिकार है। कोर्ट ने यह भी कहा कि अगर सितम्बर 2025 तक अवैधता साबित होती है, तो पूरी प्रक्रिया रद्द की जा सकती है।

**आवारा कुत्तों...**

विज्ञान-समर्थित नीति से एक कदम पीछे है। ये बेजुबान हैं और इनसे ऐसी कोई 'समस्या' नहीं हैं जिनके कारण उनको खत्म किया जाए। उन्होंने कहा कि आश्रय स्थल, नसबंदी, टीकाकरण और सामुदायिक देखभाल के जरिये सड़कों को बिना किसी क्रूरता के सुरक्षित रखा जा सकता है। इनको क्रूरता से हटाना अदूरदर्शी है और हमारी करुणा को खत्म करता है। हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि जन सुरक्षा और पशु कल्याण साथ-साथ चलें। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि शहर के सभी आवारा कुत्तों को कुछ ही हफ्तों में आश्रय गृहों में भेजने का नतीजा उनके साथ बेहद अमानवीय व्यवहार होगा। उन्हें रखने के लिए पर्याप्त आश्रय गृह भी मौजूद नहीं हैं। शहरी परिवेश में जानवरों के साथ दुर्व्यवहार और क्रूरता होती है। निश्चित रूप से इस स्थिति से निपटने का एक बेहतर और मानवीय तरीका खोजा जा सकता है, जिससे इन मासूम जानवरों की देखभाल की जा सके और उन्हें सुरक्षित भी रखा जा सके। कुत्ते सबसे सुंदर और कोमल प्राणी होते हैं, वे इस तरह की क्रूरता के लायक नहीं हैं। उच्चतम न्यायालय ने कल दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) और नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) को राष्ट्रीय राजधानी के सभी इलाकों से आवारा कुत्तों को तुरंत हटाने का निर्देश दिया। न्यायालय ने इस बात पर जोर दिया कि हर इलाके को आवारा कुत्तों से मुक्त बनाने में कोई समझौता नहीं किया जाना चाहिए।

### बिहार वोटर यात्रा के लिए कांग्रेस के जिला समन्वयक नियुक्त

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने बिहार में वोटर अधिकार यात्रा के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मंगलवार को 25 जिला समन्वयक नियुक्त किए। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इन नियुक्तियों को मंजूरी दी है। उनकी सूची में इस प्रकार है, रोहतास में अजय राय तथा रामकिशन ओझा, औरंगाबाद में धीरज गुर्जर, गया में कमलेश्वर पटेल, नवादा के लिए दिनेश गुर्जर (विधायक), नालंदा में दिनेश गुर्जर (विधायक), शेखपुरा में संजय कपूर, जमुई में कुलदीप इंदोरा, लखीसराय में सत्य नारायण पटेल, मुंगेर के लिए नीलांशु चतुर्वेदी, भागलपुर में अशोक को नियुक्त किया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# महिलाओं का सशक्त होना जरूरी: विजया




शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। राष्ट्रीय महिला आयोग श्रीमती विजया रहाटकर ने कहा कि 2047 के विकसित भारत के लिये महिलाओं का सशक्त होना जरूरी है। इसलिये परिवार के लोग भी महिला जन प्रतिनिधियों को अपना सहयोग दे।

श्रीमती विजया रहाटकर आज जनमंच में राष्ट्रीय महिला आयोग एवं दीन दयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान के सहयोग से 'शी ईज ए चेंज मेकर' एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं को आरक्षण मिला था जिसे अब विधानसभा एवं लोकसभा में भी लागू कर दिया गया है। महिला हर गांव एवं क्षेत्र में प्रगति करे। आप लोगों को जनता की सेवा का इतना बड़ा अवसर मिला है। निर्वाचित महिलाएं परिवार का सहयोग लेते हुए स्वयं कार्य करें। सरकार ने बड़ा अवसर दिया है इसलिए आप समस्याओं को स्वयं हल करें। पुरुषों को चाहिए कि पत्नी, एवं बेटियों का सहयोग करे। उन्होने कहा कि महिलाएं भी पुरुषों से सहयोग से आगे बढ़ती है। सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी रखे एवं आमजन को योजनाओं का लाभ दिलाने में मदद करें। सोशल मीडिया का बेहतर ढंग से प्रयोग कर कार्य करे। इससे आमजन के मध्य आपकी प्रशंसा होती है। उन्होने महिला जनप्रतिनिधियों को राजनैतिक, आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त होने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होने कहा कि आधी आबादी का मजबूत होना बहुत जरूरी है। उन्होने बेटी बचाओ-बेटी पढाओ के स्लोगन को सशक्त करने पर बल दिया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री अवास योजना, हर घर जल योजना, उज्ज्वला योजनाओं का उल्लेख किया। विभिन्न योजनाओं में दिए जाने वाले बैंक लोन की जानकारी दी तथा सरकार की सभी योजनाओं की जानकारी लेकर महिलाओं तक पंहुचाने का सशक्त माध्यम बनें एवं अपनी पहचान बनाएं। अध्यक्ष ने कहा कि अभिभावकों को समझाते हुए बाल विवाह रोकने का भी प्रयास करे। महिलाओं को लोन संबंधी विभिन्न योजनाओं के बारे में बताकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में मदद करें। सरकार की योजनाओं को साथ लेकर चले। आप बदलाव एवं विकास का संकल्प लेकर गांवों को आगे बढ़ाएं। हम आपके साथ है। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि महिलाएं महिला शक्ति ही नहीं बल्कि चेंज मेकर है। जहां का जनप्रतिनिधि सशक्त होता है वंहा विकास होता है। महिला जो आधी आबादी को प्रेजेंट करती है वह त्याग, बलिदान एवं संवेदनशीलता का प्रतीक है। महिलाएं अपने अधिकारों का प्रयोग करे।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, जॉइंट मजिस्ट्रेट विनोद कुमार मीणा, उपजिलाधिकारी श्वेता पांडे सहित राष्ट्रीय महिला आयोग एवं दीन दयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान के पदाधिकारी उपस्थित रहे।









# विकलांग को एक साल तक भटकाता रहा आपूर्ति विभाग

## तहसील में भटकते देख भड़के एसडीएम

शाहटाइम्स सवांददाता

**खतौली।** अपने राशन कार्ड में परिवार की 6 यूनिट को चढ़ाने के लिए एक विकलांग व्यक्ति घंटे से तहसील में परेशान हालत में घूम रहा था। जिसे देख एसडीएम द्वारा उससे पूछताछ करने के बाद संबंधित विभाग के अधिकारियों और कर्मचारी को जमकर फटकार लगाते हुए पीड़ित विकलांग की यूनिट चढ़ाने के आदेश दिए। विकलांग व्यक्ति का कहना था कि वह राशन कार्ड में यूनिट चढ़वाने के लिए 1 साल से अधिकारियों के चक्कर लगा रहा है।

गरीब और विकलांग व्यक्ति के साथ एक साल तक की सरकारी बेरुखी ने मंगलवार को तहसील परिसर में अधिकारियों की पोल खोल दी। जंधेड़ी जाटान निवासी विकलांग अरविंद पुत्र अभेराम, अपने राशन कार्ड में परिवार की यूनिट जुड़वाने के लिए बार-बार आपूर्ति विभाग के चक्कर काट रहा था, लेकिन अफसरशाही की सुस्त चाल ने उसकी सुनवाई नहीं की। मंगलवार को पीड़ित फिर तहसील पहुंचा, हाथ में पुराना राशन कार्ड, चेहरे पर थकान और आंखों में आंसू लिए। जब एसडीएम राजकुमार तहसील का राउंड ले रहे थे, उनकी नजर इस बेबस विकलांग पर पड़ी। उन्होंने तुरंत उसे रोका और पूरा मामला पूछा। जहां उसने बताया कि साहब, एक साल हो गया है। परिवार में छह लोग हैं, बच्चों का भी नाम चढ़वाना है। आपूर्ति विभाग हर बार कोई न कोई बहाना बनाकर टाल देता है। इतना सुनते ही एसडीएम का पारा सातवे आसमान पर चढ़ गया। वे तुरंत अरविंद को अपने साथ लेकर आपूर्ति कार्यालय पहुंचे। जहां वहां मौजूद बाबू और कर्मचारियों को सामने खड़ा कर उन्होंने कड़े शब्दों में फटकार लगाई। एसडीएम की सख्ती का असर ऐसा हुआ कि कुछ ही मिनटों में अरविंद के राशन कार्ड में पूरे परिवार की यूनिट जोड़ दी गई। इस कार्रवाई से तहसील परिसर में हड़कंप मच रहा।



### 17 अगस्त को बुढ़ाना में है पीडीए जन पंचायत......

# पिछड़े-दलित-अल्पसंख्यकों का लगेगा मेला?

( नसीम कुरैशी )

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढाना में ऐसा पहली बार होगा जब समाजवादी पार्टी के मंच पर पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक समाज के लोग एक साथ दिखेंगे। जिसकी तैयारियां पिछले माह से सपा के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र पाल के द्वारा बड़े ही जोरों शोरों से की जा रही है।

बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र में कई संभावित उम्मीदवारों में से किसी एक व्यक्ति को टिकट देने में सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव की नजर भी इस कार्यक्रम पर लगी है। उनके द्वारा ही इस कार्यक्रम को हरी झंडी दी गयी है। इस कार्यक्रम में वह खुद भी शामिल हो जाते लेकिन मौजूदा सरकार को घेरने की कवायद में उनकी व्यवस्तता बहुत ही ज्यादा बताई जा रही है। फिर भी वे इस जन पंचायत में अपने प्रतिनिधि के रूप मे समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल को बुढ़ाना भेज रहे हैं। श्री पाल गड़रिया समुदाय से आते हैं। अगर देखा जाए तो पूर्वी उत्तर प्रदेश में इस बिरादरी के मतदाताओं की खासी तादाद है। इससे पहले श्री पाल पार्टी में प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर थे। पाल प्रयागराज के एक जन सेवा इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य थे। जो दो साल पहले ही रिटायर हुए थे। वे पहले पार्टी की पाल महासभा से जुड़े थे। वे एक समर्पित पार्टी कार्यकर्ता हैं। अगर देखा जाए तो अब उनके सफल नेतृत्व में पार्टी को सांप्रदायिक ताकतों का मुक. ाबला करने के लिए एक नई ऊर्जा मिल रही है। श्री पाल ने बीते वर्ष 2007 में अपना दल के टिकट पर प्रयागराज की प्रतापपुर विधानसभा सीट से विधानसभा चुनाव लड़ा था बाद में उसी वर्ष वे सपा में शामिल हो गये थे। अब उनकी बिरादरी के ही सत्येंद्र जो पीडीए जन पंचायत के जरिए बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र में उस समय अपनी ताकत आजमाने को आतुर दिखाई पड़ रहे हैं जब उनसे अलग भी अन्य कई लोग बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र से अखिलेश यादव से टिकट मांग रहे हैं। अगर देखा जाए तो सच ये ही है कि अन्य कई संभावित उम्मीदवार मात्र होर्डिंग व बैनरों तक सीमित हैं जबकि सत्येंद्र सपा को मजबूत करने के इरादे से रात दिन बुढ़ाना क्षेत्र के लोगों के बीच मे दिखाई पड़ते हैं। ये नहीं कि 17 अगस्त की तैयारियों को लेकर ही वे जनता के बीच जा रहे हैं। इससे पूर्व भी वे अपने कालेज में बड़ा प्रोग्राम कर भारी भीड़ जुटाकर ये साबित तो कर ही चुके हैं कि वाकई में इस क्षेत्र में उन जैसा मेहनती कोई भी नहीं। अब देखना ये है कि 17 अगस्त को बुढ़ाना फैज गार्डन में होने जा रही पीडीए पंचायत कितनी सफल होती है सबकी निगाहें इस पंचायत को लेकर लगी है।

### चोरी के सामान सहित तीन गिरफ्तार

**सिखेड़ा/जानसठ।** पुलिस ने चोरी की घटना में वांछित तीन चोरों को गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद किया है। सिखेड़ा के गांव मोघपुर निवासी आशु कुमार पुत्र रमेश ने थाने में अज्ञात चोरों द्वारा ट्रैक्टर का लोहे का सामान चोरी करने की तहरीर दी थी। पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया था। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि अलग अलग जगहों पर सीसीटीवी कैमरों को चौक किया गया। सीसीटीवी कैमरे व मुखबिर की मदद से सोमवार को गांव मोघपुर तिराहे के पास से तीन चोरों विमल शर्मा पुत्र देवदत्त शर्मा व विशाल कश्यप उर्फ जंगी पुत्र विकास कश्यप निवासी गांव मोघपुर, थाना सिखेड़ा तथा विकास फौगाट पुत्र जगपाल सिंह निवासी गांव करनावल, थाना सरूरपुर, जनपद मेरठ हाल पता गांव मोघपुर, थाना सिखेड़ा को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इन चोरों के कब्जे से चोरी किए ट्रैक्टर का सामान, दो तमंचे, कारतूस, चाकू तथा चोरी की बाइक बरामद होना बताया है। पुलिस ने तीनों चोरों को न्यायालय के समक्ष पेश किया।

# बाल सुधार गृह का निरीक्षण कर प्रबंध समिति ने परखी व्यवस्था

## बैठक में दिए गए दिशा-निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** मंगलवार को राजकीय संप्रेक्षण गृह (किशोर) आर्यपुरी में प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई।

प्रबंधन समिति द्वारा राजकीय संप्रेक्षण गृह (किशोर) का निरीक्षण भी किया गया।

संस्था में निरुद्ध किशोरों से उनकी समस्या एवम सुझावों पर चर्चा की गई । बैठक में संस्था प्रभारी मोहित कुमार, प्रबंधन समिति सदस्य डा राजीव कुमार,मंजू शर्मा सदस्य किशोर न्याय बोर्ड, विधि सह परिवीक्षा अधिकारी हेमलता , मनोज कुमार मनोसामाजिक कार्यकर्ता, जिला चिकित्सालय से चिकित्सक डॉ गौरव कुमार , शिक्षक शारिक हुसैन तथा पूजा देवी सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा प्रतिभाग किया गया।

प्रबंधन समिति की बैठक में राजकीय संप्रेक्षण गृह (किशोर) में निरुद्ध किशोरों हेतु उपलब्ध सुविधाओं जैसे शिक्षा ,चिकित्सा एवम भोजन, वस्त्र व अन्य आवश्यकताओं एवम उनके सर्वांगीण विकास हेतु विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर राजकीय सम्प्रेक्षण गृह स्टाफ उपस्थित रहा।



मुजफ्फरनगरः बाल सुधार गृह का निरीक्षण करने पहुंची समिति।

# पाठ्य पुस्तक की गतिविधियों पर हुई जोरदार चर्चा

**बुढ़ाना।** बीईओ की अध्यक्षता में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान व एनसीईआरटी पाठ्ड पुस्तकों पर आधारित शिक्षक प्रशिक्षण आयोजित हुआ। जिसमें एआरपी नरेश कुमार, संजीव कुमार, रविशंकर, अमीर अहमद व क्षमा जांगिड़ द्वारा प्रशिक्षण शुरु किया गया। प्रार्थना सभा के बाद दिवस 2 के सत्र शुरु हुए। दिवस 1 के दोहराव के बाद कक्षा 1 व 2 की निपुण सूची को समझाया। कक्षा 1 व 3 के बच्चों में मौखिक तर्क शीलता विकसित करना बताया। ब्लेंडिंग व ग्रिड के प्रभावी उपयोग के माध्यम से शब्द पठन को विस्तृत रुप में समझाया। कक्षाएं 1 व 3 की पाठ्ड पुस्तक व कार्य पुस्तिका की गतिविधियों पर बच्चों की सहायता करने की रणनीति व रिमीडियल शिक्षण कार्य की रणनीति पर चर्चा हुई। शिक्षण के दौरान समावेशी वातावरण का निर्माण करने पर विस्तृत चर्चा हुई। सब एआरपी द्वारा प्रशिक्षण को बड़ी मेहनत के साथ किया गया। बीईओ किरण यादव द्वारा प्रशिक्षण कक्षाओं का निरीक्षण किया गया व प्रतिभागियों से प्रश्न उत्तर के माध्यम से प्रशिक्षण की गुणवत्ता का परीक्षण किया गया। प्रतिभागियों द्वारा जवाब देने की स्थिति में उन्होने सबकी प्रशंसा की। यहां सरिता देवी, आनंद मलिक, संदीप कुमार, अजय कुमार, राजीव कुमार, रविंद्र राणा, सुरेंद्र पाल तोमर, विकास कुमार, सुभाष चंद्र, रविकांत, मोहम्मद खालिद, रीतू, राजीव, पारुल, कंवरपाल, दामिनी, राकेश गोयल, महबूब, नौशाद, जितेंद्र, अंजना, पूजा, शीतल आदि ने प्रतिभाग किया।



# जिला गन्ना अधिकारी ने किया कई गांवों का भ्रमण

**बुढ़ाना।** उप गन्ना आयुक्त परिक्षेत्र सहारनपुर के निर्देशानुसार मंगलवार को चीनी मिल बुढ़ाना परिक्षेत्र के अन्तर्गत गांव मदीनपुर खिजरपुर, शाहडब्बर, उमरपुर, भसाना, बुढ़ाना, अलीपुर अटेरना, रसूलपुर दभेड़ी, टोड़ा, कल्याणपुर व गोयला आदि गांवों का जिला गन्ना अधिकारी मुजफ्फरनगर संजय सिसौदिया, सचिव सहकारी गन्ना विकास समिति बुढ़ाना ब्रजेश राय, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक संजय सिंह, वरिष्ठ महाप्रबन्धक गन्ना ललित तोमर एवं सहायक महाप्रबन्धक गन्ना विकास बालियान की टीमों द्वारा भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान गन्ने की फसल में कीट एवं बीमारियों के प्रकोप तथा हिण्डन नदी में आये अत्यधिक पानी से खेतों में हुए जलभराव का निरीक्षण किया गया। बाढ़ प्रभावित रक्बों का स्थलीय दौरा कर किसानों को कीट एवं बीमारी के बचाव तथा जलभराव से निपटने के सम्बन्ध में आवश्यक सुझाव प्रदान किए गए व साथ ही जिला गन्ना अधिकारी द्वारा किसानों से अपील की गयी कि जिन खेतों में जल भराव की समस्या हैं उन खेतों में पानी उतरने के उपरान्त उपयुक्त फंफूदनाशी जैसे कार्बनडाजिम या थायोफिनेट मिथाईल 400 ग्राम एवं एनपीके 19:19:19 2 किला. ग्राम 250- 300 लीटर पानी में घोल बनाकर पर्णीय छिडकाव करें। भ्रमण के दौरान कुछ खेतों में सफेद मक्खी के आपतन के कारण पत्तियों में पीलापन दिखाई दिया जिसके लिए इमीडाक्लोरप्रिड 17.8 एसएल की 300 एमएल या एसीटामेप्रिड 25 प्रतिशत की 150 ग्राम मात्रा एवं एनपीके 19रू19रू19- 2 किलो ग्राम 250- 300 लीटर पानी में घोल बनाकर प्रति एकड़ की दर से पर्णीय छिड़काव करें।



### तमन्चे सहित एक युवक गिरफ्तार

**मीरापुर।** बीती रात मीरापुर पुलिस ग्राम कुतुबपुर के ईदगाह चौराहे के पास गश्त कर रही थी उसी दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपी एक तमन्चा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया।

मीरापुर पुलिस सोमवार की रात ग्राम कुतुबपुर के ईदगाह चौराहे के आसपास गश्त कर रही थी। उसी दोरान एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को घूमते हुए नजर आया। पुलिस के ललकारने पर यह व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 315 बोर का तमन्चा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सूरज उर्फ मन्नी पुत्र सुभाष ग्राम कुतु. बपुर थाना मीरापुर बताया।

# भाजपा की भव्य बाइक तिरंगा यात्रा में देशभक्ति के नारों से गूंजा नगर

शाह टाइम्स संवाददाता

**मीरापुर।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी मीरापुर विधानसभा के मीरापुर मंडल द्वारा हहर घर तिरंगाह्व अभियान के तहत भव्य बाइक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का शुभारंभ सैनी शिव मंदिर, मैन रोड मीरापुर से हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष कार्तिक काकरान, मंडल प्रभारी रविन्द्र बेनीवाल और संयोजक एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष सचिन ठाकुर मौजूद रहे।

तिरंगा यात्रा में सैकड़ों बाइक सवार शामिल हुए, जिन पर तिरंगे लहराते रहे। यात्रा मैन बाजार, चौक बाजार, पड़ाव चौक और मोहल्ला खटीकान से होते हुए पुनः सैनी मंदिर पर आकर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में भारत माता की जय और वंदे मातरम के गगनभेदी नारे गूंजते रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से इन्दर सिंह कश्यप, प्रधुम्न शर्मा, डॉ. प्रवीण शर्मा, मोहन सैनी, अशोक सैनी, रूप सिंह प्रजापति, सतेंद्र चौधरी, अभिषेक गर्ग, जसपाल सिंह, विकास चौहान, अमरदीप, सतीश छाबड़ा, चन्द्रपाल चौहान, असीम शर्मा और संजय गिरी सहित अनेक कार्यकर्ता व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य नागरिकों में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना को और प्रबल करना है। तिरंगा केवल एक झंडा नहीं, बल्कि हमारे स्वतंत्रता संग्राम और बलिदानों का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से आ]वान किया कि वे राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दें और देश की अखंडता, एकता और समृद्धि के लिए सदैव प्रयासरत रहें। बाइक तिरंगा यात्रा के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने मिलकर तिरंगे के सम्मान में सलामी दी और देश के लिए समर्पण की शपथ ली। कार्यक्रम देशभक्ति और उत्साह के माहौल में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### सार्वजनिक सूचना

मेरे पुत्र **लक्ष्य पंवार** की कक्षा 5 की टी0सी0 (गोल्डन बेलस पब्लिक स्कूल) में मेरी पत्नि का नाम **गीता पंवार** भूलवश दर्ज हो गया था जबकि मेरी पत्नि का सही नाम **गीता** है। इस समय मेरा पुत्र **लक्ष्य पंवार ग्रीन चेम्बर पब्लिक स्कूल** मु0नगर में कक्षा 9 का छात्र है, अब से सभी जगह मेरी पत्नि का नाम गीता ही पढ़ा व लिखा जाये।

**अनिल कुमार पुत्र सोहनवीर**
गांव नंगला मुबारिक, डा0 कवाल, मुजफ्फरनगर।

### नोटिस

नोटिस मिनजानिब श्रीमति शकीला पत्नी मौहम्मद आलम निवासी ग्राम बागोवाली परगना व तहसील व जिला मुजफ्फरनगर द्वारा संजीव कुमार एडवोकेट, चैम्बर नं0 एच-18, कलक्ट्रेट कोर्ट कम्पाउन्ड, मुजफ्फरनगर, जनपद मुजफ्फरनगर। बनाम
श्री मोहम्मद हुसैन पुत्र मोहम्मद मूसा निवासी ग्राम बागोवाली, डाकखाना खास, परगना तहसील व जिला मुजफ्फरनगर।

अपनी व्यवहारी की हस्ब हिदायत के तहत इस नोटिस के द्वारा आप नोटिसी को सूचित किया जाता है कि आप नोटिसी ने ग्राम बागोवाली, परगना तहसील व जिला मुजफ्फरनगर में स्थित खसरा नं0 864 में एक आवासीय प्लाट पैमाईशी पूरब 149 फुट 3 इंच, पश्चिम-155 फुट 2 इंच, उत्तर-24 फुट 6 इंच, दक्षिण- 20 फुट 6 इंच, कुल क्षेत्रफल 380.52 वर्गगज में अपने कुल हक व हिस्से यानि 1/7 भाग यानि क्षेत्रफल 54.36 वर्गगज (45.45 वर्गमीटर) सम्पति जिसके पूरब में रास्ता 15 फुट चौडा, पश्चिम में प्लाट श्रीमति शकीला (मेरी व्यवहारी) उत्तर में-भूमि साबुल हसन आदि तथा दक्षिण में रास्ता 20 फुट चौडा स्थित है को 1,50,000/- रूपये में विक्रय करने का सोदा तय किया था तथा आप नोटिसी ने दिनांक 17-4-2025 में उपरोक्त प्लाट का बैनामा कराने के लिये तहसील सदर मुजफ्फरनगर में दस्तावेज लेखक मौहम्मद अजमल खाँ की सीट पर इस बाबत बैनामा की तहरीर मेरी व्यवहारी व गवाहान मुजम्मिल पुत्र मौहम्मद आलम, शहरान पुत्र मौहम्मद आलम निवासीगण ग्राम बागोवाली के सामने दस्तावेज लेखक से टाईप कराकर सुनकर व समझकर व स्वयं पढकर बैनामा दिनांक 17-4-2025 की तहरीर पर अपने हस्ताक्षर किये थे तथा अंगूठा लगाया था तथा फोटो चस्पा कराया था तथा मेरी व्यवहारी से सम्पति उपरोक्त का विक्रय मूल्य अंकन 1,50,000/- रूपये (एक लाख पचास हजार रूपये) का चैक नम्बरी 000365 दिनांकित 17-4-2025 आई सी आई सी आई बैंक शाखा कोर्ट रोड मुजफ्फरनगर का प्राप्त कर लिया था और मेरी व्यवहारी ने भी बैनामे की तहरीर पर अपने हस्ताक्षर व अंगूठे लगाये थे तथा अपना फोटो चस्पा कराया था। गवाहान उपरोक्त ने भी अपने फोटो चस्पा कराकर अपने अपने हस्ताक्षर बैनामा दिनांक 17-4-2025 की तहरीर पर किये थे। बैनामा दिनांक 17-4-2025 को पंजीकरण के लिये उपनिबन्धक कार्यालय सदर प्रथम में समय 2.45 बजे प्रस्तुत किया जाना था तथा मेरी व्यवहारी व गवाहान उपरोक्त दस्तावेज लेखक के साथ बैनामा की तहरीर के साथ 2.45 बजे उपनिबन्धक सदर प्रथम मुजफ्फरनगर के कार्यालय में पहुँच गये थे परन्तु आप विपक्षी बदनीयती व बेईमानी की नीयत से बैनामा दिनांक 17-4-2025 की तहरीर को पंजीकृत कराने के लिये उपनिबन्धक कार्यालय तहसील सदर प्रथम मु0नगर के कार्यालय में उपस्थित नही आये तथा मेरी व्यवहारी व गवाहान आपका इन्तजार शाम 5 बजे तक करते रहे। परन्तु आप नोटिसी बैनामा को पंजीकृत कराने के लिये नही आये। मेरी व्यवहारी ने कई मर्तबा आप नोटिसी से स्वंय कहा व कहलवाया कि आप बैनामा दिनांक 17-4-2025 की तहरीर को उपनिबन्धक कार्यालय तहसील सदर मुजफ्फरनगर में उपस्थित होकर पंजीकृत करा दे परन्तु आप नोटिसी लगातार टाल मटौल करते चले आ रहे हैं। इसलिये इस नोटिस के द्वारा आप नोटिसी को सूचित किया जाता है कि आप नोटिसी दिनांक 14-8-2025 में उपनिबन्धक कार्यालय तहसील सदर मुजफ्फरनगर में उपस्थित होकर बैनामा दिनांक 17-4-2025 की तहरीर को मेरी व्यवहारी के हक में पंजीकृत करा दे मेरी व्यवहारी गवाहान बैनामा के साथ दिनांक 14-8-2025 में उपनिबन्धक कार्यालय तहसील सदर मुजफ्फरनगर में उपस्थित मिलेगी यदि आप नोटिसी दिनांक 14-8-2025 में बैनामा दिनांक 17-4-2025 की तहरीर को पंजीकृत कराने के लिये हाजिर नहीं आते है तो मेरी व्यवहारी बैनामा दिनांक 17-4-2025 की तहरीर को आपकी अनुपस्थिति में ही उपनिबन्धक कार्यालय तहसील सदर मुजफ्फरनगर में पंजीकृत करायेगी।
अतः नोटिस के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आप नोटिसी दिनांक 14-8-2025 में उपनिबन्धक कार्यालय तहसील सदर मुजफ्फरनगर में हाजिर आकर बैनामा दिनांक 17-4-2025 की तहरीर को पंजीकृत करा दे वरना मेरी व्यवहारी बैनामा दिनांक 17-4-2025 की तहरीर को एकतरफा कानूनन पंजीकृत करायेगी।
नोटिस हाजा साफ है। कोई भी तथ्य छिपाया नही गया है तथा नोटिस की एक प्रति मेरे कार्यालय में सुरक्षित है आप भी सम्भाल कर रखे ताकि वक्त जरूरत पर काम आवे। इति।
स्थानः मुजफ्फरनगर दिनांकः 5-8-2025 नोटिस देहन्दा, द्वारा एडवोकेट

### सपा जिलाध्यक्ष ज़िया चौधरी ने किया खादर में बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा



**मुजफ्फरनगर।** मीरापुर विधानसभा क्षेत्र के खादर के गांवों में बाढ़ से किसानों की फसलों सहित अन्य भारी नुकसान का समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष ज़िया चौधरी एडवोकेट ने पहुंचकर दौरा किया तथा स्थानीय क्षेत्रवासियों से मिलकर बाढ़ की विभीषिका पर समस्त जानकारी प्राप्त की।

क्षेत्रवासियों ने जिलाध्यक्ष ज़िया चौधरी ने गंगा बैराज पर बंधे पर पहुंचकर बाढ़ के आने से किसानों की फसलों के नुकसान को देखकर तथा बंधे के मजबूत इंतजाम के लिए जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर से फोन पर वार्ता कर क्षेत्रवासियों व किसानों के नुकसान से अवगत कराकर उनकी सहायता की मांग की।

जिलाध्यक्ष ज़िया चौधरी एडवोकेट ने कहा कि उन्होंने बाढ़ की विभीषिका झेल रहे किसानों तथा क्षेत्रवासियों से उनके बीच पहुंचकर समस्त पीड़ा को जानकर जिलाधिकारी महोदय से वार्ता की है। उन्होंने बताया कि वह बाढ़ पीड़ित किसानों व क्षेत्रवासियों की समस्त रिपोर्ट सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं को भी भेज रहे हैं।

# 15 से 24 अगस्त तक आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर में मिलेगा नि:शुल्क परामर्श

**खतौली।** मंगलवार को कस्बा खतौली के आवास विकास कॉलोनी में आयुर्वेदिक स्वास्थ्य को घर-घर पहचाने के लिए भारत धारा नेचुरल फार्मिंग प्रोडयूसर कंपनी द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें कंपनी के पदा. धिकारी द्वारा आयुर्वेदिक आयुर्वेद के बारे में जानकारी दी और लोगों से आयुर्वेद से जुड़ने को लेकर अपील भी की गई प्रेस वार्ता में बताया कि आयुर्वेद को लेकर कस्बे में एक जागरूक स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया जाएगा।

भारत धारा नेचुरल फार्मिंग प्रोडड्सर कंपनी के तत्वावधान में 15 से 24 अगस्त 2025 तक आवास विकास कॉलोनी, खतौली में नि:शुल्क परामर्श एवं समग्र आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुय अंजलि ममगई ने कहा कि चिकित्सा, थेरेपी और औषधियाँ संस्थागत सहयोग से केवल लागत मूल्य पर उपलब्ध कराई जाएँगी।

आयोजकों ने बताया कि यह शिविर जनकल्याण के उद्देश्य से है, लाभ के लिए नहीं। उन्होंने बताया कि शिविर में प्राकृतिक चिकित्सा, योग, पंचकर्म और आयुर्वेद को एकीकृत करते हुए विभिन्न असाध्य और जटिल रोगों का समाधान किया जाएगा। शिविर में डॉक्टर कमल तोरीभाई कमलानंद , पूर्व सचिव, भारत सरकार, 50 से अधिक पुस्तकों के लेखक और विज़न इन एक्शन के प्रवर्तक, विशेष मार्गदर्शन देंगे और डॉ. प्रशांत चतुर्वेदी ,स्व. राजीव दीक्षित के सहयोगी, वेदाचार्य व आयुर्वेदाचार्य,डॉ. राम असाध्य रोग एवं पेन मैनेजमेंट विशेषज्ञ सीएमओ डॉक्टर फिन्दू वेलनेस ग्रुप जीवंचन्द उप्रेती योग एवं अध्यात्म गुरु, आयुष मंत्रालय प्रमाणित प्रशिक्षक,डॉ. राधा कान्त वत्स आयुर्वेदाचार्य व प्राकृतिक चिकित्सा विशेषज्ञ मौजूद होंगे। शिविर की प्रमुख विशेषताओ के बारे बताते हुय कहा कि नि:शुल्क परामर्श एवं जीवनशैली मार्गदर्शन, असाध्य एवं जटिल रोगों का आयुर्वेदिक समाधान, बिना सर्जरी, बिना साइड इफेक्ट के प्राचीन उपचार पद्धतियाँ, दशविध परिक्षण द्वारा सम्पूर्ण स्वास्थ्य जाँच होगी। आयशा को क्या कहना था कि आयुर्वेद को घर-घर पहुंचना उनके मकसद है। प्रेस वार्ता में अंजलि ममगई, ओम पाल सिंह डायरेक्टर, अजय जनमेजय, धीरज अहलावत बबलू, शकुंतला देवी, मिंटू सैनी, सुरेन्द्र सिंह सिकंदर पुर, अंकित प्रधान पलड़ी, राजीव धामा, अमित धामा व अन्य उपस्थित रहे।



### गांव बिराल में बोले स्वामी यशवीर जी महाराज

## थूक मूत्र जिहादी गैंग से ना लें पूजा का सामान



**बुढ़ाना।** योग साधना केन्द्र बघरा के पीठाधीश्वर स्वामी यशवीर जी महाराज ने आज मंगलवार के दिन ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के गांव बिराल में स्थित एक मंदिर में पहुंचकर कई ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी 15 अगस्त और 16 अगस्त को श्री कृष्ण जन्माष्टमी का त्यौहार श्रद्धाभक्ति के वातावरण में मनाया जाएगा। इसलिए सनातनी धर्म के सभी लोग श्री कृष्ण जी की पूजा पाठ के लिए किसी भी थूक, मूत्र या जिहादी गैंग की दुकान से पूजा पाठ का सामान, मावा, खोया या मिठाई आदि खाद्य पदार्थ बिल्कुल ना खरीदें। सिर्फ सनातनी धर्म को मानने वाले लोगों की दुकानों से ही ये सभी सामान खरीदें। कुल मिलाकर उन्होंने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर मावा, मिठाई या पूजा का अन्य सामान हिन्दुओं से ही खरीदने की अपील की।

# पीडीए के लिए मिल रहे अपार जन समर्थन का हमेशा रहूंगा ऋणी: सत्येन्द्र पाल

**बुढ़ाना।** विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आगामी 17 अगस्त को बुढ़ाना के फैज गार्डन में आयोजित होने वाली पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक पीडीए महापंचायत के जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत ग्राम शिकारपुर एवं कपूरगढ़ से सैंकड़ों ट्रैक्टरों के काफिले के साथ हिंदू मुस्लिम एकता का शानदार प्रदर्शन करते हुए ग्रामवासियों ने समाजवादी पाटद्ध के लोकप्रिय नेता सत्येंद्र पाल एवं अन्य सपा नेताओं का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। गाँव में प्रवेश करते ही माताओं, बहनों, बुजुर्गों, हिंदू मुस्लिम युवाओं ने जगह जगह फूल बरसाकर गुलदस्ते देकर स्नेह और समर्थन व्यक्त किया। इस अवसर पर 02 किलोमीटर से भी अधिक लंबा जनसंपर्क अभियान चलाया गया। तत्पश्चात सत्येंद्र पाल ने पूरे गांव में पैदल यात्रा करते हुए घर घर जाकर 17 अगस्त की महापंचायत का निमंत्रण दिया और ग्रामीण बैंक के समीप स्थित मंदिर प्रांगण में पहुंचे जहां सर्वसमाज की मजबूत भागीदारी को देखते हुए उनका मंचासीन स्वागत किया गया। कार्यक्रम में गाँव के विपिन पाल, विक्की पाल, रवि पाल, शिवम पाल, आशीष पाल, सहदेव पाल, विक्रांत पाल, ओमवीर पाल, विनोद पाल, कालू पाल, धर्मवीर पाल, अंकुर कश्यप, शीशपाल कश्यप, ओमी प्रधान, संदीप गौतम, सचिन जाटव, समर कश्यप, इरशाद राणा व इस्लाम प्रधान आदि ने पीडीए जन पंचायत की सफलता हेतु संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओमपाल प्रधान ने एवं संचालन पुष्पेंद्र बालियान ने किया। सभा में जुल्फिकार कुरैशी ने कहा हम सब हिंदू-मुस्लिम के साथ साथ सच्चे हिंदुस्तानी हैं। हमारा फर्ज है कि 17 अगस्त को पीडीए जन पंचायत में एकजुट होकर सत्येंद्र पाल के हाथों को तन-मन-धन से मजबूत करें तभी युवाओं और देश का भविष्य सुरक्षित रहेगा। विधानसभा अध्यक्ष अकरम खान ने कहा कि प्रत्याशी आते जाते रहते हैं लेकिन सत्येंद्र पाल हमेशा दबे कुचले लोगों की आवाज बनकर खड़े रहते हैं। मुख्य वक्ताओं में इस्लाम प्रधान ने कहा कि बुढ़ाना को सत्येंद्र पाल जैसे ईमानदार और शिक्षा जगत में प्रसिद्ध नेता की आवश्यकता है। 17 अगस्त को पाल समाज के साथ मुस्लिम समाज भी ट्रैक्टरों, साइकिलों, मोटर साइकिलों एवं अन्य वाहनों से महापंचायत में पहुंचेगा और एक स्वर में उन्हें प्रत्याशी घोषित करने की मांग करेगा। अपार जन समर्थन से उत्साहित सत्येंद्र पाल ने कहा कि मैं पीडीए समाज का ऋणी हूँ। समाजवादी सिपाही के रूप में दबे कुचले लोगों की आवाज उठाने के साथ शिक्षा, खेल और रोजगार के क्षेत्र में कार्य करूंगा। सपा सरकार आने पर माता-बहनों और युवाओं के लिए राजमाता अहिल्याबाई होलकर के नाम से जितनी भी योजनाएं आएंगी उन्हें सर्व समाज को समर्पित करूंगा। इस अवसर पर आमिर प्रधान, इरशाद राणा, इस्तकार, मेहरबान राणा, सियानंद, राधेश्याम, विनोद, ओम प्रधान, रमेश, काजू, सुमित जोगी कपूरगढ़, नट्, धर्मवीर व सचिन जाटव सहित अनेक लोगों ने विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया। मुख्य वक्ताओं में मास्टर अशोक जोगी, इकबाल कुरैशी, रविंद्र प्रधान जोगी, रविंद्र पाल, सलीम कुरैशी, योगेश, योगेश बालियान, साहेब अंसारी व मासूम अली ने 17 अगस्त को महाप. चायत को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प दोहराया। जन पंचायत में विना. द, सहदेव, ओमवीर, बिंदर पाल, मोनू पाल, रविन्द्र टेकेदार, शीशपाल, इरशाद राना, मोनू राणा, बाला देवी, सुखबीरी देवी व आमवती देवी समेत हजारों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।



### नाम परिवर्तन

मेरा पूरा नाम शमीम मलिक है जबकि मेरी पत्नि के पासपोर्ट में मेरा नाम सिर्फ शमीम ही अंकित है जो कि पूर्ण रुप से गलत है। इसलिए अब भविष्य में मुझे शमीम मलिक के नाम से ही जाना और पहचाना जाए।

**प्रार्थीः शमीम मलिक पुत्र हमीद, हाऊस नंबर 185, मौहल्ला तेलियान, गांव जौला, तहसील बुढ़ाना, जिला मुजफ्फरनगर, यूपी।**

### सूचना

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2010 अनुक्रमांक 0622585 का अंक पत्र सह प्रमाण पत्र व कक्षा 12 वर्ष 2012 अनुक्रमांक 0624888 का अंक पत्र व सह प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है।

**रेनू पुत्री श्री रामनरेश**
**गांव सादपुर चरथावल**
**जिला-मुजफ्फरनगर**

## एमडीए का बड़ा एक्शनः

# 64 बीघा अवैध कॉलोनी जमींदोज, पांच जगह चला बुलडोज़र

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** कस्बे में वर्षो से भूमाफियाओं द्वारा बिना नक्शा पास कराए और बिना अनुमति के काटी जा रही अवैध कॉलोनियों पर आखिरकार खतौली विकास प्राधिकरण (एमडीएद्ध गहरी नींद से जाग उठा। सोमवार को एमडीए ने दो बुलडोजरों के साथ एक साथ मोर्चा खोलते हुए जानसठ मार्ग और बुढाना मार्ग पर अवैध कॉलोनियों को जमींदोज कर दिया। कार्रवाई के दौरान मौके पर अफरा-तफरी का माहौल रहा और भूमाफियाओं में हड़कंप मच गया।

मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण (एमडीए) ने मंगलवार को खतौली में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 64 बीघा भूमि को बुलडोज़र से समतल कर दिया।

मंडलायुक्त सहारनपुर मण्डल के निर्देश और एमडीए उपाध्यक्ष कविता मीना के आदेश पर पांच अलग-अलग स्थलों पर ध्वस्तीकरण अभियान चलाया गया। जेई राजीव कोहली, जेई उमेश कुमार, एई ए.के. जैन और नायब तहसीलदार राजीव त्यागी के नेतृत्व में टीम ने सबसे पहले जानसठ मार्ग पर ग्राम गंगधाड़ी में 6 बीघा, फिर ग्राम लाडपुर में दो स्थलों पर 6 और 10 बीघा, बुढाना रोड नहारिया धर्मकांटे के पीछे 25 बीघा और बिजलीघर के पीछे 17 बीघा पर चल रही अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त किया। एमडीए अधिका. रियों ने बताया कि संबंधित



भू-स्वामियों को पहले ही नोटिस और चालानी कार्रवाई की जा चुकी थी, लेकिन प्लॉटिंग नहीं रोकी गई। इसलिए मंगलवार को यह कड़ी कार्रवाई की गई। ऑपरेशन के दौरान प्राधिकरण की टीम और स्थानीय पुलिस बल बड़ी संख्या में मौजूद रहा।

# ऐकेटीयू ने बीआईटी संस्थान को अनुसंधान को नोडल केंद्र घोषित किया

**मीरापुर।** डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम तकनीकी बिवविद्यालय, लखनऊ ने भगवन्त इंस्टीटड्ट ऑफ टेक्नोलॉजी को अनुसंधान कार्यों के लिए अपना नोडल केंद्र घोषित किया है। इस अवसर पर बीआईटी के निद. ेशक डॉ. अनुराग विजय अग्रवाल ने जानकारी दी कि बिवविद्यालय ने उत्तर प्रदेश के 15 तकनीकी महाविद्यालयों को अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने हेतु अल्टेयर इंजीनियरिंग सॉफ्टवेयर का कमर्शियल ग्रेड लाइसेंस उपलब्ध कराया है।

इस महत्वपूर्ण उपलब्धि से संस्थान में उत्साह का माहौल है। संस्थान के चेयरमैन डॉ. अनिल सिंह ने सभी शिक्षकों और स्टाफ को बधाई दी और इसे बीआईटी के लिए गौरव का विषय बताया। इस अवसर पर निदेशक डॉ. अनुराग विजय अग्रवाल, सह निद. ेशक डॉ. पुष्पनील वर्मा, सी.ए. दुष्यंत कुमार, डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ. आदित्य कुमार शर्मा, डीन डॉ. अजय सिंह, फार्मेसी के प्रिंसिपल डॉ. सचिन सिंघल, नर्सिंग की प्रिंसिपल डॉ. विजया डी., इंजीनियर निकुल चौधरी, गौरव राजपूत सहित अन्य संकाय सदस्य मौजूद रहे। सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि अल्टेयर एक बहुराष्ट्रीय सॉफ्टवेयर और टेक्नोलॉजी कंपनी है, जिसकी स्थापना 1985 में ट्रॉय, मिशिगन द्धयूएसएऋ में हुई थी। यह कंपनी प्रोडक्ट डिजाइन, इंजीनियरिंग सिम. ुलेशन, डेटा एनालिटिक्स, हाई-परफॉर्मेंस कम्प्यूटिंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्रों में अत्याधुनिक समाधान प्रदान करती है। इसके प्रमुख सेवा क्षेत्र ऑटोमोबाइल, एयरोस्पेस, डिफेंस, इलेक्ट्रॉनिक्स, हेल्थकेयर और मैन्युफैक्चरिंग हैं। सह निदेशक डॉ. पुष्पनील वर्मा ने इस उपलब्धि को भगवन्त ग्रुप के लिए अनुसंधान के क्षेत्र में मील का पत्थर बताया।

## संक्षिप्त समाचार

### रूड़ी के सामने मजबूत चुनौती नहीं दे पाये बालियान

**मुजफ्फरनगर।** कांसटीटयूशन क्लब ऑफ इण्डिया नई दिल्ली के बहुचर्चित चुनाव में पूर्व सांसद डा.संजीव बालियान अपना जादू चलाने में पूरी तरह से कामयाब नही हो पाये। उन्होंने पिछले 25 वर्षो से क्लब के सचिव रहे पूर्व केन्द्रीय मंत्री और सांसद राजीव प्रताप रूड़ी के वर्चस्व को चुनौती देकर साहस तो दिखाया लेकिन कुल वोटों में से मात्र 707 सांसद/पूर्व सांसदों ने ही मतदान किया। संजीव बालियान की जीत के प्रति आश्वस्त उनके सैंकड़ो समर्थक भी आज दिल्ली में ही रहे। उनका मानना था कि श्री बालियान पार्टी केन्द्रीय नेतृत्व के इशारे पर ही चुनाव लड रहे है इसलिए उनकी निश्चित है, लेकिन मतगणना जब शुरू हुई तो वह हर चरण में पिछड़ते चले गये। कुल 26 राउण्ड की मतगणना होनी है। 15वें राउण्ड में ही बालियान रूडी से 145 वोटों से पिछड चुके थे इससे उनके समर्थकों का जोशन भी ठंडा पड गया।

### नदी में पानी आने पर नेताओं ने किया भाकियू कार्यालय का निरीक्षण

**बुढ़ाना।** मंगलवार की अल सुबह हुई अच्छी बारिश ने जहां मौसम में सकून पैदा कर दिया वहीं हिंडन नदी के पानी में भी बढ़ोतरी हुई है। इसी को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकेत गुट के जिला संगठन मंत्री विकास त्यागी प्रधान ने अन्य भाकियू कार्यकर्ताओं के साथ हिंडन नदी किनारे स्थित



भाकियू के निर्माणधीन कार्यालय का निरीक्षण किया कि कहीं यहां हिंडन नदी में ज्यादा पानी आने के चलते जमीन में कटाव तो नहीं हो गया या कोई नुक्सान तो नहीं हो गया। इस निरीक्षण में भाकियू नेता को सब कुछ सही मिला। जिला पदाधिकारी विकास त्यागी प्रधान ने बताया कि कार्यालय को कोई खतरा नहीं है।

## ई-रिक्शा चोरी, सीसीटीवी में कैद चोर

**खतौली।** कस्बे के सद्दीकनगर में एक युवक की ई-रिक्शा घर के बाहर से चोरी हो गई। चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसके आधार पर पुलिस चोर की तलाश में जुट गई है।सद्दीकनगर निवासी इस्लामुद्दीन पुत्र नसीर अहमद ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता है। मंगलवार को वह मजदूरी कर ई-रिक्शा लेकर घर पहुंचा। खाना खाने के लिए उसने रिक्शा को घर के बाहर खड़ा किया और अंदर चला गया। कुछ देर बाद बाहर आकर देखा तो रिक्शा गायब थी। इस्लामुद्दीन ने आसपास तलाश की, लेकिन रिक्शा का कोई पता नहीं चला। पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर अज्ञात चोर के खिलाफ तहरीर दी और पुलिस से रिक्शा बरामद कराने की मांग की। वहीं, चोर रिक्शा चोरी कर ले जाते समय वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। पुलिस फुटेज के आधार पर चोर की शिनाख्त में जुटी है।

# लक्ष्य ने अधिवक्ताओं संग निकाली तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** लक्ष्य समाज संस्था की ओर से हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत संस्था के अध्यक्ष तज़कीर मुशीर एडवोकेट के नेतृत्व में कचहरी में हर चौम्बर तिरंगा अभियान चलाकर सभी चौम्बर व जिलाधिकारी कार्यालय, एसएसपी कार्यालय व सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय पर तिरंगा वितरण किया गयाद्य

संस्था के अध्यक्ष तज़कीर मुशीर एडवोकेट ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारी टीम ने देशभक्ति से ओतप्रोत होकर आज अपने परिवार अधिवक्ता समाज के बीच तिरंगा वितरण किया है, उन्होंने कहा कि तिरंगा हमारे देश की आन-बान-शान है जब तक मुझमें प्राण है तब तक मैं अपने देश के लिए समर्पित हूं और तिरंगा वितरित करते हुए स्वयं को बहुत गौरवान्वित महसूस किया है। संस्था के सचिव तिरंगा यात्रा के संचालक रागिब आलम ने जय हिन्द-जय भारत और हिंदुस्तान



जिंदाबादके नारों व देशभक्ति शायरी से तिरंगा यात्रा पूर्ण करते हुए पूरी टीम का उत्साहवर्धन किया। संरक्षक महबूब आलम अंसारी एड ने मुख्य भूमिका निभाते हुए सबसे आगे रहकर हर चौम्बर पर तिरंगा की महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारी निभाई। संस्था के कोषाध्यक्ष अमीर अहमद अंसारी एड., उपाध्यक्ष उस्मान राणा व संस्था के सबसे मज़बूत स्तमभ काशिफ़ मुशीर एड., मो नवाज़ एड. व अल्ताफ अंसारी ने देश के प्रति अपना जज़्बा दिखाते हुए अपने दोनों हाथों में तिरंगे लेकर लहराते हुए पूरी कचहरी का भ्रमण कर सभी अधिवक्ता साथियों से स्वतंत्रता दिवस वाले दिन तिरंगा फहराने की पुरज़ोर अपील की।

# भाजपाइयों ने निकाली तिरंगा बाइक रैली

**भोपा।** भाजपा ने भोपा में तिरंगा बाइक रैली निकाली। रैली कस्बे के मुख्य मार्ग व मुख्य बाजार से शुरू होकर यूसुफपुर के बलिदानी लोकेश सहरावत के शहीद स्मारक युसुफपर जाकर सम्पन्न हुई। भोपा भाजपा मंडल के अध्यक्ष संजय कोरी के नेतृत्व में तिरंगा बाइक रैली निकाली गई। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ वीरपाल निर्वाल ने रैली को रवाना किया और रैली में शामिल भी रहे। तिरंगा रैली कस्बे से शुरू हुई जो निकट के गांव यूसुफपुर के बलिदानी लोकेश सहरावत की स्मृति स्थल पर सम्पन्न। सभी ने बलिदानी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। डॉ निर्वाल ने देश की आजादी से जुड़ी हुई कई घटनाओं के बारे में अपने विचार रखें। मंडल अध्यक्ष संजय कोरी,इरम अली,घनश्याम नायक, प्रधान तरुण कुमार, कुणाल वालिया,संजू राठी,भीष्म दास महाराज,अमित कश्यप,रविंद्र चौधरी आदि उपस्थित रहे।



## विद्युत कर्मचारियों ने निविदाकर्मी हटाने को लेकर दिया धरना

**बुढ़ाना।** एक निविदा कर्मी को हटाने के विरोध में विद्युत कर्मचारियों ने आज मंगलवार के दिन बारिश के चलते बुढ़ाना विद्युत विभाग के अधिशासी अघभियंता के कार्यालय के सामने अनिश्चित कालीन धरना दिया। धरनास्थल पर निविदा कर्मचारियों ने कहा कि जब तक उनकी मांग पूरी नही होगी तब तक उनका यह अनिघश्चितकालीन धरना बराबर जारी रहेगा। मिली जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों द्वारा नई कम्पनी उर्मिला इंटरनेशनल सर्विसेज प्राइवेज लिमिटेड को चार एसएसओ के स्थान पर तीन एसएसओ को डयूटी पर रखने का आदेश दिया गया है। इसी आदेश के अनुपालन में उक्त कम्पनी के द्वारा विद्युत वितरण खंड बुढ़ाना के एक एसएसओ को हटा दिया गया है। जिसके विरोध में सभी कर्मचारियों ने घ्अधिशासी अघभियंता कार्यालय के सामने अनिघश्चितकालीन धरना शुरु कर रखा है। कर्मचारियों ने कहा है कि जब तक उनकी मांग पूरी नही होती तब तक उनका धरना जारी रहेगा। धरनास्थल पर कोई भी अघधिकारी उनके बीच नही पहुंचा। जिसको लेकर कर्मचारियों में अधिकरियों के प्रति भारी रोष है। इस मौके पर सोनू कुमार, कुलदीप, उमरदीन, राकेश कुमार, दीपक सैनी, प्रशांत और अंकित कुमार सहित दर्जनों की संख्या में निविदा कर्मचारी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि इस धरने को भाकियू का भी समर्थन मिला हुआ है। जिसमें बुधवार के दिन भाकियू द्वारा कोई निर्णय भी लेने की बात है।

# उप प्रधानाचार्य भारत शिक्षक रत्न पुरस्कार से सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** मेपल्स एकेडमी बुढ़ाना के उप प्रधानाचार्य क्षितिज श्रीवास्तव को भारत शिक्षक रतन पुरस्कार से विगत दिवस सम्मानित किया गया। मिली जानकारी के अनुसार नई दिल्ली लायंस ओलंपियाड फाउंडेशन के अंतर्गत मेपल्स एकेडमी के उप प्रधानाचार्य क्षितिज श्रीवास्तव को भारत शिक्षक रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया।

यह प्रतिष्ठित पुरस्कार उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में उनके अनुकरणीय योगदान, कर्तव्य परायणता, समर्पण एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किए गए विशेष प्रयासों के लिए प्रदान किया गया। इस अवसर पर मेपल्स एकेडमी के प्रबंधक राजीव गर्ग ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल



भविष्य के लिए शुभ कामनाएं दी। सम्मान प्राप्त करने के उपरांत क्षितिज श्रीवास्तव ने लायंस ओ. लिंपियाड फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया। फाउंडेशन द्वारा विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने एवं शिक्षकों को प्रेरित करने की इस पहल की सराहना की। एकेडमी परिवार, छात्र, छात्राओं और अभिभावकों ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त कर उप प्रधानाचार्य क्षितिज श्रीवास्तव को बधाई दी। ये सम्मान निश्चित रूप से शिक्षा की गुणवत्ता व प्रेरणा का प्रतीक है। यहां वर्षा चौधरी, मीनाक्षी राज, आशीष, अमित पंवार, परिधि गुप्ता व शांतनु आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# चेयरपर्सन प्रतिनिधि का बर्थडे धूमधाम से मनाया

**बुढ़ाना।** नगर पंचायत बुढ़ाना की महिला चेयरपर्सन के प्रतिनिधि और डीसीडीएफ के पूर्व चौयरमेन सुबोध त्यागी का जन्मदिन बड़ी ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ बुढ़ाना नगर पंचायत के वार्ड नंबर 13 के सभासद इमरान कुरेशी के आवास पर मनाया गया। इस आयोजन में बुढ़ाना कस्बे के कुरैशी समाज के लगभग सभी जिम्मेदार लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और सुबोध त्यागी को जन्मदिन की मुबारकबाद दी। यहां पर पहुंचे सुबोध त्यागी का सबसे पहले फूल मालाओं से स्वागत किया गया और उसके बाद केक काटने की रस्म अदा



की गयी और सुबोध त्यागी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए फोटो सैल्फी ली गयी। सुबोध त्यागी ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से एक दूसरे से मिलने का मौका मिलता है। हम सभी समय समय पर भी एक दूसरे के त्योहारों में शामिल होते हैं और एक सांप्रदायिक सौहार्द बनाए हुए हैं।

ईश्वर यह प्यार इसी तरह से हमेशा बनाए रखे। इस दौरान यहां पर मुख्य रुप से सभासद योगेश प्रजापति, सभासद इमरान कुरैशी, सभासद सलीम कुरैशी, सभासद राशिद भूरु कुरैशी, सभासद इकबाल कुरेशी, सभासद राशिद मंसूरी, पूर्व सभासद अहसान कुरैशी, डाक्टर नदीम कुरैशी, आमान मंसूरी, शाहनवाज कुरैशी, आरिश कुरैशी, फानू कुरैशी, इनाम कुरैशी दानिशघ मंसूरी मौजूद रहे।

## पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने जावेद बाबर की कमर थपथपाई

**पुरकाजी।** सपा नेता शारिक फरीदी जावेद बाबर की अगवाई में कई दर्जन पीडीए नेताओ ने दिल्ली में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निवास पर मुलाकात की। जहां अखिलेश यादव ने सभी नेताओं को विश्वास दिलाया कि अगर उनकी 2027 में सरकार आती है तो वह गरीब मजलूम किसान मजदूर के लिए बेहतर कार्य करेंगे और किसी भी किस्म की कोई परेशानी नहीं होगी। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा किसान नेता जावेद बाबर की कमर थपथपाई और उनसे क्षेत्र की समस्याओं के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर सभी किसान नेताओ ने अखिलेश यादव को 2027 में साथ रहने का बिवास दिलाया इस मौके पर शारिक फरीदी, चौधरी अखिलेश, जावेद बाबर पुरकाजी, इमदाद फरीदी , उपेंद्र मुखिया राज. कुमार शाह नजर मनोज मुख्य लोग मौजूद रहे।



# निर्माणाधीन अस्पताल से लाखों की चोरी, कॉलोनी में मचा कोहराम

### पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शुरू की जांच

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** कस्बे की दयालपुरम कॉलोनी में मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक निर्माणाधीन अस्पताल से लाखों रुपये का सामान चोरी होने की खबर फैली।

बीती रात अज्ञात चोरों ने अस्पताल भवन का ताला तोड़कर धावा बोला और कीमती सामान पार कर दिया। नगर के पक्काबाग निवासी जावेद अख्तर पुत्र सिराजुद्दीन दयालपुरम कॉलोनी में अस्पताल का निर्माण करा रहे हैं। जावेद के अनुसार, मंगलवार सुबह जब वह निर्माण स्थल पर पहुंचे तो बिखरा सामान और टूटा ताला देखकर उनके होश उड़ गए। उन्होंने बताया कि चोर बिजली फिटिंग के 10 बंडल, पानी का मोटर, तूफान पंखा, करीब छह कुंतल एंगल स्क्रैप और सैकड़ों औजार चोरी कर ले गए। चोरी गए सामान की कीमत लगभग पांच लाख रुपये आंकी गई है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। वहीं, कॉलोनीवासियों में इस वारदात को लेकर दहशत का माहौल है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

# कुरथल में पैदल तिरंगा यात्रा में उमड़ी भीड़

**बुढ़ाना।** स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर देश के वीर बलिदानियों और ऑपरेशन सिंदूर के सम्मान में बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के बुढाना मण्डल के गांव कुरथल मे बीती सोमवार की देर सायं भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा बड़ी ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ पैदल तिरंगा यात्रा गांव की मुख्य गलियों में को निकाली गयी। इस यात्रा में भारी भीड़ उमड़ पड़ी और देशभक्ति के नारे जमकर लगाए गये।

यह यात्रा शिव मंदिर से शुरु हुई। यहां पर मुख्य अतिथि बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक उमेश मलिक रहे जबकि अति विशिष्ट अतिथियों के रुप में को ऑपरेटिव बैंकों के चेयरमेन ठाकुर रामनाथ सिंह और शाहपुर नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष प्रमेश सैनी संयुक्त रूप से रहे। यह तिरंगा यात्रा लगभग तीन किलोमीटर



पैदल चलकर गांव के शिव मंदिर पर ही जाकर समाप्त हुई।

यात्रा के दौरान अमर शहीदों का बलिदान याद करेगा हिन्दुस्तान और वंदे मातरम, भारत माता की जय के नारों से माहौल देशभक्ति से ओतप्रोत हो गया। हर घर तिरंगा शौर्य यात्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यहां मोनू प्रधान, विनीत शर्मा, मोहित योगी, सचिन चौहान, आशीष चौहान बडकता प्रधान, पुनीत पंवार, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष शिवम् निमेश आदि भाजपा कार्यकर्ता ग्रामीण उपस्थित थे।

# IIT रुड़की की टीम ने एसडीए इंजी. में आयोजित किया वर्चुअल लैब वर्कशॉप

**मुजफ्फरनगर।** एसडी इंजी. एंड टेक्नोलॉजी मुजफ्फरनगर में आज आईआईटी रुड़की की टीम द्वारा वर्चुअल लैब पर एक विशेष वर्कशॉप का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के नेशनल मिशन ऑन एजुकेशन थ्रू ICT के अंतर्गत आयोजित हुआ। वर्कशॉप का संचालन आईआईटी रुड़की, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग से पंकज सैनी Project Assistant Virtual Labs और हरीशंकर कुमार राम ने किया। वर्चुअल लैब का उद्देश्य छात्रों को महंगे उपकरणों और जटिल सेटअप के बिना भी प्रयोग और अनुसंधान करने का अवसर प्रदान करना है। इसमें विद्यार्थी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर ही वास्तविक परिस्थितियों जैसे प्रयोग, माप, और परिणामों का अनुभव कर सकते हैं। वर्कशॉप में छात्रों को 'विभिन्न विषयों के प्रयोगों के सिम. ुलेशन करने का अवसर मिला', जिसमें उन्होंने खुद सेटिंग बदलकर, पैरामीटर एडजस्ट कर के, और लाइव रिजल्ट देखकर गहरी समझ हासिल की। कॉलेज की Computer Science, Electronics & Communication, Artificial Intelligence, Information Technology, Mechanical Engineering और Electrical Engineering शाखाओं के कुल 98 प्रतिभागियों ने इस वर्कशॉप में सक्रिय रूप से भाग लिया। छात्रों ने इसे अत्यंत उपयोगी, प्रेरणादायक और तकनीकी दृष्टि से समृद्ध अनुभव बताया। कॉलेज के सचिव अनुभव कुमार ने कहा, IIT रुड़की जैसी प्रतिष्ठित संस्था से हमारे छात्रों को सीधे मार्गदर्शन मिलना हमारे लिए गर्व की बात है। इस तरह के



तकनीकी प्रशिक्षण हमारे विद्यार्थियों को उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करते हैं। कॉलेज के निदेशक डॉ. सिद्धार्थ शर्मा ने कहा, वर्चुअल लैब न केवल प्रयोगों को सुलभ बनाती है, बल्कि छात्रों में अनुसंधान और नवाचार की भावना को भी बढ़ावा देती है। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए और कॉलेज प्रबंधन ने IIT रुड़की की टीम का आभार व्यक्त किया।

# श्री कुन्द कुन्द जैन इंटर कॉलेज में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** मंगलवार को भारतीय मानक ब्यूरो, देहरादून शाखा कार्यालय के तत्वावधान में स्टैंडर्ड क्लब के अंतर्गत एक विशेष शैक्षणिक गतिविधि आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में तिरंगा झंडा विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को राष्ट्रीय ध्वज के मानकों, महत्व एवं गरिमा के विषय में जागरूक किया गया। इस अवसर पर शुचि द्विवेदी द्धरिसार्स पर्सन भारतीय मानक ब्यूरो,शाखा देहरादूनऋ ने बताया कि भारतीय मानक ब्यूरो भारत में राष्ट्रीय मानक निर्धारित करने वाली संस्था है। यह उपभोक्ता मामलों, खाद्य एवं सार्वजनिक वित्त मंत्रालय के अधीन कार्य करती है, उन्होने हॉलमार्क, अनिवार्य रजिस्ट्रेशन, इको मार्क, मैनेजमेंट सर्टिफिकेशन स्कीम एवं आईएसआई मार्क के साथ ही विभिन्न प्रकार के लिंक एवं एप के बारे में विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई गयी। मेंटर राजकुमार जैन ने विद्यार्थियों को भारत के राष्ट्रीय ध्वज से जुड़े नियमों, रंगों का अर्थ, झंडा संहिता तथा 'फ्लैग कोड ऑफ इंडिया' की जानक. ारी सरल व प्रभावी ढंग से प्रदान की। बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विषय से संबंधित प्रश्न पूछे और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। इस दौरान बच्चों में उत्साह का माहौल रहा। निर्णायक मंडल ने लेखों का मूल्यांकन मौलिकता, प्रस्तुति, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और भाषा की स्पष्टता के आधार पर किया। प्रतियोगिता के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए। प्रतियोगिता में उत्तीर्ण बच्चों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य अनुराग जैन ने भारतीय मानक ब्यूरो का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियाँ विद्यार्थियों में राष्ट्रीय चेतना, वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा गुणवत्तापूर्ण सोच को विकसित करती हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन



स्टैंडर्ड क्लब प्रभारी एवं विद्यालय के शिक्षकों के सहयोग से संपन्न हुआ। क्लब मेंटर मैदान गोपाल ने इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों में देशभक्ति की भावना के साथ-साथ गुणवत्ता के प्रति जागरूकता भी बढ़ाते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण एवं सभी स्टैंडर्ड क्लब सदस्य छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। यह कार्यशाला न केवल ज्ञानवर्धक रही बल्कि विद्यार्थियों में मानकों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने में सफल रही। अन्त में प्रधानाचार्य ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि को विद्यालय स्मृति चिन्ह भेटकर उनका आभार व्यक्त किया। कार्यशाला को सफल बनाने में ,समस्त स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

# रामध्वज की नगर परिक्रमा और वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच ध्वज स्थापना

**मीरापुर।** श्रीराम लीला मंडल मीरापुर के तत्वावधान में परंपरागत रामध्वज शोभायात्रा बैंड-बाजों के साथ निकाली गई और पुरानी रामल. ीला बाजार में ध्वज की स्थापना की गई। इस धार्मिक अनुष्ठान में नगर के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में रामभक्त शामिल हुए।

गतवर्षों की भांति इस वर्ष भी शोभायात्रा का शुभारंभ मोहल्ला कबूलपुरा स्थित शिव मंदिर से हुआ। बैंड-बाजों की मधुर धुनों और हजय श्रीरामह के उद्घोष के साथ यात्रा नगर परिक्रमा करती हुई रामलीला बाजार पहुंची। वहां वैदिक मंत्रोच्चारण और पूजा-पाठ के बीच ध्वज की स्थापना की गई। पं. अनिरुद्ध शास्त्री ने रामचरितमानस का पूजन कर सभी भक्तों को आशीर्वाद दिया। पूजन के उपरांत श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया गया। श्रीराम लीला मंडल समिति के अध्यक्ष पंकज संगल ने जानकारी दी



कि इस बार रामलीला का 159वां सत्र 16 सितंबर 2025 से आरंभ होगा, जिसमें स्थानीय कलाकारों द्वारा रामलीला के विभिन्न प्रसंगों का मंचन किया जाएगा। रामलीला का समापन 2 अक्टूबर को संध्याकालीन रामजी की भव्य आरती के साथ होगा। उन्होंने बताया कि यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है और नगरवासियों की धार्मिक आस्था एवं सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष पंकज संगल, राजेश शर्मा, वासुदेव शर्मा, आशीष संगल उर्फ आशु, तेजपाल वर्मा, घनश्याम दास अग्रवाल, निर्मला शर्मा, कमलेश शर्मा, निशांत माहेश्वरी, रमन रस्तौगी, कमल गोयल, प्रवीण गुप्ता, अनीता शर्मा, पुनीत रस्तौगी, मधुर बैन छाबड़ा, मोहित अग्रवाल, ब्रजभूषण अग्रवाल, विकास वर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारों के बीच मदरसा छात्रों ने निकाली विशाल तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** विश्व विख्यात इस्लामिक शिक्षण संस्थान दारुल उलूम के छात्रो ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत विशाल तिरंगा यात्रा निकाली। इस दौरान हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारो के बीच छात्रों ने आजादी और वतनपरस्ती के तराने गाए। देशभक्ति के नारों ने लोगों में देशभक्ति की भावनाओं को उजागर किया।

दारुल उलूम की दारुल कुरान मंजिल से तिरंगा यात्रा का शुभारंभ संस्था के मोहतमिम मुफ्ती अबुल कासिम नौमानी, उपजिलाधिकारी युवराज सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी रविकांत पाराशर, नगरपालिका अधिशासी अधिकारी राजपति बैस ने किया। तिरंगा यात्रा में मदरसा छात्र सफेद कुर्ता पायजामा और टोपी पहन तिरंगा हाथों में लिए थे। तिरंगा यात्रा सहारनपुर मुजफ्फरनगर स्टेट हाईवे, तल्हेड़ी चुंगी, मोहल्ला बड़जियाउलहक, दारुलउलूम चौक






से होते हुए संस्था के परिसर में स्थित प्रसिद्ध रशीद पर पहुंच कर संपन्न हुई। उपजिलाधिकारी युवराज सिंह ने बताया कि आजादी का अमृत महोत्सव के तहत पिछले वर्ष की भांति इस बार भी हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। दो अगस्त से 15 अगस्त तक तीन चरणों में चल रहे इस अभियान में तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही है। इस अभियान में घरों और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों और सरकारी संस्थानों पर तिरंगा फहराया जाएगा। हर घर तिरंगा फहराया जाए, इसके लिए रैली समेत विभिन्न माध्यमों से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। अंत में मो. हतमिम अबुल कासिम नौमानी ने अधिकारियों और अतिथियों को धन्यवाद दिया। इस दौरान पालिका के सफाई निरीक्षक पोपिन कुमार, विकास चौधरी, मोहम्मद अकबर, बिरला सूद्ध, नरेंद्र कुमार आदि लोग शामिल रहे। **उधर,** राजकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय में हर घर तिरंगा घर-घर तिंरगा अभियान के तहत एनएसएस की ओर से रैली का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्रांगण से आरंभ हुई रैली बाला सुंदरी मंदिर के परिसर से होती हुई मलिक कॉलोनी, सांपला खत्री मार्ग को होते हुए वापस महाविद्यालय में आकर संपन्न हुई। इस मौके पर डॉ. शाहनजर, प्राचार्य प्रोफेसर अतुल शर्मा, डॉ. कुसुम लता, डॉ. टीना, डॉ. आरिफ, डॉ, गौरव बालियान, डॉ, विनीत कुमार आदि शामिल रहे।

## तिरंगा यात्रा के दौरान देश भक्ति नारों की रही गूंज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** भाजपाइयों ने तिरंगा यात्रा निकाली। इस दौरान देशभक्ति नारों की गूंज रही। यात्रा के माध्यम से भाजपाइयों ने अभियान को सफल बनाने का आहवान किया।

सुभाष चौक पर तिरंगा यात्रा का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष डा. महेंद्र सैनी, पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग, नगराध्यक्ष अरुण गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर पालिक. ाध्यक्ष विपिन कुमार गर्ग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में ऐसा वातावरण बनाया है कि भारतवासी देश के प्रति समर्पित भाव से हर पल को उत्सव के रूप में मना रहे हैं। कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में भारत पूरे विश्व में एक मजबूत आर्थिक शक्ति बनकर उभरा है। तिरंगा यात्रा रेलवे रोड, एमबीडी



चौक, मेन बाजार, सर्राफा बाजार, हनुमान चौक होते हुए मित्तरसेन चौक पर पहुंच कर समाप्त हुई।

नगर उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष मनोज सिंघल, शिवराज सिंह रोड, विपिन भारतीय, नितिन गुप्ता, डा. प्रदीप वर्मा, सभासद विपिन त्यागी, अंकित राणा, विशाल गर्ग, चौ. रविंद्र, पवन धीमान, सुनील धीमान, पवन धीमान, आलोक खटीक आदि भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे।

# साइबर ठगी के शिकार वक्कार अहमद की राशि कराई वापस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** साइबर ठगो द्वारा ठगी का शिकार हुए देवबंद निवासी की साइबर टीम ने 62 हजार रुपये से अधिक की राशि उसके खाते में वापिस कराई। हालांकि साइबर ठगो ने उससे इंवेस्टमेंट के नाम पर तीन लाख 50 हजार रुपये धोखाधड़ी कर हड़प लिए थे। साइबर टीम के मुताबिक आरोपियो के अलग-अलग बैंक खातो को होल्ड कराए गए। शेष धनराशि की वापसी के लिए विधिक कार्रवाई की जा रही है। मोहल्ला खानकाह निवासी वक्कार अहमद से साइबर ठगो ने बीती एक मार्च को इंवेस्टमेंट के नाम पर धोखाधडी कर साढ़े तीन लाख रुपये अलग-अलग बैंक खातों में हड़प लिए थे। जिसकी शिकायत 13 जून को पीडित द्वारा कराई गई थी। साइबर टीम ने साइबर आरोपियो के खिलाफ धारा 318 (4) बीएनएस की धारा 66 डी आईटी एक्ट के अंतर्गत दर्ज कर कार्रवाई प्रारंभ की। मामला दर्ज होने के बाद साइबर हेल्प डैस्क टीम ने कार्रवाई करते हुए अलग-अलग बैंक खातों में जमा किए गए एक लाख 58 हजार रुपये को होल्ड कराया। जिनमे से 62508 रुपये गुजरात के जामनरगर स्थित बैंग ऑफ बड़ौदा से वक्कार अहमद के खाते में वापिस कराए गए। मंगलवार को रुपये प्राप्त कर वक्कार अहमद ने साइबर टीम का आभार व्यक्त किया।

## टेंट व्यापार एसो. की बैठक

**नजीबाबाद।** टैंट व्यापार एसोसिएशन की एक बैठक का आयोजन मैरिज हॉल में हुआ। अध्यक्षता तसनीम सिद्दीकी ने की एवं संचालन मौहम्मद सलीम ने किया। बनारस से आए अभिलेश वर्मा, मौहम्मद हसीन आजाद, जितेंद्र कुमार गुप्ता, मनोज रावत अचछू, अनिल मौर्य, रोहित पाठक, मौहम्मद अख्तर, सुभाष धवन, लड्न खां, साबिर जैदी, मनोज टांक, दीपक अग्रवाल, निसार अहमद, मौहम्मद असलम, अनिल गोयल आदि ने भाग लिया। बैठक में जनपद के भारी संख्या में टैंट व्यापारी शामिल हुए।

## तिरंगा यात्रा संपन्न

**नूरपुर।** भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में नगर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गयी। देश भक्ति के तरानों के साथ नारे लगाए गए। तिरंगा यात्रा की शुरुआत मुरादाबाद रोड स्थित चिल्ड्रेंस एकैडमी स्कूल पर भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष निशांत कर्णवाल ने व्यवस्था बनाई। भाजपा के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बाबी, जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन दिनेश चौधरी, नगर पालि. का चेयरमैन डॉ. एमपी सिंह व ब्लाक प्रमुख आकांक्षा चौहान के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा का शुभारंभ संयुक्त रूप से हुआ। तिरंगा यात्रा में भाजपा नेता देशबंधु, वरिष्ठ भाजपा नेता पुष्पेंद्र सिंह शेखावत, मंडल महामंत्री वीर प्रकाश, प्रयमुन गुप्ता, उपाध्यक्ष प्रदीप राणा, जीतू भुइयार, प्रेमपाल रवि, राहुल यादव, सुरेंद्र पाल, विनोद वाल्मीकि, अनिकेत घाघट, मीडिया प्रभारी बिजेंद्र सिंह, जुगनू चौधरी आदि रहे।

# आचार्य मोहित गौतम ने की अपनी तपस्या समाप्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मंदिर प्रांगण स्थित हनुमान धाम में खड़े होकर तपस्या कर रहे आचार्य मोहित गौतम ने 41 दिन बाद अपनी तपस्या समाप्त की। खड़ेश्वरी तपस्या के समापन पर भगवान शिव की पूजा अर्चना एवं महायज्ञ के साथ ही भंडारे का आयोजन किया गया।

आचार्य वासुदेव भारद्वाज, विशाल भारद्वाज, शुभम वत्स, विक्रांत भारद्वाज सूर्यांश आचार्य द्वारा महा रुद्राभिषेक कमल पुष्पों से भगवान शिव का सहस्त्र अर्चन एवं महायज्ञ किया गया। इस दौरान वानर सेना बंदरों को केला एवं अन्य फलों का भोजन कराया गया। साथ ही श्री कृष्ण गौशाला में गाय माता को और देवीकुंड में मछलियों को भोजन कराया गया। हवन यज्ञ के उपरांत भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंच प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर शुक्रताल से मोहित वैदिक, शाकुंभरी देवी क्षेत्र से संजय प्रपन्नाचार्य, सुधीर आचार्य, सहारनपुर से प्रवेश आचार्य, प्रेम चंद आचार्य भागवत प्रवक्ता गौरव कृष्ण, नंदन



कौशिक आचार्य के अलावा पूर्व सांसद राघव लखनपाल शर्मा, सपा के राष्ट्रीय सचिव राकेश शर्मा, रालोद के प्रदेश महासचिव विजय कौशिक, राष्ट्रवादी ब्राह्मण संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवेश दत्त भारद्वाज, राष्ट्रीय त्यागी ब्राह्मण भूमिहार के राष्ट्रीय अध्यक्ष मांगेराम त्यागी, वरिष्ठ समाजसेवी एवं ब्राह्मण नेता अतुल पाराशर, ठा. हरवीर सिंह, रोहित कौशिक, अधिवक्ता संदीप शर्मा ने 41 दिन की खड़ी तपस्या करने वाले आचार्य मोहित गौतम को शुभकामनाएं दी।

# लोगों ने क्षतिग्रस्त सड़क का निर्माण कराने की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** कासिमपुरा रोड निवासियों ने बरसात के चलते क्षतिग्रस्त सड़क में हो रहे जलभराव से परेशान होकर सड़क पर प्रदर्शन कर लोकनिर्माण विभाग के राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह को पत्र भेजकर उक्त मार्ग को जनहित में बनवाये जाने की मांग की।

देवबंद से जोड़ने वाले दर्जन भर गांव देवबंद-कासिमपुर के क्षतिग्रस्त मार्ग पर गहरे गडढ़ों के चलते आए दिन दोपहिया वाहन चालक दुर्घटना ग्रस्त हो रहे हैं। बारिश के चलते आलम यह है कि जलभराव होने के चलते गडढ़ों का पता ही नहीं चल रहा है। जिससे परेशान होकर उक्त क्षेत्रवासियों ने राव मसीउल्लाह के नेतृत्व में प्रदर्शन करते हुए पीडब्ल्यूडी राज्यमंत्री कुंवर बृजेश





सिंह को पत्र भेजकर सड़क के निर्माण की गुहार लगाई।

भेजे पत्र में उन्होंने बताया कि मार्ग के क्षतिग्रस्त होने और जलभराव से आए दिन दुर्घटनाओं में वाहन चालक घायल हो रहे हैं। इतना ही नहीं सड़क पर चलना भी दुर्भर हो गया है। इस दौरान महक सिंह, पकंज त्यागी, चंद्रप्रकाश त्यागी, शौकीन, वाहिद, डा. नसीम, अकमल राणा, प्रवीन, टिंकू और आरिफ सहित अन्य मौजूद रहे।

# बजाज समूह में नेतृत्व की पांचवीं पीढ़ी का सशक्त आगमन

**बिजनौर।** बजाज समूह ने अपने संस्थापक जमनालाल बजाज की पांचवीं पीढ़ी की प्रतिनिधि आनंदमयी बजाज के समूह में शामिल होने की ऐतिहासिक घोषणा की है। प्राप्त समाचार के अनुसार चीनी, इथेनॉल, बिजली और कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के उत्पादन से जुड़े भारत के जाने माने समूह के अध्यक्ष कुशाग्र नयन बजाज की सुपुत्री आनंदमयी बजाज समूह की पहली महिला उत्तराधिकारी भी बन गई हैं। जो सक्रिय रूप से नेतृत्व की भूमिका में शामिल होंगी। आनंदमयी ने कोलंबिया विश्वविद्यालय, न्यूयॉर्क से वित्तीय अर्थशास्त्र में स्नातक की डिग्री के साथ ही गणित में भी डिग्री प्राप्त कर अपनी शैक्षणिक उपलब्धियों को समृद्ध किया है। अपनी तीव्र बौद्धिक क्षमता, अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण और पारिवारिक विरासत के प्रति गहरी प्रतिबद्धता के साथ, आनंदमयी बजाज समूह में नई ऊर्जा और दृष्टिकोण लेकर आई हैं। महज 22 वर्ष की आयु में वह बजाज एनर्जी, बजाज कंज्यूमर और बजाज हिंदुस्तान शुगर जैसी प्रमुख कंपनियों के नेतृत्व दल के साथ मिलकर कार्य करेंगी और मुंबई स्थित मुख्यालय से अपनी पूर्णकालिक भूमिका की शुरुआत करेंगी। अपनी भूमिका की शुरुआत के दौरान वह विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों में क्रॉस-फंक्शनल प्रशिक्षण प्राप्त करेंगी और 2025 के अंत तक प्रमुख संचालनात्मक जिम्मेदारियाँ निभाने के लिए पूरी तरह तैयार होंगी।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, देवबन्द जनपद सहारनपुर।**

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद देवबन्द में निम्नलिखित सूची में दिए गए साक्ष्यों के आधार पर उनके सामने अंकित संपत्ति संख्या पर अपना बतौर स्वामी दर्ज करने हेतू प्रार्थना पत्र दिये हैं। उक्त के नामांतरण की कार्यवाही हेतू सूचना जारी की जाती है। यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित इस नोटिस के प्रकाशन के तीस दिन (30 दिन) के अंदर कार्यालय नगर पालिका परिषद देवबन्द में किसी भी कार्य दिवस में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

| क्र0 स0 | नाम दाखिल कराने वाले का नाम | कर पंजिका में दर्ज नाम | मौहल्ला/सम्पत्ति सं0 |
|---|---|---|---|
| 1. | राजकुमार पुत्र श्री राम | नेतराम पुत्र नानकचन्द | रविदास मार्ग - 805 |
| 2. | स्नोहा बग्गा पत्नी अमित कुमार | शीला रानी पत्नी चरणजीत सिंह, पुष्पा चावला पत्नी जीत चावला, उषा रानी पत्नी राज कुमार | फौलादपुरा-746 |
| 3. | कौसर जहां पत्नी तालिब हसन | मौ. इलयास पुत्र अ. लतीफ | अब्दुलहक-377/1 |
| 4. | मुनेश देवी पत्नी अशोक कुमार | चन्द्रमणी पुत्र कदम सिंह | कायस्थवाडा-क-699/3 |
| 5. | सुमित कुमार पुत्र सुरेन्द्र कुमार | बीना त्यागी पत्नी योगेश कुमार | कायस्थवाडा-क-733/3 |
| 6. | मौ. मारूफ पुत्र मौ. अख्तर | सोमपाल पुत्र पातीराम | पठानपुरा-क-590 |
| 7. | मधूर लता पत्नी अनुरोध कुमार | राजेश पुत्र सुगनचन्द | छिम्पीवाडा-940 |
| 8. | रजत गुप्ता पुत्र मुकेश गुप्ता, गीता गुप्ता पत्नी मुकेश गुप्ता | साधूराम पुत्र बनवारी, कान्ति पत्नी गंगाराम | चाहपारस-234 |
| 9. | समर जहां पत्नी असगर खां | सकीना पत्नी मौहम्मद हाशिम | पठानपुरा-क-2119 |
| 10. | सचिन त्यागी पुत्र पवन कुमार त्यागी | निशान्त पुत्र पवन वर्मा | लहस्वाडा-903/2 |
| 11. | समरीन पत्नी मौ. दिलशाद | मौ. इरफान पुत्र मौ. इस्लाम | भुल्लनशाह-487 |
| 12. | मौ. दिलशाद पुत्र मौ. अशफाक 1/2 समरीन पत्नी मौ. दिलशाद 1/2 | मौ. मुरसलीन पुत्र अब्दुल वहाब उर्फ पीरू | लहसवाडा-693, 697/2 |
| 13. | बलवन्त कुमार पुत्र रामस्वरूप, शोभा रानी पत्नी बलवन्त कुमार | हंस कुमार पुत्र यंश कुमार | सिरीयावाला-917 |
| 14. | सादो पत्नी शमशाद | विजय कुमार पुत्र सुरेंद्र कुमार | दुध्धा-128,128/ |
| 15. | गय्यूर खान पुत्र यामीन, आबदा खान पुत्री यामीन खान | निसारा पत्नी मौ. युनुस | पठानपुरा-क-261 |
| 16. | मौ. गुलजार पुत्र अब्दुल राशिद | रिहाना पत्नी शराफत | सरायपीरजादगान-409/8 |
| 17. | राजू उर्फ राजीव कुमार पुत्र रामस्वरूप | विक्रेता संगीता पत्नी विनोद कुमार | कायस्थवाडा-क-582/3 |
| 18. | फात्मा मदनी पत्नी अहमद आदिल 1/2, अहमद आदिल पुत्र अतीकुरहमान 1/2 | मोमीना खातून पत्नी मोहम्मद अमीन, रईसा खातून पत्नी मोहम्मद अमीन, मैमूना खातून पुत्री मौहम्मद अमीन | खानकाह-1226 |
| 19. | मौ. साजिद पुत्र मौ. इकराम | विक्रेता अबाना बेगम पत्नी जुबैर अहमद | पठानपुरा-क-नया |
| 20. | मौलवी नुरूल हसन कास्मी पुत्र अमीर हसन | विक्रेता इकबाल हसन पुत्र मुंशी हामिद हसन | बडजियाउलहक-नया |
| 21. | हाजी इसरार पुत्र जिन्दा हसन | मौ. नसीम पुत्र मास्टर खुरशीद | खानकाह-719 |
| 22. | हाजी इसरार पुत्र जिन्दा हसन | नसीम अहमद पुत्र जहूरूलहक | बडजियाउलहक-594 |
| 23. | ओम प्रकाश पुत्र शीशराम | शीशराम पुत्र फुल सिंह | कायस्थवाडा-क-420/2 |
| 24. | इरशाद, दिलशाद, शमशाद पुत्रगण यूसुफ | मौ. इसलाम पुत्र यूसु | पठानपुरा-क-1992 |
| 25. | कंवर जहां पुत्री अली मौहम्मद पत्नी मौ. इकरार | भूरी पत्नी रियासत | पठानपुरा-क-2354 |
| 26. | सचिन माहेश्वरी व अमित कुमार महोशरी पुत्रगण राधेश्याम माहेश्वरी | राधेश्याम पुत्र मामचन्द | बाजार कलां-61, 61/1 |
| 27. | आमिर पुत्र नसीम | अकबरी पत्नी याकूब | कायस्थवाडा-क-443 |

दैनिक शाह टाइम्स
समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें 9837487334

## व्यापारियों के साथ बैठक

**नजीबाबाद।** उप जिलाधिकारी ने व्यापारियों के साथ स्वतंत्रता दिवस पर हर दुकान व हर घर पर राष्ट्रीय ध्वज को फहराने एवं नगर को स्वच्छ रखने को लेकर बैठक का आयोजन किया। व्यापारी सुरक्षा फोरम के नगर संरक्षक उमा. पति गर्ग के नेतृत्व में अजय अग्रवाल, चंद्र प्रकाश गुप्ता, सरदार हरिंदर सिंह नगर अध्यक्ष, कमल बंधु महामंत्री, अनुज अग्रवाल कोषाध्यक्ष, सौरभ अग्रवाल जिला मंत्री, विशेष महेश्वरी उपाध्यक्ष, अनूप अग्रवाल नगर मंत्री, मौहम्मद आदिल नगर मंत्री, वरुण अग्रवाल उपाध्यक्ष, अंश अग्रवाल नगर मंत्री, शक्ति गर्ग नगर प्रचार मंत्री, सिकंदर खान आदि व्यापारियों ने हिस्सा लिया। नगर में बिजली व्यवस्था आदि मुद्दे व्यापारियों द्वारा उठाए गए। नगर पालिका ईओ एवं सफाई इंस्पेक्टर भी मौजूद रहे। उप जिलाधिकारी द्वारा व्यापारियों की समस्याओं को सुनने के बाद जल्द से जल्द निवारण का आश्वासन दिया गया।

## भाकियू की मतत्वपूर्ण बैठक

**अफजलगढ़।** ग्राम कादराबाद में भाकियू टिकैत की बैठक हुई। जिला अध्यक्ष सुनील चौधरी एवं युवा जिला अध्यक्ष मनप्रीत संधू ने समस्याएं सुनी और 13 अगस्त को जिला मुख्यालय पर ट्रैक्टर मार्च में शामिल होने का आह्वान किया। जिला सचिव मुखत्यार सिंह व ब्लॉक अध्यक्ष मदन राणा ने समस्याएं रखीं। इस मौके पर नगर अध्यक्ष अफजलगढ़ वसीम गुर्जर, चौधरी बलजीत सिंह, राणा सैनी, गुरविंदर सिंह, विजेंद्र सिंह, देवेंद्र कौशिक, रमेश शेखावत, सरदार कुलदीप सिंह, चक्रधर शर्मा, शैलेंद्र चौहान, जसपाल सिंह बब्बू, दर्शन रावत, चिरंजीवी लाल, हरी सिंह, ज्ञानी अवतार सिंह, चरणदीप सिंह, मनप्रीत सिंह, गुरप्रीत सिंह मिंटा, जसबीर सिंह आदि ने ट्रैक्टर मार्च की सफलता के लिए रणनीति बनाई।

## राहुल देश का गौरव: आदित्य

**बिजनौर।** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता आदित्य सिंह ने कहा कि राहुल गांधी देश का गौरव है। आज जब भारतीय लोकतंत्र पर सवालों के बादल मंडरा रहे हैं, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में 300 से अधिक सांसदों ने संसद भवन से चुनाव आयोग के दफ्तर तक प्रदर्शन कर एक स्वर में लोकतंत्र की रक्षा का आह्वान किया। यह ऐतिहासिक कदम न केवल वोट चोरी के खिलाफ एकजुटता का प्रतीक है, बल्कि यह भारतीय जनमानस को यह विश्वास दिलाता है कि हमारे लोकतंत्र को बचाने के लिए सच्चाई और न्याय की लड़ाई अभी जिंदा है।

# भाकियू व प्रशासन की वार्ता विफल

### 13 को निकलेगा ट्रैक्टर मार्च

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भाकियू टिकैत व प्रशासन की वार्ता विफल हो गई है। जिसके बाद 13 मार्च को ट्रैक्टर मार्च निकालने का निर्णय बरकरार रखा गया है। प्राप्त समाचार के अनुसार भारतीय किसान यूनियन के 13 अगस्त को धरने व ट्रैक्टर मार्च को लेकर एक वार्ता प्रशासनिक अधिकारियों और भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों के बीच महात्मा विदुर सभागार कलेक्ट्रेट में हुई। जिसमें 21 जुलाई को दिए गए मांग पत्र पर चर्चा हुई। मांग पत्र में दी गई मांगों का समाधान करने के लिए कोई भी सक्षम अधिकारी ही बैठक में उपस्थित नहीं था। बैठक की अध्यक्षता कर रहे एसडीएम सदर लगभग एक माह बीतने के बाद भी स्वयं अपनी ही तहसीलों से संबंधित समस्याओं का समाधान नहीं करा सके। जिस कारण वार्ता विफल हो गई और किसान पदाधिकारी नारेबाजी करते हुए सभा कक्ष से बाहर चले गए। सभा कक्ष के बाहर भाकियू जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान ने कार्यकर्ताओं



पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता 13 अगस्त को प्रस्तावित आन्दोलन की तैयारी मे जुट जाएं। बारिश हो चाहे या आंधी आये, अब हमारा आन्दोलन और भी बड़ा तथा अनिश्चितकालीन होगा, जब तक समस्याओं का समाधान करने मे सक्षम प्रत्येक विभाग के उच्च अधिकारी वार्ता के लिए उपस्थित नहीं होंगे, तब तक वार्ता का भी कोई औचित्य नहीं है, सुनील प्रधान ने कहा कि आज की वार्ता में मध्यस्थता करने वाले अधिकारी अपने ही विभाग की समस्याओं का समाधान नहीं करा पाये, तो काहे की वार्ता।

इस मौके पर किसानों की ओर से राम अवतार सिंह, कुलदीप सिंह, बाबूराम तोमर, मनप्रीत सिंह, प्रमोद कुमार, जितेंद्र सिंह, मुनेंद्र काकरान, संदीप त्यागी, दिनेश कुमार, नरदेव सिंह, विजय चौधरी, धर्मेंद्र कुमार, अवनीश कुमार, गजेंद्र सिंह, मुनेश अहलावत, अमरपाल सिंह, कल्याण सिंह, ऋषिपाल सिंह, हरीराज सिंह, कोमन सिंह, सोनू वीरक, कविराज सिंह, विनीत चौधरी, मुनिदेव, आशु चौधरी, अजय बालियान, अमित कुमार, अशोक कुमार, शुभम, आक. ाश चौधरी, किरत बालिया आदि मौजूद थे।

**सम्बंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र मो0 नदीम को उसके गलत आचरण के कारण अपने पारिवारिक संबंध विच्छेद करते हुए अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है भविष्य में इसका मेरे व मेरे परिवार के साथ कोई संबंध नहीं रहेगा ।

मो0 मुस्तकीम पुत्र मो0 मोहसिन
निवासी मोहल्ला लहसवाड़ा कस्बा व थाना देवबंद जिला सहारनपुर

**सम्बंध विच्छेद**

मेरा पुत्र मनोज पुत्रवधू पारुल दूसरा पुत्र पवन व मेरी पत्नी पिंकी मेरे कहने सुनने में नहीं है तंग व परेशान होकर मैंने इन दोनों से अपने संबंध विच्छेद कर लिए और अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया भविष्य में इन दोनों के द्वारा किए गए किसी भी कार्य के लिए मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

काला पुत्र पलटू
निवासी ग्राम बन्हेड़ा खास
थाना देवबंद (सहारनपुर)

# अर्चित, राहुल व सौरभ पर शिकंजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसपुर।** भारत सरकार के अल्पसंख्यक मंत्रालय द्वारा चलाई गई योजना में धोखाधड़ी को लेकर अर्चित, राहुल व सौरभ पर शिकंजा कस गया है। इनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार अर्चित अग्रवाल, राहुल रामानी एवं सौरभ पांडे ने मिलकर 220 छात्र-छात्राओं का भविष्य लगभग पांच साल से अंधेर में रखा है। न तो परीक्षा कराई गई और न ही सार्टिफिकेट दिलाए गए। सीखो और कमाओ योजना के अंतर्गत अल्पसंख्यक विद्यार्थियों को कौशल विकास और नौकरी के लिए प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए एक सरकारी पहल है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य अल्पसंख्यक युवाओं को सशक्त बनाना और उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान कराना है। सभी विद्यार्थियों का कहना है कि सीखो और कमाओ योजना के अंतर्गत सत्र 2019-20 में जयराम एजुकेशनल ट्रस्ट के माध्यम से तीनों ने लगभग पांच साल पहले जनपद बिजनौर व मुरादाबाद के बॉर्डर पर स्थित एक प्रशिक्षण केंद्र को अपना निशाना बनाया। उन्होंने कहा था कि इस स्कीम के तहत छात्र-छात्राओं के भविष्य को उज्जवल बनाने का कार्य करे। जब छात्र-छात्राओं के भविष्य के बारे में कहा तो इस पर स्टाफ के मन में एक अलग ही खुशी पैदा हो गई थी। केंद्र के स्टाफ ने काफी मेहनत करके लगभग 220 छात्र -छात्राओं को एमएलटी कोर्स के लिए जगह-जगह से एकत्रित किया। सभी 220 छात्र-छात्राओं ने कोर्स को समय सीमा के अनुसार पूरा किया। सभी छात्र-छात्राओं का कहना है कि सेंटर के स्टाफ ने बहुत मेहनत की और हमारे भविष्य को उज्जवल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इस योजना को लगभग पांच साल बीत चुके है, पर अभी तक न कोई परीक्षा कराई है और न ही कोई सार्टिफिकेट प्राप्त हुआ है। कुछ छात्र-छात्राओं का यह भी कहना है कि हम ने काफी स्थानों पर शिकायत की। अब इन तीनों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज हो गई है। निदा, फरहा, आलम, सादिया, नौशाद, मंतशा, फरहा, शोएब आदि ने न्याय की गुहार लगाई है।

# ऑनलाइन पेमेंट न लेने के विरोध में प्रदर्शन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** कस्बे के पांडौली रोड स्थित भारत पेट्रोल पंप पर ऑनलाइन पेमेंट न लेने का आरोप लगाते हुए व्यापारियों ने पेट्रोल पंप पर धरना प्रदर्शन किया। बाद मे पेट्रोल पंप मालिक द्वारा उक्त कर्मचारी को हटा दिए जाने के बाद ही व्यापारी शांत हुए।

मिली जानकारी के मुताबिक भारत पेट्रोल पंप के एक कर्मचारी द्वारा ऑनलाइन पेमेंट न लेने का आरोप लगाते हुए कस्बे के व्यापारियों ने सांय करीब साढ़े छह बजे धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष कपिल डावर ने कहा कि कस्बे के एक व्यापारी अमित गर्ग द्वारा पेट्रोल पंप पर तेल लेने के बदले कर्मचारी द्वारा ऑनलाइन पेमेंट न लेना व्यापारियों का अपमान है। मौके पर पहुंचे पेट्रोल पंप स्वामी राजेंद्र अग्रवाल ने बताया कि एक कर्मचारी द्वारा समय के अभाव में ऑनलाइन पेमेंट न लेने पर कुछ मनमुटाव हो गया था। जिसको आपस में बैठकर सुलझा लिया गया है।

धरना प्रदर्शन के बीच थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश चंद्र सिंह अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। इस दौरान दीपक गुप्ता, मोहित गोयल, मनमोहन सिंह, विपिन हांडा, शिवम प्रधान, अमित गर्ग, कपिल तायल, इंन्दजीत सिंह संटी, अनमोल अरोड़ा, मोहित, अंशुल बतरा, परवीन चौधरी, मुकेश बंसल, विशाल प्रधान आदि मौजूद रहे।

## कार की टक्कर से ग्रामीण की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** थाना क्षेत्र के गांव कोटा बस स्टैंड पर सड़क पार कर रहे हैं एक व्यक्ति की अज्ञात कार की टक्कर लगने से दर्दनाक मौत हो गई। चालक कार सहित मौके से फरार हो गया।

मिली जानकारी के मुताबिक सतपाल सिंह पुत्र रामकिशन निवासी गांव भारापुर थाना गागलहेड़ी मंगलवार दोपहर किसी काम के लिए गांव कोटा बस स्टैंड पर आया था। जैसे ही वह हाईवे पार करने लगा तो उसे नागल की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी। घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर पहुंचे परिजन तथा पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। थानाध्यक्ष रमेश चंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर आने पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# कार्य की सफलता को गुणवत्ता का होना जरूरी: कुलबीर सिंह



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व ब्लॉक प्रमुख कुलबीर सिंह राणा ने कहा कि किसी भी कार्य की सफलता के लिए मेहनत, जुनून और गुणवत्ता का होना बेहद जरूरी होता है।

श्री राणा आज यहां जनता रोड स्थित अल्फा मोटिव वर्कशॉप के उदघाटन अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कार्य के प्रति समपर्ण ही उसके सफल होने की गारंटी होता है। इसलिये समर्पण भावना से कार्य करे और ग्राहक को अपने कार्य से संतुष्ट करके भेजे। इस दौरान जयवीर राणा, मिस्त्री अबरार, निसार अहमद, प्रधान तौसीफ, बिट्टू, शादान, अमान आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# वोट चोरी पर कांग्रेस का हमला




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कांग्रेस महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी ने बीजेपी सरकार और चुनाव आयोग पर वोट चोरी की साजिश में शामिल होने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा 7 अगस्त को उजागर किए गए वोट चोरी घोटाले से साबित होता है कि भाजपा की कई सरकारें चोरी हुए वोटों के सहारे सत्ता में हैं।

महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी मंगलवार को महानगर कांग्रेस कार्यालय में पत्रकारों के साथ वार्ता कर रहे थे। त्यागी ने कहा कि चुनाव आयोग जांच से बच रहा है और राहुल गांधी से शपथ पत्र की मांग करके असली मुद्दे से जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहा है। पूर्व विधायक सुरेंद्र कपिल ने बिहार में 65 लाख मतदाताओं को मताधिकार से वंचित किए जाने को लोकतंत्र की हत्या बताया। चौधरी मुजफ्फर अली ने बताया कि उनके पर्यवेक्षण वाले बिहार के विधानसभा क्षेत्रों में वोटर लिस्ट से 30-30 हजार से अधिक नाम हटाए गए हैं, जो मताधिकार का हनन है। पूर्व प्रदेश सचिव अशोक सैनी ने इसे नागरिकों के मौलिक अधिकारों की हत्या करार देते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। जिला प्रवक्ता गणेश दत्त शर्मा ने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव से पहले उनके और परिवार के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए थे, जबकि उनके पास वोट स्थानांतरण के प्रमाण मौजूद हैं। वार्ता के दौरान पूर्व प्रदेश सचिव अशोक सैनी, जिला प्रवक्ता गणेश दत्त शर्मा, जिला उपाध्यक्ष नितिन शर्मा, हरिओम मिश्रा सहित कई कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद रहे।

# नगर पंचायत छुटमलपुर में भ्रष्टाचार की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** जिले की नवसृजित नगर पंचायत छुटमलपुर में भ्रष्टाचार की गंभीर शिकायतें सामने आई हैं। स्थानीय सभासदों और जनता ने नगर पंचायत की अध्यक्ष शमा प्रवीण और अधिशासी अधिकारी कमलाकांत राजवंशी पर भ्रष्टाचार, फर्जी बिलिंग, और टेंडर में अनियमितता के गंभीर आरोप लगाए हैं। सभासदों का कहना है कि इस संबंध में जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी, और मंडलायुक्त को पहले भी शिकायतें दी जा चुकी हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।



2023 में हुए नगर पंचायत चुनाव में समाजवादी पार्टी की शमा प्रवीण अध्यक्ष चुनी गई थीं। सभासदों का आरोप है कि पूर्व अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन के स्थानांतरण के बाद भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया है। वर्तमान अधिशासी अधिकारी और अध्यक्ष द्वारा अपने चहेते ठेकेदारों को टेंडर दिए जा रहे हैं, जिनमें कमीशनखोरी और फर्जी बिलिंग के जरिए सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है। आय-व्यय विवरणिका की फोटोकॉपियां, जो सभासदों ने अधिशासी अधिकारी की अनुपस्थिति में हासिल की, इसकी पुष्टि करती हैं।

सभासदों का कहना है कि नगर पंचायत की आय-व्यय की जानकारी मांगने पर उन्हें साफ मना कर दिया जाता है, जिससे पारदर्शिता पर सवाल उठते हैं। उदाहरण के तौर पर, जेसीबी और ट्रैक्टर की सर्विस, जो सामान्यत: 20,000-25,000 रुपये में हो जाती है, उसे 1,00,000 रुपये से अधिक दिखाया जाता है। नाले और सड़कों के निर्माण में भी घटिया सामग्री का उपयोग और टेंडर की कीमत को कई गुना बढ़ाकर सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। हाल ही में नगर पंचायत सीमा पर बोर्ड लगाने के लिए 1.2 करोड़ रुपये और तिरंगा झंडा स्थापित करने के लिए 20 लाख रुपये का टेंडर दिया गया, जिसमें जेई नीरज सैनी की मिलीभगत का आरोप है। सभासदों का कहना है कि बोर्ड की बैठकें भी अनियमित हैं और प्रस्ताव बिना सभासदों की सहमति के पास किए जाते हैं।

नगरवासियों का कहना है कि नाले की खुदाई और घटिया सड़क निर्माण के कारण बरसात में जलभराव की समस्या गंभीर हो गई है, जिससे बच्चों का स्कूल जाना भी मुश्किल हो रहा है। सभासदों और जनता ने माननीय मुख्यमंत्री, लोकायुक्त, मंडलायुक्त, और जिलाधिकारी से इस घोटाले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है, ताकि नगर पंचायत को भ्रष्टाचार से मुक्त किया जा सके और सरकारी धन का सदुपयोग हो।

ज्ञापन देने वालों में सभासद डॉ किरणपाल विकास तोमर रजत राणा ममता शर्मा प्रियंका कम्बोज आदिल अलवी नवाब अंसारी रमेश डाबर। दिल जहां रेशमा, सभासद प्रतिनिधि भूपेन्द्र शर्मा सुमित कांबोज कारी नौशाद रिजवान आदि मोजुद रहे।

# किसानों की सहमति के आधार पर बैनामे की कार्यवाही



**सहारनपुर।** एसडीए द्वारा मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण नये शहर प्रोत्साहन योजना के अंर्तगत प्राधिकरण कार्यालय में प्रस्तावित न्यू टाउनशिप योजना हेतु ग्राम सैदपुरा के किसानों की सहमति के आधार पर उनकी भूमि क्रय किये जाने हेतु बैनामे से संबंधित कार्रवाई की गई। गांव सैदपुरा के खसरा नं.51 मि.क्षेत्रफल 0.2675 है.के अंर्तगत किसानों के पक्ष में नियमानुसार एकमुश्त भूमि मूल्य का भुगतान कर बैनामे की कार्रवाई की गई। अंत में सचिव, अधिशासी अभियंता ने किसानों का माला पहनाकर स्वागत किया।

# सीएम ग्रिड योजना की सड़क को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** हकीकत नगर में अधूरी पड़ी सड़क से परेशान व्यापारियों व स्थानीय लोगों ने अनोखा विरोध प्रदर्शन करते हुए सड़क की 'तेहरवीं' कर विनम्र श्रद्धांजलि दी।

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि सड़क न बनने से उन्हें लंबे समय से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और शासन-प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा। हकीकत नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष अमित सेठी ने बताया कि सीएम ग्रिड योजना के तहत कलेक्ट्रेट से दीवानी कचहरी तक की सड़क का निर्माण 10 महीने पहले शुरू हुआ था, लेकिन 31 जुलाई को अचानक काम रोक दिया गया। "हमें बताया गया कि निर्माण करने वाली कंपनी को ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है। अधिकारियों ने 8 दिन में वैकल्पिक समाधान का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कुछ नहीं हुआ, उन्होंने कहा। स्थानीय निवासी 71 वर्षीय नरेश कुमार चड्ढा ने बताया कि सड़क की खराब स्थिति के कारण वे खुद गिर चुके हैं। राजीव खेड़ा ने 25 करोड़ रुपये की मुख्यमंत्री ग्रिड योजना के तहत सड़क अधूरी रहने पर नाराजगी जताई और सवाल किया कि नौ महीने बाद ही क्यों पता चला कि ठेकेदार काम नहीं कर रहा। उन्होंने चेतावनी दी कि 2027 के चुनाव में इसका खामियाजा सरकार को भुगतना पड़ेगा। व्यापार मंडल उपाध्यक्ष बब्बू पंडित ने कहा कि समस्या से कई बार जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया है, फिर भी कोई समाधान नहीं हुआ। विरोध प्रदर्शन में विवेक चौधरी, प्रदीप पाहवा, संचित भूटानी, गीता चोपड़ा, मीनू भूटानी, सुरती देवी, उषा नारंग, पूजा सक्सेना, सोनिया कुकरेजा, निशु सुखीजा, सुरेंद्र सेठी, सोमप्रकाश शास्त्री, अनिल भोली, सौरभ दत्त, नरेश चड्ढा, शिवम् नरूला, अमित दहिया, तरुण बत्रा, महेश वर्मा, सनी हरजाई, गौरव सुखीजा, डिम्पल, राजीव खेड़ा, सुशील, दीपक, प्रभात, विशाल शर्मा, रमन, आर्यन, विभु दहिया सहित कई लोग मौजूद रहे।




# स्टंटबाज स्कूटी व बाइक की भिड़ंत में बाइक चालक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तल्हेडी बुजुर्ग।** हाईवे पर स्कूटी ओर बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई, जिसमें बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल युवक को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया।

मिली जानकारी के अनुसार रविवार को दोपहर के समय जोनी पुत्र बिजा निवासी चेतनपुरी थाना देवबंद अपनी बाइक पर सवार होकर सहारनपुर से घर लौट रहा था। जैसे ही वह तल्हेडी बुजुर्ग चौकी के निकट पहुंचा तो हाईवे पर स्टंट कर रहे स्कूटी चालक से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। जिसके कारण बाइक चालक हाईवे पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना घटित होते ही चौकी पर मौजूद कांस्टेबल योगेन्द्र ने इंसानियत का परिचय देते हुए घायल युवक को नजदीकी एक प्राइवेट चिकित्सक के यहां प्राथमिक उपचार दिलाया।लेकिन जोनी को सिर में गम्भीर चोटें होने के कारण चिकित्सक ने उसे हायर सेंटर रेफर करने की सलाह दी। पुलिस का कहना है कि स्टंट बाज स्कूटी चालक मौका पाकर घटना स्थल से भागने में कामयाब हो गया जिसकी छानबीन की जा रही है।

**Required Principal & Faculty**

For LLb, three-year course Qualification and salary as per UGC, Bar Council of India & Maa Shakumbhari University Saharanpur Norms. Apply within 10 days with all certificates and two Photographs by post or mail.

**Krishna Institute of Law Gangoh,**
**Address-1K.M. Mile Stone, Gangoh,**
**Saharanpur Road, Gangoh, Saharanpur.**
Email-kilgangoh@gmail.com
**Contact No 9897929200,9012100086**

# आईआईएमटी में 35 यूनिट रक्तदान




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** इन्द्रप्रस्थ इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी उमाही कोटा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थान के छात्र-छात्राओं और स्टाफ ने 35 यूनिट रक्त दान किया।

इस अवसर संस्था की निदेशक डॉ अंजू वालिया ने अपने संबोधन में कहा कि रक्तदान केवल एक सेवा कार्य नहीं, बल्कि यह किसी के जीवन को बचाने का संकल्प है। युवाओं और समाज के सभी वर्गों को इसमें सक्रिय रूप से हिस्सा लेकर मानवीयता का उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयोजक ब्रजनरेश ने शिविर के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी प्रतिभागियों, समुदाय के लोगों, चिकित्सा टीम, स्वयंसेवकों और संस्थान परिवार का धन्यवाद किया। उन्होंने बताया कि इस तरह के आयोजन से छात्रों में नि:स्वार्थ सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना प्रबल होती है।शिविर के दौरान बलदेव दास बाजोरिया चिकित्सालय की चिकित्सक टीम द्वारा स्वास्थ्य जांच की गई और रक्तदान करने वालों को प्रमाणपत्र एवं आभार पत्र प्रदान किए गए। उपनिदेशक आशुतोष गुप्ता ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस का संदेश श्युवा शक्ति, राष्ट्र की शक्तिश तभी सार्थक हो सकता है जब युवा वर्ग समाज में एकता, सेवा, और मानवता का संदेश फैलाये।

# कैंब्रिज में हर्षोल्लास से मनाया पद ग्रहण समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तल्हेडी बुजुर्ग।** कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल में पद ग्रहण समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, जिसमें चयनित छात्रों को स्कूल के महत्वपूर्ण विभाग सौंपे गए।

मंगलवार को तल्हेडी बुजुर्ग कस्बे के कैंब्रिज इंटर नेशनल स्कूल में पद ग्रहण समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सर्वप्रथम स्कूल चौयरमेन प्रमोद त्यागी द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।इस अवसर पर कक्षा 1 से 12 तक के मॉनिटर नियुक्त कर अनुशासन समिति का गठन किया गया। इस दौरान स्कूल की प्रधानाचार्य रेनू शर्मा द्वारा चयनित छात्रों को उनके पद के प्रति निष्ठा बनाए रखने के लिए शपथ ग्रहण कराई गई। इसके अलावा स्कूल के विभिन्न विभागों के लिए हाऊस कैप्टन व हाऊस इंचार्ज भी घोषित किए गए। इसी क्रम में कक्षा 12 से विज्ञान वर्ग से छात्र अभिषेक को हेड बॉय व कक्षा 11 से वैष्णवी को हेल गर्ल के रूप में नियुक्त किया गया। तत्पश्चात स्कूल चौयरमेन प्रमोद त्यागी ने सभी चयनित छात्रों को बैज प्रदान कर उन्हें अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया गया और उपप्रधानाचार्य सोमदत्त त्यागी व प्रधानाचार्या रेनू शर्मा ने छात्रों को उत्कृष्ट के साथ-साथ अनुशासन बनाए रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर स्कूल के समस्त अध्यापक गणों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहभागिता निभाई।

**सहारनपुर।** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर बीएमएसएफ मानवाधिकार फेडरेशन, सहारनपुर इकाई द्वारा मंगलवार को भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि महापौर डॉ. अजय सिंह ने महाराज. सिंह डिग्री कॉलेज ग्राउंड से हरी झंडी दिखाकर किया। रैली में प्रमुख रूप से महेंद्र तनेजा, सरदार एम.पी. सिंह चावला सहित संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

**Notice**

I ananyaa shri D/o mr. Vivek kumar mother's name mrs. Raksha rani inder no. 1224302/024,D o b. 8 August 2007 class 10th icsc exame roll number. 7653631 hearby declare that my certificate of class 10th is genuienly lost

**उ.प्र. पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि.**
**विद्युत पारेषण खण्ड-प्रथम, सहारनपुर**
**ई-निविदा सूचना,**
**निविदा संख्या एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

ETD-1/sre/T-01/2025/26 विद्युत पारेषण खण्ड-प्रथम, सहारनपुर के अर्न्तगत 220 के.वी. सहारनपुर (पी.जी.)- सहारनपुर (220) लाईन की अतिभारिता समाप्त करने से सम्बंधित कार्य कराने हेतु।
निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 500.00 एवं धरोहर राशि रु. 1000.00 मात्र
ई-निविदा की अन्तिम तिथि 02.09 2025 समय 14:00 बजे।
विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट etenderup.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनायें वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जायेगी।

**अधिशासी अभियन्ता**
**विद्युत पारेषण खण्ड-प्रथम**
**सहारनपुर**
**फोन नम्बर 9412749426**

पत्रांक 931/वि.पा.ख.प्र.स./ई-निविदा दिनांक 12-08-2025
"राष्ट्रीय हित में बिजली बचायें"

# साइबर ठगी के पीड़ित को दिलाई रकम वापस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारन।** साइबर हेल्प डेस्क द्वारा साइबर ठगी के माध्यम से ठगी की गयी अट्ठारह हजार रूपये की शत प्रतिशत धनराशि पीडित के खाते में करायी वापस गयी।

विगत 20 जुलाई को पीड़ित अमित कुमार पुत्र धनप्रकाश निवासी मौहल्ला कायस्थान ने आनलाइन फ्राड के माध्यम से अट्ठारह हजार रूपये की धनराशि ठगे जाने की शिकायत साईबर हैल्पलाईन वैबसाईट पर शिकायत दर्ज करायी गयी थी।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में साइबर अपराध की रोकथाम हेतू जन-मानस को जागरुक करने व साइबर ठगी के माध्यम से ठगी गयी धनराशि पीडितों के खाते में वापस कराये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर व्योम बिंदल एवं क्षेत्राधिकारी नकुड़ एस एन वैभव पांडे के पर्यवेक्षण में प्रभारी सत्येंद्र नागर के नेतृत्व में 20 जुलाई 2025 को थाना रामपुर मनिहारन साइबर हेल्प डेस्क टीम द्वारा पीडित की शिकायत पर साइबर ठगी के माध्यम से ठगी गयी अट्ठारह हजार रूपये की धनराशि को विधिक कार्यवाही कर अमेजोन में होल्ड कराया गया था। जिसे 12 अगस्त 2025 को थाना रामपुर मनिहारन साइबर हेल्प डेस्क टीम द्वारा पीडित के साथ हुई साईबर ठगी के अट्ठारह हजार रूपये की धनराशि पीडित के खाते में वापस कराये गये। पीडित ने ठगी गयी धनराशि अपने खाते में वापस पाकर थाना रामपुर मनिहारन साइबर हेल्प डेस्क टीम का आभार व्यक्त किया है।

**गंगोह।** प्रभा ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कृष्ण, राधा व सुदामा की वेशभूषा में सजे बच्चों ने मनमोहक नृत्य, अभिनय से सभी का मन मोह लिया। विद्यालय प्रांगण को फूलों, रंगोली और झांकियों से सजाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्या शालू चौधरी ने श्री कृष्णराधा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कियाध प्रधानाचार्या ने बच्चों को श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़ी प्रेरणादायक बातें बताईं और कहा कि यह पर्व हमें सत्य, धर्म और प्रेम के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर कृष्ण, राधा व सुदामा की वेशभूषा में सजे बच्चों ने मनमोहक नृत्य से सभी का मन मोह लिया।

## डीएम ने किया बैराज का निरीक्षण

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा आज शाम मध्य गंगा बैराज पुल सिलेब्स में आई हुई दरारों का स्थलीय निरीक्षण कर अद्यतन स्थिति का जायजा लिया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह के अलावा एनएचआई विभाग एवं सिंचाई विभाग के अधिकारी मौजूद थे। जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा निरीक्षण के दौरान गंगा बैराज पुल के गेट नंबर 1516 तथा 23 24 के सिलेबस में आई दरारों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। उन्होंने एनएचआई के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सिलेबस में आने वाली दरारों की तत्काल तकनीकी जांच करें और इसको रोकने के लिए आवश्यक उपाय करें।

## मात्र चार शिकायतें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बारिश का प्रभाव जनसुनवाई पर भी देखा गया। बारिश के चलते लोगों की आमद कम रही और जनसुनवाई में मात्र चार समस्याएं ही पहुंची। चारों समस्याओं के समाधान के लिए सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

वार्ड 6 निवासी रजत ने कॉलोनी की गली नंबर चार में नाली की साफ सफाई कराने तथा वार्ड संख्या 31 पीर माजरा खत्रीवाला निवासी शिवकुमार ने खत्रीवाला में नाले की साफ सफाई कराये जाने के सम्बंध में प्रार्थना पत्र दिए। जिस पर अपर नगरायुक्त प्रदीप कुमार यादव ने सम्बंधित सफाई निरीक्षकों व सफाई कर्मियों को स्थलीय निरीक्षण कर समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। इसके अलावा वार्ड संख्या 27 बेहट रोड निवासी शाहिद ने जन्म प्रमाण पत्र में पता ठीक कराये जाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया।

# याद रखें शहीदों का बलिदान: विजेंद्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत मंगलवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व ब्लाक प्रमुख विजेंद्र चौधरी के नेतृत्व में कस्बे मे तिरंगा यात्रा निकली गयी।



इस अवसर पर अपने संबोधन मे विजेंद्र चौधरी ने कहा कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य देश को आजाद कराने वाले वीर सेनानियों के बलिदान को जीवंत करना और देशभक्ति को कायम रखना है। तिरंगा हमारी आन बान शान का प्रतीक है। देश पर मर मिटने वाले शहीदो ने कभी भी तिरंगे को झुकने नही दिया भले ही अपनों प्राणों को न्यौछावर कर दिया। आपरेशन सिंदूर में भारत के जाबांज सिपाहियों ने तिरंगे को लेकर दुश्मन के दांत खट्टे कर दिए। यह यात्रा एक तरह से मिशन सिंदूर का विजयोत्सव है। उन्होने सभी से अपने घरों मे तिरंगा फहराने का आह्वान किया। तिरंगा यात्रा रेलवे रोड, बस स्टैंड, मेन बाजार, ब्लाक चौराहा से होकर गुजरी। इस मानसिंह सैनी चेयरमैन,इशांत चौधरी, सतेंद्र वैदिक, सारिका वालिया,मुकेश माहेश्वरी ,सतीश तायल, दिनेश कुमार आर्य, हरीश त्यागी,अरूण त्यागी, दीपक कुमार, मनोज कुमार, राकेश सहल सहित अनेक छात्र शामिल रहे।

# मूसलाधार बारिश से शहर जलमग्न





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मंगलवार तड़के हुई मूसलाधार बारिश के बाद पूरे शहर में पानी ही पानी भर गया। नालियों में जल निकासी न होने से शहर की सड़के पूरी तरह से जलमग्न रही। कई स्थानों पर हालात यह हो गए थे कि बारिश का पानी सड़कों पर कई कई फीट तक भर गया था और लोगों के घरों में गंदा पानी भरने से सामान भीगकर खराब हो गया। नाला पटरी के निकट बसने वाली कालोनियों में हालात ज्यादा खराब दिखाई दिए।

मंगलवार सवेरे करीब 5 बजे अचाकन मौसम ने करवट बदली। सवेरे बूंदाबांदी के बाद मूशलाधार बारिश शुरू हो गई।

सवेरे 5 बजे से 7 बजे तक हुई मूशलाधार बारिश के बाद पूरे शहर में पानी भर गया। जिसमें शहर के मौहल्ला कलंदरशाह, पंसारियान, नई बस्ती, माजरा रोड़, शांतिनगर, नाला पटरी, बडीआल जाटान, भिक्की मोड़, सीबी गुप्ता कालोनी, नेहरू मार्किट, कबाडी बाजार, कैराना रोड, झिंझाना रोड, दिल्ली रोड, दयानंदनगर में पानी भरने से दिक्कतों का सामना करना पडा। शहर के बीच से गुजने वाला एक मात्र लिंक नाला ओवर फ्लो हो गया था, जिसके बाद बारिश के पानी को निकलने का रास्ता तक नही मिल सका। नाला करीब एक घंटे तक ओवर फ्लो चलता रहा और शहर की सडकों पर पानी पानी ही दिखाई दिया। सवेरे स्कूल जाने वाली बच्चों को भी स्कूल जाने में दिक्कते हुई। सीबी गुप्ता कालोनी से निकलने वाले स्कूल वाहन बारिश के पानी में फंसकर खराब हो गए।

जिससे बच्चे स्कूल भी देरी से पहुंचे है। वही बाजारों में जलभराव होने से बाजारों में गंदगी फैली रही और बाजार भी देरी से खुले। नागरिकों का कहना है कि शहर में मामूली बारिश के बाद ही जलभराव हो जाता है।

हर साल नगर पालिका जलभराव की समस्या का समाधान करने का दावा करती है, लेकिन धरातल पर कोई भी समस्या का समाधान होता नजर नही आ रहा है। मंगलवार सवेरे बारिश के बाद पूरे शहर में पानी भरा रहा, लेकिन निक. ासी का कोई रास्ता न होने से नागरिक परेशान रहे।





# डीएम-एसपी ने निकाली तिरंगा यात्रा, दिया देशभक्ति का संदेश

**शामली।** हर घर तिरंगा कार्यक्रम-2025 के कार्यक्रमों की श्रंखला में आज जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान व पुलिस अधीक्षक राम सेवक गौतम द्वारा समस्त पुलिस विभाग की टीम के साथ शहर में तिरंगा यात्रा निकालकर देश भक्ति का संदेश दिया। डीएम ने कहा तिरंगा हमारी आन बान शान है यह हमेशा ऊंचा रहे। उन्होंने प्रत्येक नागरिक को हर घर तिरंगा कार्यक्रम से जुड़कर तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर उसे वेबसाइट www.harghartiranga.com पर अपलोड करें। यह तिरंगा यात्रा वीवी डिग्री से प्रारंभ होकर शहर में भिक्की मोड, शिव चौक,अग्रसेन पार्क से कोतवाली शामली पर समाप्त हुई। तिरंगा यात्रा में सभी पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे।

# ई-रिक्शा की बैटरी फटने से लाखों का सामान जलकर राख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला मुस्तफाबाद में ई रिक्शा की बैटरी फटने से एक व्यक्ति के मकान में भीषण आग लग गई आग लग जाने से ई रिक्शा सहित घरेलू सामान्य जल का राख हो गया पीड़ित ने प्रदेश सरकार को पत्र भेज कर मुआवजे की मांग की है। कस्बे के मोहल्ला मुस्तफाबाद निवासी शमशाद पुत्र जहीर ई रिक्शा चलाकर अपना व अपने परिवार का पालन पोषण करता है। पीड़ित के अनुसार उसने सोमवार की देर शाम अपनी ई-रिक्शा घर के आंगन में चार्ज करने के लिए खड़ी कर रखी थी और परिवार सहित सो गया था। रात के समय अचानक से ई रिक्शा की बैटरी फट जाने से ई रिक्शा में आग लग गई ई रिक्शा में लगी आग की चपेट में आकर घर के अन्य फर्नीचर के समान सहित छत के पंखे कपड़े सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित के घर में आग लग जाने से मोहल्ले में अफरातफरी मच गई मोहल्ले के लोगों ने घंटों प्रयास के बाद लगी आग पर पानी डालकर काबू पाया मगर तब तक ई रिक्शा सहित घर का लाखों रूपए सामान जल गया। पीड़ित ने प्रदेश सरकार को पत्र भेजकर मुआवजे की गुहार लगाई है।



## क्रॉसकन्ट्री दौड़ का आयोजन 15 को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उप क्रीड़ाधिकारी, शामली अश्वनी कुमार त्यागी ने अवगत कराया कि खेल निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ एवं जिला प्रशासन के सहयोग से जिला खेल कार्यालय, शामली द्वारा गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी 15 अगस्त को स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर पुरूष वर्ग 5 किमी एवं 3 किमी क्रासकन्ट्री दौड प्रतियोगिता का आयोजन शहीद उद्यम सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम, शामली में किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता पुरुष एंव महिला द्धदोनोत्रृ वर्गो में आयोजित की जाएगी, जिसमें किसी भी आयु वर्ग का प्रतिभागी भाग ले सकता हैं। इच्छुक 14.8.2025 की सायं 5 बजे तक जिला खेल कार्यालय शामली में संपर्क करें।

# ट्रैक्टर चालक की हरियाणा के पानीपत में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव असदपुर जिडाना निवासी एक 23 वर्षीय युवक का ईंटों से भरा ट्रैक्टर ट्राली हरियाणा के पानीपत में सड़क पर पलट गया ।ईटों के मलबे में दबने से चालक सचिन की मौके पर ही मौत हो गई। शव पीएम से आने के बाद परिजनों ने गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।थाना क्षेत्र के गांव असदपुर जिडाना निवासी देवेंद्र का 23 वर्षीय पुत्र सचिन अपने ट्रैक्टर ट्राली में ईट भरकर हरियाणा सहित आदि स्थानों पर किराए का कार्य करता था। सोमवार की देर शाम सचिन अपनी ट्रैक्टर,ट्राली में थाना क्षेत्र के किवाना ईंट भठे से ईंट भरकर हरियाणा के पानीपत में गया था परि. जनों के अनुसार पानीपत के भैंसवाल मार्ग पर अचानक से ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई। ट्रैक्टर ट्राली पलट जाने से ईंट के मलबे में ट्रैक्टर चला रहा सचिन मलबे में दब गया। आसपास के लोगों ने रेस्क्यू अभियान चलाकर मलबे को हटाया और ईटों के नीचे दबे ट्रैक्टर चालक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने मृतक घोषित कर दिया। हादसे की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया मंगलवार को शव पोस्टमार्टम से आने के बाद परिजनों ने गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया है परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।



## एक नजर

### सनातन धर्म सभा में संघ उत्सव एवं रक्षाबंधन कार्यक्रम धूमधाम से सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** सोमवार रात्रि को नगर मे सनातन धर्म सभा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा संघ उत्सव रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में नगर व आस-पास के अनेक स्वयंसेवक, गणमान्य नागरिक, व्यापारी व समाजसेवी शामिल हुए।कार्यक्रम का शुभारंभ संघ गीत और प्रार्थना के साथ हुआ। तत्पश्चात राकेश काम्बोज जिला सामाजिक सद्भाव प्रमुख ने अपने बौद्धिक में रक्षाबंधन के महत्व और इसके राष्ट्रीय एवं सामाजिक आयामों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन का पवित्र त्योहार भर नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र, संस्कृति और समाज की रक्षा का संकल्प भी दिलाता है। भारत जैसे विविधताओं से भरे देश में ऐसे पर्व समाज को एक सूत्र में पिरोते हैं और लोगों को कर्तव्यनिष्ठ बनने की प्रेरणा देते हैं।कार्यक्रम की अध्यक्षता सुशील गर्ग , व्यापार मंडल अध्यक्ष ने की। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन का संदेश केवल व्यक्तिगत रिश्तों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमें अपने समाज, देश और संस्कृति की रक्षा के लिए भी प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि संघ के स्वयंसेवक इस दिन परम पवित्र भगवा ध्वज को रक्षा सूत्र बांधते हैं, जो राष्ट्र के प्रति समर्पण और त्याग का प्रतीक है।विशेष अतिथि के रूप में कृष्ण कुमार , सह नगर संघचालक उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि भारत उत्सवों का देश है और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इन उत्सवों को सामाजिक एकता और राष्ट्रनिर्माण के माध्यम के रूप में मनाता है। रक्षाबंधन के अवसर पर भगवा ध्वज को रक्षा सूत्र बांधना संघ की परंपरा का हिस्सा है, जो यह संदेश देता है कि हमें अपने धर्म, संस्कृति और मातृभूमि की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान वातावरण राष्ट्रभक्ति के गीतों और उत्साह से गूंजता रहा। स्वयंसेवकों और उपस्थित जनों ने ध्वज को रक्षा सूत्र बांधकर समाज में प्रेम, एकता और सद्भाव बनाए रखने का संकल्प लिया।

### वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई ने आयोजित किया सुंदरकांड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थाना भवन।** प्राचीन मंदिर भगवान जगन्नाथ बाला जी धाम मे मंगलवार को अन्तराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई द्वारा आयोजित सुन्दर कांड मे संस्था की नगर अध्यक्ष रश्मि गर्ग ने कहा पुण्य कर्मों का अर्थ केवल वे कर्म नहीं जिनसे आपको लाभ होता हो अपितु वो कर्म हैं जिनसे दूसरों का भला भी होता है। पुन्य कर्मों का करने का उद्देश्य मरने के बाद स्वर्ग को प्राप्त करना ही नहीं अपितु जीते जी जीवन को स्वर्ग बनाना भी है। स्वयं से मित्रता करने का अर्थ है कि हम स्वयं को जानें और समझे फिर अपने उन दुर्गुणों, दुष्प्रवृतियों का त्याग करना भी सीखें जिन्होंने जीवन भर हमें दूसरों की नजरों से गिराए रखा और जिनकी वजह से हम किसी अपने के दिल में भी जगह न बना सके। आसक्ति में फंसा मनुष्य उसी प्रकार असहाय बन जाता है, जिस प्रकार एक छोटे से महावत के आगे विशालकाय हाथी और कोमल कमल पुष्प के अन्दर, बांस को भी भेदने की सामर्थ्य रखने वाला भंवरा।उन्होने कहा यह प्रकृति अगर देना जानती है तो अपने तरीके से वापस लेना भी अवश्य जानती है। इसलिए बंटकर खाना नहीं अपितु बांटकर खाना सीखो, यही तो मानव बनने की कसौटी भी है।जन्म भले ही कितनी ही प्रतिकूलताओं में हुआ हो लेकिन आपके सतत प्रयास और निरंतर कुछ श्रेष्ठ करने की चाह आपको सम्राट की पदवी पर आसीन कर देती है। अगर आपने कुछ श्रेष्ठ करने की ठान ली तो बड़ी से बड़ी बाधाएं भी आपसे परास्त होकर चली जाएंगी। इस अवसर पर शिल्पी अग्रवाल, दीपा तायल, कीर्ति, दीपिका अग्रवाल, पूजा जैन, सरोज रानी, शोभा रानी, नेहा गोयल, श्रुति तायल, आदि मौजूद रही।

### दुष्कर्म मामले में एक गिरफ्तार

**शामली।** थाना कोतवाली शामली क्षेत्रान्तर्गत नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने के सम्बन्ध में पीडिता के परिजन द्वारा 3.8.2025 को थाना कोतवाली शामली पर लिखित तहरीर दी गई थी। रात्रि में पुलिस अधीक्षक शामली राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे महिलाओं के विरुद्ध अपराध की रोकथाम एवं महिला अपराधों से संबंधित वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा नाबालिग को बहला फुसला कर ले जाने व दुष्कर्म करने के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त अर्शदीप सिंह पुत्र सुक्खा सिंह उर्फ सुखविन्दर निवासी बस्ती मौहम्मद अली शाह थाना ममधोट जनपद फिरोजपुर पंजाब है।

### मादक पदार्थ तस्कर पकड़ा

**शामली।** रात्रि में पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार चलाए जा रहे मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारीध्बरामदगी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा एक मादक पदार्थ तस्कर को अवैध 137 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त सद्दाम उर्फ सद्दू पुत्र इनाम निवासी मौहल्ला कलन्दरशाह थाना कोतवाली शामली जनपद शामली है।

### एनबीडब्ल्यू वारंटी पकड़ा

**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना बाबरी पुलिस द्वारा वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्त के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए एक एनबीडब्ल्यू वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्त अमरेश पाल पुत्र सुक्कड़ उर्फ चतर सिंह निवासी ग्राम भाज्जू थाना बाबरी जनपद शामली है।

# एआईएमआईएम के नए पदाधिकारियों की घोषणा



**थानाभवन।** थाना भवन क्षेत्र के गांव भैंसानी इस्लामपुर में मंगलवार को मास्टर कलीम के आवास पर ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन द्ध।प्डप्डत्रृ का एक विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में पशिचम प्रदेश के युवा अध्यक्ष एहतेशाम मंसूरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने पार्टी की नीतियों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि एआईएमआईएम देश में गरीब, मजलूम, पिछड़े और अल्पसंख्यक समाज के हक व अधिकार की लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे शिक्षा, रोजगार और सामाजिक न्याय की राह पर पार्टी के साथ कदम से कदम मिलाकर चलें। कार्यक्रम में युवा जिला अध्यक्ष शामली शाहनवाज राणा के साथ अकमल प्रधान, मास्टर अब्दुल गफ्फार, इस्तियाक प्रधान, हाजी शौकत, मास्टर राशिद, सनव्वर, मुरसलीन तथा मौलाना शहजाद द्धविधानसभा अध्यक्षत्रृ मौजूद रहे।इस मौके पर संगठन विस्तार के तहत कई पदाधिकारियों की घोषणा की गई। इनमें युवा विधानसभा अध्यक्ष मुनव्वर, युवा ब्लॉक अध्यक्ष थानाभवन अशरफ, युवा ग्राम अध्यक्ष मुनव्वर भैंसानी, ग्राम उपाध्यक्ष मुकीम, ग्राम सचिव नाजिम राणा और ग्राम महासचिव खुशी मुहम्मद को मनोनीत किया गया।एहतेशाम मंसूरी ने कहा कि पार्टी बिना किसी भेदभाव के सबको समान अधिकार दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है और आने वाले चुनाव में क्षेत्र के विकास के मुद्दों को प्राथमिकता देगी।

## दो अलग-अलग मामलों में अर्थदंड सुनाया

**शामली।** वर्ष 2003 में अभियुक्त फरजन्दा पुत्र इनायत अली निवासी ग्राम जिजौला थाना झिंझाना जनपद शामली के विरुद्ध थाना झिंझाना पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। 12.8.2025 को न्यायालय सीजेएसड़ी/एसीजेएम शामली द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को दोषी पाते हुए न्यायालय उठने तक की सजा व 2,000/- रूपए के अर्थदण्ड की सजा व अर्थदण्ड अदा न करने पर 7 दिवस अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है। वर्ष 2023 में अभियुक्त फरियाद पुत्र दीन मौहम्मद निवासी ग्राम कैलाशपुर थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर के विरुद्ध थाना कांधला पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था । न्यायालय सीजेजेड़ी जेएम शामली द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को दोषी पाते हुए जेल में बिताई गई अवधि के कारावास व 2,000/- रूपए के अर्थदण्ड की सजा व अर्थदण्ड अदा न करने पर 5 दिवस कारावास का प्रावधान किया गया है ।

## चाकू के साथ गिरफ्तार

**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली रामसेवक गौतम के आद. ेशानुसार चलाए जा रहे संदिग्ध व्यक्ति वाहन चेकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिक. ारी थानाभवन के कुशल नेतृत्व में थाना बाबरी पुलिस द्वारा एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है, जिसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद हुआ है । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बाबरी पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त देव कुमार पुत्र विजयपाल उर्फ विज्जा निवासी ग्राम कैड़ी थाना बाबरी जनपद शामली है।

# किसान देवेन्द्र हत्याकांड की जांच की मांग

**कैराना।** एक व्यक्ति ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप पर संचालित ग्रुप में दो माह पूर्व खेत पर हुई किसान देवेंद्र उर्फ देवी हत्याकांड की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है। व्यक्ति ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए हत्याकांड में निर्दोष लोगों को जेल भेजे जाने का आरोप लगाया है।

सोशल मीडिया साइट व्हाट्सएप पर संचालित परमार्थ समिति कैराना-2 नामक समूह में मुनीम मंस. ूरी नामक आईडी से टिप्पणी की गई है, जिसमें कहा गया है कि श्देवी गुज्जर कांड की भी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए, दो माह से बेगुनाह जेल में है, आज तक उसका खुलासा नही हुआ।श युवक द्वारा उक्त टिप्पणी दो दिन पूर्व कस्बे के कांधला मार्ग पर आम के बाग में हुई युवक के हत्या के खुलासे को लेकर डाली गई पोस्ट पर की गई है। वहीं, युवक की टिप्पणी से किसान देवेन्द्र उर्फ देवी हत्याकांड का जिन्न एक बार फिर बोतल से बाहर आ गया है। युवक की टिप्पणी ने पुलिस की कार्यशैली को कटघरे में खड़ा कर दिया है। हत्याकांड के खुलासे पर क्षेत्र में फिर से नई बहस छिड़ने की संभावना है। वहीं, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह का कहना है कि हत्या की घटना में नामजद आरोपियों को जेल भेजा गया है। मामले की निष्पक्ष जांच की गई है। विदित रहे कि विगत नौ जून को रात्रि करीब साढ़े नौ बजे कस्बे के मोहल्ला आलकलां निवासी किसान देवेंद्र उर्फ देवी की बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने उस वक्त गोलियां बरसाकर हत्या कर दी थी, जब वह अपने खेत में चारपाई पर बैठा था। एसपी शामली रामसेवक गौतम ने हत्याकांड के खुलासे को एसओजी व सर्विलांस समेत पुलिस की चार टीमें लगाई थी। मृतक के पुत्र सुनील ने यूसुफ निवासी मोहल्ला रोड की जोहड़ी शामली, तनवीर निवासी मोहल्ला अंसारियान, मोहम्मद मौमीन निवासी मोहल्ला आलकलां व भूरा निवासी मोहल्ला दरबारखुर्द कस्बा कैराना के विरुद्ध स्थानीय कोतवाली पर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस हत्याकांड में नामजद कराए गए मौमीन, भूरा व यूसुफ को गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है।

# ग्राम प्रधान नीरज पुंडीर ने निःशुल्क मेडिकल कैंप का किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र के गांव हिरणवाड़ा में पार्क हॉस्पिटल के स्टाफ द्वारा निशुल्क चिकित्सा कैंप लगाया जिसका उद्घाटन ग्राम प्रधान नीरज पुंडीर ने किया।

थानाभवन क्षेत्र के ग्राम प्रधान नीरज पुंडीर ने गांव के प्राइमरी विद्यालय में आयोजित नि:शुल्क चिकित्सा कैंप आयोजित कराया जिसमें अंकित शर्मा जलालपुर ने भी अपनी अहम भूमिका निभाई।

मालूम हो कि पार्क हॉस्पिटल जाने माने सुपर मल्टीस्पेशलिस्ट हॉस्पिटलों में जाने जाते हैं जिनकी कई बड़े नगरों में शाखाएं चल रही हैं।




पार्क हॉस्पिटल में बढ़िया प्रशिक्षित डॉक्टर्स का स्टाफ रहता है और यह हॉस्पिटल सेवानिवृत सैनिकों के ईसीएचएस के पैनल में भी आता है जिसमें रिटायर्ड सैनिकों और उनके परिवारों का इलाज भी होता है।ग्राम हिरणवाड़ा का यह मेडिकल कैंप पानीपत स्थित पार्क हॉस्पिटल के सीईओ सपना भांबरी और रिटायर्ड ब्रिगेडियर डॉ. यशपाल सिंह सोम की अध्यक्षता में लगाया गया।इस कैंप में बीपी, शुगर,आंखों की जांच, ईसीजी आदि की निशुल्क जांच की गई तथा जरूरत के हिसाब से नि:शुल्क दवाइयां भी दी गई।

इस कैंप में हॉस्पिटल के जाने माने डॉ. गौरव पुनिया (हड्डी एवं घुटनों के विशेषज्ञ) और डॉ. लतीफ वाणी (जनरल फिजिशियन एवं सृजन) अपनी जांच टीम के साथ पहुंचे जिन्होंने गांव के सैकड़ों लोगों की जांच की और उन्होंने नि:शुल्क दवाइयां भी दी।इस निशुल्क कैंप के आयोजन के लिए ग्रामवासियों ने ग्राम प्रधान नीरज पुंडीर एवं पार्क हॉस्पिटल की समस्त स्टाफ का आभार जताया।

# मुनिराज ने समझाए पांच प्रकार के कर्म

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मंगलवार को शहर के जैन धर्मशाला में विव्रत सागर मुनि. राज ने प्रवचन करते हुए पांच प्रकार के अंतराय कर्मों का वर्णन किया। दान अंतराय, भोग अंतराय, उपभोग अंतराय, लाभ अंतराय और वीर्य अंतराय। उन्होंने कहा कि ये वे कर्म हैं जो दूसरों के शुभ कार्यों या सुखों में बाधा डालने से उत्पन्न होते हैं।

यदि कोई व्यक्ति दान दे रहा हो और आप उसमें बाधा डालते हैं या उसे हतोत्साहित करते हैं, तो यह दान अंतराय कहलाता है। ऐसा करने से भविष्य में आपको स्वयं दान देने या शुभ कार्यों में सहयोग करने में बाधाएं आती हैं। किसी को सच्ची श्रद्धा से धर्म-प्रभावना के कार्य में दान देने से रोकना अपने लिए ही कर्म बांधना है। भोग वह वस्तु है जिसका एक बार उपभोग किया जाता है।



जबकि उपभोग वह वस्तु है जिसका बार-बार उपयोग किया जाता है जैसे वस्त्र। यदि आप किसी को भोग या उपभोग की वस्तुओं को प्राप्त करने या उनका आनंद लेने से रोकते हैं, तो भविष्य में आपके पास वस्तुएं होने के बावजूद आप उनका आनंद नहीं ले पाएंगे। जैसे, एक धनी व्यक्ति को बीमारी के कारण कई चीजों का त्याग करना पड़ सकता है, जबकि उसका नौकर उनका आनंद लेता है। यह पूर्व में किए गए भोग और उपभोग अंतराय का परिणाम है। किसी व्यक्ति को होने वाले लाभ में बाधा डालना, विशेषकर संबंधों या विवाह जैसे मामलों में हस्तक्षेप करना, लाभ अंतराय कहलाता है। यह उपभोग अंतराय के अंतर्गत भी आता है क्योंकि स्त्री-पुरुष एक-दूसरे के लिए उपभोग के साधन माने जाते हैं। ऐसा करने से आपके स्वयं के या आपके बच्चों के रिश्तों में भविष्य में बाधाएं आती हैं, क्योंकि आपने पहले किसी और के लाभ में विघ्न डाला था।

यह संसार एक खाली गुंबज की तरह है, जहां आपके द्वारा डाली गई छोटी सी बाधा भी बड़े अंतराय का कारण बन जाती है। इस अवसर पर मुजफ्फरनगर से आए दीपक जैन संगीतकार ने अपने भजनों से सभी श्रद्धालुओं को मंत्रम मुग्ध कर दिया। आज की आहार विधि प्रदीप जैन, रेखा जैन बुलंदशहर वालों के परिवार में संपन्न हुई।

# जन्माष्टमी पर दुकानदारों को खरीदारी की उम्मीद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जन्माष्टमी के अवसर पर कान्हा के शृंगार से बाजार सज गए हैं। कन्हैया की रंग बिरंगी पोशाक, बांसुरी, मुकुट, झूला आदि सामान भरपूर मात्रा में बाजारों में उपलब्ध है। इतना ही नहीं चांदी से बनी कान्हा की मूर्तियां भी ग्राहकों का मनमोह रही हैं। अहमदाबाद से कन्हैया के मुकुट मंगाए गए हैं तो दिल्ली और मुजफ्फरनगर से झूले आए हैं। वृंदावन से रंग बिरंगे, आकर्षक परिधान, पालने में झूलते हुए ठाकुर जी, मोतियों की मालाएं मंगाई गई हैं। हरियाली तीज और रक्षाबंधन पर्व के बाद कृष्ण जन्माष्टमी पर भी दुक. ानदारों को जमकर खरीदारी होने की उम्मीद हे।

आगामी 16 अगस्त को जन्माष्टमी का पर्व मनाया जाएगा। कृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर ठाकुर जी को नए परिधानों में सजाकर विधि विधान से पूजा अर्चना करने का विधान है। कृष्ण जन्माष्टमी पर ठाकुर जी के झूले, परिधान, मुकुट, बांसुरी की अच्छी खासी मांग और बिक्री होती है। जन्माष्टमी पर्व को लेकर शहर के बड़ा बाजार, गांधी चौक, नया बाजार, कबाडी बाजार, शिवचौक, माजरा रोड, हनुमान धाम, वीवी इंटर कालेज व हनुमान रोड, की दुकानों पर कान्हा के शृंगार के जरूरी सामान की बिक्री के लिए बाजार सज गए है। कन्हैया की रंग बिरंगी पोशाक, बांसुरी, मुकुट, झूला आदि सामान भरपूर मात्रा में बाजारों में उपलब्ध है। बाजारों में महिलाऐं जाकर जमकर खरीदारी कर रही है। बाजार में कृष्ण जन्माष्टमी पर्व को लेकर चांदी के 30- 40 ग्राम के लड्डू गोपाल साढे तीन से चार हजार रूपए तक में उपलब्ध है। चांदी का झूला 150- 200 ग्राम का 10 से 20 हजार रूपए तक बिक्री मूल्य है। मुकुट और बांसुरी एक हजार से लेकर 5000 रूपए तक है। सर्राफा व्यापारी रवि संगल ने बताया कि सोना- चांदी मंहगा होने से चांदी के लड्डू गोपाल की मांग कम हो रही है। चांदी के झूला- पालना की मांग घट गई है।



## संक्षिप्त खेल समाचार

### एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के दौरान 17 करोड़ ने जियोहॉटस्टार पर लॉग इन किया

**मुंबई, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच खेली गई सबसे यादगार टेस्ट श्रृंखला के समापन के साथ ही, 17 करोड़ से ज्यादा लोगों ने जियोहॉटस्टार पर लॉग इन किया, जिससे यह डिजिटल पर किसी भी टेस्ट श्रृंखला की अब तक की सबसे ज्यादा पहुंच बन गई। जैसे-जैसे श्रृंखला एक असाधारण और रोमांचकारी समापन की ओर बढ़ रही थी, ओवल में खेले गए पांचवें टेस्ट मैच के पांचवें दिन जियोहॉटस्टार पर 1-3 करोड़ दर्शकों की अधिकतम संगामी पहुंच दर्ज की गई - जो डिजिटल पर किसी भी टेस्ट मैच की अब तक की सबसे ज्यादा संगामी पहुंच है। रोमांचक मुकाबलों और रोमांचक मोड़ों के साथ, इंग्लैंड-भारत सीरीज़ ने जियोहॉटस्टार पर 65 अरब मिनट के विशाल व्यू टाइम के साथ भारत का ध्यान खींचा।

### संभावित दो स्तरीय डब्ल्यूटीसी ने बढ़ाई विंडीज क्रिकेट की चिंता

**नई दिल्ली, वार्ता।** अगरआईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के लिए दो स्तरीय प्रणाली (टू टियर सिस्टम) तय करती है तो वेस्टइंडीज शीर्ष स्तर की टीमों से बाहर हो सकती है क्योंकि डब्ल्यूटीसी के तीनों संस्करण में वेस्टइंडीज नौ टीमों में आठवें स्थान पर रही थी और मौजूदा डब्ल्यूटीसी चक्र में भी वेस्टइंडीज को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीनों टेस्ट में हार मिली है। टू टियर सिस्टम की संभावना से वेस्टइंडीज क्रिकेट के हितधारक लचतित हैं और क्रिकेट वेस्टइंडीज़ (सीडब्ल्यूआई) के मुख्य कार्यकारी क्रिस डेहलरग ने कहा है कि वेस्टइंडीज क्रिकेट के हितधारक इस संबंध में अपनी बात रखने की उम्मीद कर रहे हैं। रविवार और सोमवार को त्रिनिदाद में हुई सीडब्ल्यूआई की आपात बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबो. धित करते हुए डेहलरग ने कहा कि इस संबंध में हमें भूमिका अदा करनी होगी, हमें आईसीसी के समक्ष अपनी बात रखनी होगी।

### 64वां सुब्रतो कप 19 अगस्त से शुरू होगा

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रतिष्ठित सुब्रतो कप अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट का 64वां संस्करण 106 टीमों के साथ शुरू होगा, जो जूनियर ब्वायज, जूनियर गर्ल्स और सब-जूनियर ब्वायज - इन तीन वर्गों में शीर्ष सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। टूर्नामेंट 19 अगस्त से 25 सितंबर तक नई दिल्ली-एनसीआर और बेंगलुरु में आयोजित होगा। इस संबंध में आधिकारिक घोषणा राजधानी में आकाश ऑफिसर मेस में आयोजित एक प्रेस कार्यक्रम में की गई, जिसमें एयर मार्शल एस शिवकुमार आदि उपस्थित थे।

# एशिया कपः भारत के लिए ओपनिंग पर सवाल

## अभी तक चार दावेदार सामने आए, सैमसन-यशस्वी और अभिषेक- गिल के बीच टक्कर




**नई दिल्ली, वार्ता।** इंग्लैंड दौरे की समाप्ती के बाद अब भारत का अगला असाइनमेंट एशिया कप है। इसकी शुरुआत नौ सितंबर से होगी और सारे मैच यूएई में खेले जाएंगे। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 10 सितंबर को यूएई के खिलाफ ही करेगी।

इसके बाद शेडयूल के मुताबिक, टीम इंडिया 14 सितंबर को पाकिस्तान के खिलाफ मैच खेलेगी। हालांकि, इस टूर्नामेंट से पहले चयनकर्ताओं के सामने असली चुनौती है। दरअसल, शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल पिछले कुछ समय से टी-20 टीम का हिस्सा नहीं थे और अब अगर ये एशिया कप के लिए खुद को उपलब्ध बताते हैं तो चयनकर्ताओं के सामने ये चुनौती होगी कि ओपनिंग के लिए किसे चुना जाए। गिल और यशस्वी इंग्लैंड के खिलाफ इसी साल फरवरी में खेली गई पांच मैचों की टी-20 सीरीज का हिस्सा नहीं थे। गिल और यशस्वी, दोनों ने अपना-अपना पिछला टी-20 मुकाबला जुलाई 2024 में पल्लेकल में श्रीलंका के खिलाफ खेला था। इसके बाद से किसी भी टी-20 सीरीज में ओपनिंग की जिम्मेदारी अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन के कंधों पर रही है। जुलाई 2024 के बाद भारत ने बांग्लादेश, दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज खेली हैं और अभिषेक और सैमसन पर ही ओपनिंग की जिम्मेदारी रही है। हालांकि, अगर गिल और यशस्वी वापसी करते हैं तो ओप. निंग किसे दी जाएगी, यह सबसे बड़ा सवाल है। सैमसन खुद भी बता चुके हैं कि उन्हें बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 सीरीज से पहले कप्तान सूर्यकुमार यादव ने यह जिम्मेदारी निभाने को कहा था। हालांकि, तब सूर्यकुमार ने उन्हें सात मैचों की बात कही थी। यानी बांग्लादेश के खिलाफ तीन और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चार मैच। इस सात मैचों में सैमसन ने तीन शतक जड़े थे और खुद को साबित किया था। वहीं, अभिषेक मौजूदा समय में टी-20 के नंबर एक बल्लेबाज हैं। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय टी-20 में अपनी कई तूफानी पारियों से धमाल मचा दिया है। वहीं, गिल टेस्ट टीम के कप्तान हैं और यशस्वी विस्फोटक ओपनर हैं। ऐसे में अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति के सामने एक सही स्क्वाड चुनने की जिम्मेदारी होगी। सैमसन और अभिषेक ने हाल फिलहाल में खुद को साबित किया है और उनके आंकड़े इसकी गवाही देते हैं। सैमसन और अभिषेक को पिछले साल अक्टूबर से साथ ओपनिंग करने की जिम्मेदारी मिली और तब से भारत ने 12 में से 10 टी-20 जीते हैं। इसके अलावा सैमसन विकेटकीपर की अतिरिक्त भूमिका निभाते हैं, जबकि अभिषेक स्पिन गेंदबाजी भी कर सकते हैं। सैमसन ने अब तक टी-20 में 42 मैचों में 152.39 के स्ट्राइक रेट से 861 रन बनाए हैं। इनमें तीन शतक और दो अर्द्धशतक शामिल हैं। वहीं, अभिषेक ने 17 टी-20 मैचों में 193.85 के बेहतरीन स्ट्राइक रेट से 535 रन बनाए हैं। इनमें दो शतक और दो अर्द्धशतक शामिल हैं। अगले साल टी-20 विश्व कप होना है और उसे देखते हुए इन दोनों की ओपनिंग जोड़ी को छेड़ना खतरे से खाली नहीं होगा।



● कोहली का जलवा इंस्टाग्राम पर बरकरार

# विराट इंस्टाग्राम पर सबसे ज्यादा फालोअर्स वाले एशियाई एथलीट

## रोनाल्डो-मेसी और राक बस उनसे आगे

**नई दिल्ली, वार्ता।** देश के दिग्गज क्रिकेटर विराट कोहली का जलवा सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर भी बना हुआ है। वह इंस्टा पर सबसे ज्यादा फालो किए जाने वाले एशियाई एथलीट हैं। वह शीर्ष-10 की लिस्ट में इकलौते क्रिकेटर और एशियाई हैं। इस लिस्ट में फुटबॉल खिलाड़ियों की भरमार है। कोहली के इंस्टा पर करीब 273 मिलियन यानी 27.3 करोड़ फालोअर्स हैं। वह इंस्टाग्राम पर ओवरआल सबसे ज्यादा फालो किए जाने वाले एथलीट्स में चौथे नंबर पर हैं। शीर्ष-दो पर दुनिया के दो महानतम फुटबॉलर्स में शुमार क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनल मेसी का बोलबाला है। रोनाल्डो पुर्तगाल फुटबॉल टीम के कप्तान हैं और फिलहाल सऊदी अरब के फुटबॉल क्लब अल नस्र के लिए खेल रहे हैं। उनके इंस्टाग्राम पर 662 मिलियन यानी 66.2 करोड़ फालोअर्स हैं। वहीं, अर्जेंटीना फुटबॉल टीम के कप्तान मेसी के इंस्टाग्राम पर 506 मिलियन यानी 50.6 करोड़ फालोअर्स की संख्या है। मेसी फिलहाल अमेरिकी मेजर लीग साकर में इंटर मियामी टीम का हिस्सा हैं। तीसरे नंबर पर श्द राकश के नाम से मशहूर रेसलर और एक्टर ड्वेन जानसन हैं। इंस्टाग्राम पर ड्वेन जानसन के फालोअर्स की संख्या 392 मिलियन यानी 39.2 करोड़ है। इसके बाद विराट कोहली का नंबर आता है।

**इंस्टाग्राम पर सबसे ज्यादा फालो किए जाने वाले एथलीट्स की लिस्ट**

| रैंक | खिलाड़ी | देश | खेल | फालोअर्स |
|---|---|---|---|---|
| 1 | क्रिस्टियानो रोनाल्डो | पुर्तगाल | फुटबॉल | 66.2 करोड़ |
| 2 | लियोनेल मेसी | अर्जेंटीना | फुटबॉल | 50.6 करोड़ |
| 3 | ड्वेन जानसन | अमेरिका | रेसलिंग | 39.2 करोड़ |
| 4 | विराट कोहली | भारत | क्रिकेट | 27.3 करोड़ |
| 5 | नेयमार जूनियर | ब्राजील | फुटबॉल | 23.1 करोड़ |
| 6 | किलियन एम्बाप्पे | फ्रांस | फुटबॉल | 12.5 करोड़ |

# बेहोश होकर गिरे इतावली ओरिएंटियरिंग एथलीट की मौत

**चेंगदू, वार्ता।** चेंगदू में 2025 विश्व खेलों में प्रतिस्पर्धा के दौरान बेहोश होकर गिर पड़े इतालवी ओरिएंटियरिंग एथलीट मटिया डेबर्टोलिस की मंगलवार को मौत हो गई। आयोजकों और उनके खेल के शासी निकाय ने इसकी पुष्टि की।

अंतर्राष्ट्रीय विश्व खेल संघ (आईडब्ल्यूजीए), चेंगदू 2025 विश्व खेलों की स्थानीय आयोजन समिति (एलओसी) और अंतर्राष्ट्रीय ओरिएंटियरिंग महासंघ (आईओएफ) ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए एक संयुक्त बयान जारी किया। बयान के अनुसार, डेबर्टोलिस शुक्रवार सुबह, 8 अगस्त को विश्व खेलों के 12वें संस्करण के तहत पुरुषों की मध्यम दूरी की ओरिएंटियलरग स्पर्धा के दौरान बेहोश पाए गए। घटनास्थल पर तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान की गई। बाद में उन्हें गहन चिकित्सा के लिए चीन के एक प्रमुख चिकित्सा संस्थान में स्थानांतरित कर दिया गया। निरंतर विशेषज्ञ चिकित्सा प्रयासों के बावजूद, मंगलवार को उनका निधन हो गया। बयान में कहा गया है कि वर्ल्ड गेम्स परिवार, एलओसी और आईओएफ इस त्रासदी से स्तब्ध हैं और एथलीट के परिवार, दोस्तों और पूरे ओरिएंटियरिंग समुदाय के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं।

# एमएस धोनी की अर्जी पर सुनवाई

## मानहानि केस



● मद्रास हाईकोर्ट का आदेश, माही ने मीडिया हाउस पर 100 करोड़ का दावा किया था

**चेन्नई, वार्ता।** पूर्व भारतीय कप्तान एमएस धोनी के 100 करोड़ रुपए मानहानि केस में मद्रास हाई कोर्ट ने सुनवाई करने के आदेश दिए हैं। धोनी का बयान एडवोकेट कमिश्नर के माध्यम से रिकार्ड किया जाएगा, ताकि भीड़ और अव्यवस्था की स्थिति से बचा जा सके। धोनी ने 2014 में यह केस दर्ज किया था, जिसमें दो प्रमुख मीडिया चौनलों से हर्जाने की मांग की गई थी।

आरोप था कि 2013 के आईपीएल सट्टेबाजी घोटाले पर टीवी डिबेट के दौरान उनके खिलाफ मानहानिकारक टिप्पणी की गई थी। एक एडवोकेट कमिश्नर नियुक्त जस्टिस सीवी कार्तिकेयन ने एक एडवोकेट कमिश्नर नियुक्त किया है, जो धोनी की ओर से सबूत और बयान दर्ज करेंगे। धोनी ने हलफनामे में कहा कि वे कोर्ट और कमिश्नर के निर्देशों का पालन करेंगे और चाहते हैं कि ट्रायल में देरी न हो। 2013 में हुई थी स्पाट फिक्सिंग आईपीएल 2013 में स्पाट फिक्सिंग हुई थी। पुलिस की जांच में बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष एन श्रीनिवासन के दामाद, टीम चेन्नई सुपर किंग्स के हेड गुरुनाथ मयप्पन और शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा जैसे बड़े नामों पर आरोप लगे थे। राजस्थान रॉयल्स के 3 खिलाड़ी एस. श्रीसंत, अंकित चव्हाण और अजीत चंदीला तो गिरफ्तार हो हुए थे। दोनों टीमों पर सवाल खड़े होने लगे।

हाईप्रोफाइल मामले की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट की तरफ से लोढ़ा कमेटी बनाई गई। साल 2015 में कमेटी की सिफारिश पर दोनों टीमों पर 2 साल का प्रतिबंध लगाया गया था। धोनी फिलहाल इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं और आईपीएल में सीएसके की ओर से खेलते हैं। धोनी ने 2004 में इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू किया था।

# विभु ने डेफलम्पिक्स गोल्फ सेलेक्शन टायल्स में पहला स्थान हासिल किया

● यूपी के हर्ष सिंह और चंडीगढ़ की जसतर सिंह बिलिंग ने क्रमशः दूसरा व तीसरा स्थान हासिल किया

**ग्रेटर नोएडा, वार्ता।** महाराष्ट्र के विभु त्यागी ने डेफलम्पिक्स सेलेक्शन ट्रॉयल्स 2025 में पुरुष प्रतिभागियों के बीच शीर्ष स्थान हासिल करते हुए विजेता का ताज पहना। ग्रेटर नोएडा के प्रतिष्ठित जेपी ग्रीन्स गोल्फ कोर्स में दो दिनों तक चले इस चुनौतीपूर्ण मुकाबले में त्यागी ने कुल 168 (24-ओवर पार) स्कोर करते हुए लीडरबोर्ड में पहला स्थान प्राप्त किया। यह मुकाबला अत्यधिक गर्मी, उमस और तेज हवाओं जैसी कठिन परिस्थितियों में खेला गया, जिसने खिलाड़ियों की सहनशक्ति और कौशल की कड़ी परीक्षा ली। इस चयन ट्रायल का आयोजन एआईएससीडी द्वारा भारतीय गोल्फ संघ (आईजीयू) के मार्गदर्शन में किया गया था। 6 से 8 अगस्त, 2025 तक आयोजित इस आयोजन में छह समर्पित एथलीटों ने भाग लिया, जिनमें एक महिला खिलाड़ी भी शामिल थीं, जो भारत में श्रवण-बाधित खिलाड़ियों के लिए खेलों में बढ़ती समावेशिता को दर्शाता है। त्यागी के बाद उत्तर प्रदेश के हर्ष सिंह और चंडीगढ़ के जसतर सिंह बिललग ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। यह ट्रायल्स डेफलम्पिक्स 2025, टोक्यो के लिए भारत की गोल्फ टीम का चयन करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। ट्रायल्स की शुरुआत आईजीयू के कोषाध्यक्ष संजीव रत्तन द्वारा स्वागत भाषण के साथ हुई, जिनके साथ एआईएससीडी के चेयरमैन मोलहदर सिंह ने खिलाड़ियों को संबोधित किया और उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर परियोजना प्रबंधक सोमेश शर्मा और तकनीकी निद. ेशक (बैडलमटन) श्रीमती सोनू आनंद शर्मा भी उपस्थित रहीं। एआईएससीडी के चेयरमैन मोलहदर सिंह ने कहा कि चयन ट्रायल्स को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से आयोजित किया गया। भले ही प्रतिभागियों की संख्या कम थी, लेकिन प्रतियोगिता बेहद कड़ी रही और सभी खिलाड़ियों ने दोनों राउंड्स में निरंतर प्रदर्शन किया। मैं भारतीय गोल्फ संघ को उनके मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं और विजेताओं सहित सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देता हूं। हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के शब्दों में, 'जो खेले, वो खिले', इन विशेष खिलाड़ियों को देश का प्रतिनिधित्व करने का सौभाग्य मिला है और यह बहुत गर्व की बात है।

# भारत ने एशियाई अंडर-19 और अंडर-22 मुक्केबाजी चैंपियनशिप में जीते 27 पदक

**एशियाई अंडर-22 मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025: भारतीय पदक विजेता**

**स्वर्ण पदक विजेता**-रितिका, **रजत पदक विजेता**-यात्री, प्रिया, नीरज, इशान, **कांस्य पदक विज. ेता**-भावना , पार्थवी, प्रांजल, श्रुति, हर्ष, अंकुश, रॉकी, मयूर।

**एशियाई अंडर-19 मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025: भारतीय पदक विजेता**

**स्वर्ण पदक विजेत**-निशा, मुस्कान, राहुल, **रजत पदक विजेत**-विनी, निशा, आरती, कृतिका, प्राची, मौसम, हेमंत, **कांस्य पदक विजेत**-यक्षिका, आकांक्षा, शिवम, गौरव।

● 10 दिवसीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में महाद्वीप की सर्वश्रेष्ठ युवा प्रतिभाएं एक साथ आई

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत ने बैंकॉक में आयोजित एशियाई अंडर-19 और अंडर-22 मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 में विभिन्न आयु वर्गों में कुल 27 पदकों के साथ अपना अभियान समाप्त किया।

ओलंपिक्सडॉटकॉम के अनुसार, रितिका ने सोमवार को बैंकॉक में महिलाओं के 80+ किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर एशियाई अंडर-19 और अंडर-22 मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 में भारत के अभियान का समापन किया। टीम ने विभिन्न आयु वर्गों में कुल 27 पदक जीते। विज्ञप्ति में कहा गया है कि 10 दिवसीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में महाद्वीप की सर्वश्रेष्ठ युवा प्रतिभाएं एक साथ आईं, जिसमें भारत की अंडर-19 टीम कुल मिलाकर दूसरे स्थान पर रही और अंडर-22 टीम चौथे स्थान पर रही। भारत ने 40 मुक्केबाजों का दल उतारा था।

प्रत्येक आयु वर्ग में बीस। अंडर-19 दल ने तीन स्वर्ण, सात रजत और चार कांस्य सहित 14 पदक जीते, जबकि अंडर-22 मुक्केबाजों ने एक स्वर्ण, चार रजत और आठ कांस्य पदक जीते। अंतिम दिन के बारे में बताते हुए, विज्ञप्ति में कहा गया कि रितिका भारत की एकमात्र अंडर-22 चैंपियन बनकर उभरीं, जिन्होंने अंतिम दिन 80+ किग्रा के फाइनल में कजाकिस्तान की एस्सेल टोकटासिन को हराने के लिए दबाव में भी अपना संयम बनाए रखा। यात्री पटेल को महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में उज्बेकिस्तान की खुमोराबोनू मामाजोनोवा से हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा, जबकि 60 किग्रा के फाइनल में प्रिया का पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की यू तियान के खिलाफ जोशीला मुकाबला 3-2 से हार के साथ समाप्त हुआ। बाद में, नीरज ने पुरुषों के 75 किग्रा भार वर्ग के फाइनल में उज्बेकिस्तान के शावकटजोन बोल्ताएव से हारकर रजत पदक जीता। ईशान कटारिया ने भी 90+ किग्रा भार वर्ग के स्वर्ण पदक मुकाबले में उज्बेकिस्तान के खलीमजोन मामासोलिएव से हारकर रजत पदक जीता। विज्ञप्ति में आगे कहा गया कि इस साल की शुरुआत में, अंडर-15 और अंडर-17 टीमों ने एशियाई चैंपियनशिप में कुल मिलाकर 43 पदक जीते थे।

# हरमनप्रीत-मंधाना को विश्व कप जीतने का भरोसा

## 8 टीमों वाला यह टूर्नामेंट 30 सितम्बर से भारत में शुरू होगा जहां भारत का पहला मैच श्रीलंका से होगा




**मुंबई, वार्ता।** भारत की सीनियर जोड़ी हरमनप्रीत कौर और स्मृति मंधाना ने टीम के हालिया प्रदर्शन, सामूहिक आत्मविश्वास और हाल के समय में बदले हुए तैयारी के तरीकों पर भरोसा जताते हुए पहला वनडे विश्व कप जीतने की संभावना जताई है।

आठ टीमों वाला यह टूर्नामेंट 30 सितम्बर से भारत में शुरू होगा, जहां भारत का पहला मैच श्रीलंका से है। भारत पिछली बार 2022 के वनडे विश्व कप में सेमीफाइनल तक भी नहीं पहुंच सका था। भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2005 और 2017 में रहा है, जहां दोनों बार टीम उपविजेता थी। दोनों बार टीम की कप्तान मिताली राज थीं। इस बार भारतीय टीम घरेलू मैदान और हालिया फॉर्म के दम पर एक कदम आगे बढ़ने की उम्मीद कर रही है। भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत ने मुंबई में विश्व कप के 50 दिन के काउंटडाउन आईसीसी इवेंट के दौरान कहा कि घरेलू दर्शकों के सामने खेलना हमेशा घस होता है और उम्मीद है कि इस बार हम 100प्रतिशत देंगे। हम उस रुकावट को समाप्त करने की को. शिश करेंगे, जिसका इंतजार सभी भारतीय प्रशंसक वर्षों कर रहे हैं। भारत इस साल वनडे में शानदार फॉर्म में रहा है और अब तक खेले गए 11 में से नौ मैच जीते हैं। इनमें आयरलैंड पर 3-0 की जीत, श्रीलंका में त्रिकोणीय सीरीज जीत और हाल में इंग्लैंड में 2-1 की सीरीज जीत शामिल हैं। वनडे रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज इंग्लैंड के खिलाफ जीत ने निश्चित ही घरेलू विश्व कप से पहले उनका आत्मविश्वास बढ़ाया होगा। अभी भारत का आत्मविश्वास कैसा है? इस सवाल के जवाब में हरमनप्रीत ने कहा कि सच कहूं तो बहुत ऊंचा है। पिछले कुछ साल में हमने जितना क्रिकेट खेला है, उसने हमें काफी आत्मविश्वास दिया है। जिस तरह हम पिछले कुछ साल से खेल रहे हैं, हम बस उसे जारी रखना चाहते हैं। मेरा मानना है कि यह सब हमारी मानसिकता और बेखौफ क्रिकेट पर निर्भर है, जो हम खेल रहे हैं। इंग्लैंड में वनडे सीरीज जीत से पहले टीम को वहां 3-2 से टी20 सीरीज में भी जीत मिली थी, जो इंग्लैंड में भारत की पहली टी20सीरीज जीत भी है। हरमनप्रीत ने कहा कि हम इंग्लैंड के नतीजों से हैरान नहीं थे क्योंकि हमें पता था कि हमने कैसी तैयारी की है। हमें पता था कि हम यह आसानी से कर सकते हैं। हमने इसके लिए बहुत मेहनत की थी, लेकिन साथ ही चीजों को बहुत सिंपल भी रखा था। हमें भरोसा था कि हम कोई भी सीरीज या टूर्नामेंट आसानी से जीत सकते हैं। हम सिर्फ इस पर बात कर रहे थे कि कैसे जीतना है, कैसे खुद को सुधारना है। हमारे लिए यह कोई बड़ी उपलब्धि नहीं थी बल्कि यह हमारी दिनचर्या का नतीजा था और हम इसे बार-बार करते रहना चाहते हैं। टीम की उपकप्तान मंधाना ने कहा कि टीम के हालिया फॉर्म का कारण मैदान से बाहर की तैयारियां भी हैं। उन्होंने कहा कि हम जो ट्रेलनग और मेहनत कर रहे हैं, उसका नतीजा मिल रहा है। उम्मीद है कि यह विश्व कप हमारे लिए बहुत खास होगा। इंग्लैंड में पिछले डेढ़ महीने में कई सही चीजें हुईं। मैदान से बाहर भी पूरी टीम का एकजुट रहना और हर दिन कड़ी मेहनत करना हमारे लिए बहुत अहम है।

# मो बोबाट लंदन स्पिरिट में क्रिकेट निदेशक नियुक्त



● मो बोबाट क्रिकेट निदेशक की भूमिका में बेजोड़ विशेषज्ञता और दूरदर्शिता रखते हैः जूलियन

**लंदन, वार्ता।** मो बोबाट को लंदन स्पिरिट में क्रिकेट निदेशक नियुक्त किया गया है और वे 1 अक्टूबर, 2025 से यह पदभार ग्रहण करेंगे। इंग्लैंड के पूर्व पुरुष टीम के प्रदर्शन निदेशक और आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के वर्तमान क्रिकेट निदेशक, फ्रेंचाइजी की 2026 सीजन की तैयारी के लिए पहली बड़ी नियुक्ति हैं।

बोबाट का आगमन ऐसे समय में हुआ है जब स्पिरिट एक नए स्वामित्व युग में प्रवेश कर रहा है, जिसमें एमसीसी के पास टीम में 51: हिस्सेदारी है और अमेरिका स्थित तकनीकी निवेश समूह टेक टाइटन्स के पास शेष 49प्रतिशत हिस्सेदारी है। ईसीबी ने हाल ही में पुष्टि की है कि सभी आठ हंड्रेड टीमें निजी स्वामित्व में चलेंगी। इस बीच, लंदन स्पिरिट नए ढांचे के तहत अपना नाम बरकरार रखेगी, और 2026 की शुरुआत में इसका नया ब्रांडिंग करने की योजना है। अपनी नई भूमिका के बारे में बात करते हुए, बोबाट ने कहा कि ऐसे रोमांचक समय में लंदन स्पिरिट में शामिल होना सम्मान की बात है।

एमसीसी और हमारे नए साझेदारों, टेक टाइटन्स के साथ काम करते हुए, इस फेंचाइजी के क्रिकेट भविष्य को आकार देने का अवसर अविश्वसनीय रूप से रोमांचक है। मैं मैदान के अंदर और बाहर कुछ खास बनाने के लिए उत्सुक हूं। लंदन स्पिरिट के अध्यक्ष जूलियन मेथेरेल ने कहा कि आज लंदन स्पिरिट के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है। मो बोबाट क्रिकेट निदेशक की भूमिका में बेजोड़ विशेषज्ञता और दूरदर्शिता लेकर आते हैं, और हमें उनका स्वागत करते हुए बेहद खुशी हो रही है।

साथ ही, लंदन स्पिरिट नाम को बरकरार रखना उस पहचान में हमारे विश्वास को दर्शाता है जो हमने बनाई है - एक ऐसी पहचान जो राजधानी, हमारे प्रशंसकों और हमारे मूल्यों के साथ प्रतिध्वनित होती है। अब हम नई ऊर्जा और स्पष्ट उद्देश्य के साथ एक नए युग की ओर देख रहे हैं।

### अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के मौके पर मेडिग्राम हॉस्पिटल ने चलाया युवा हृदय स्वास्थ्य जागरूकता अभियान

# सामाजिक जिम्मेंदारी निभाता रहेगा मेडिग्राम: डा.अजय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के मौके पर मेडिग्राम हॉस्पिटल ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस गार्डन में युवा हृदय स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाया।

हॉस्पिटल के निदेशक डा.अजय सिंह ने कहा कि मेडिकल हॉस्पिटल क्षेत्र के लोगों को उत्कृष्ट चिकित्सा सुविधायं उपलब्ध कराने के साथ-साथ स्वास्थ्य से संबंधित समस्याओं के कारण और निराकरण के प्रति जागरूक करने के अपने सामाजिक कर्तव्य का निर्वहन भी निरंतर करता आया है। आज के आयोजन का मूल उद्देश्य युवाओं को हृदय से संबंधित समस्याओं के विषय में जागरूक करने के साथ-साथ हृदय रोगों से संबंधित भ्रांतियों को दूर करना भी था।

डा.अजय सिंह ने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत लोगों का एक ग्रुप वॉक का आयोजन करने के अतिरिक्त कार्डियों स्क्रीनिंग जांचे भी निशुल्क की गई। डा.अजय कुमार ने हृदय रोगों से संबंधित प्रश्नों के उत्तर देते हुए हृदय रोगों से जुडी भ्रांतियों के विषय में अवगत कराया। इससे



पूर्व मेडिग्राम हॉस्पिटल के चिकित्सक डा.शरद अग्रवाल, डा.रवि जैन, डा.रवि ठककर, डा.मुध जैन ने आये लोगों का आभार जताया।

इस मौके पर डा.स्वर्णजीत सिंह, डा.संदीप गर्ग, एकता मार्निंग क्लक के अध्यक्ष कपिल मल्होत्रा, भगीरथ सेठी, विनय दहुजा, खैरातीलाल अरोरा, ओमप्रकाश कंसल, राजेश दुआ, मुरली खन्न, महेंद्र सचदेवा, सतपाल गाबा, के.एल.देवडा, मनोहर बाटला, डा. अखिल गौतम, डा.मौ.आजाद आदि समेत मेडिग्राम हॉस्पिटल का स्टाफ मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# एमएलसी शाहनवाज के प्रयास से मिलेगी कंपनी बाग घूमने के शौकीनों को राहत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कंपनी बाग में सेहत के लिये घुमने वाले वाले लोगों को सपा एमएलसी शाहनवाज खान के प्रयास से राहत मिल जायेगी। जो लोग पास नहीं बनवा सकते और कंपनी बाग में घूमने का शौक रखते है अब उन्हें प्रतिदिन के 20 रुपये नहीं देने होंगे।



विधान परिषद के मानसून सत्र में आज एमएलसी शाहनवाज खान ने ऐतिहासिक कम्पनी बाग में टहलने के लिए लगाए गए 20 रुपये प्रतिदिन के शुल्क का मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने कहा अंग्रेजी शासन में भी देश के लोगों पर कम्पनी बाग में टहलने की पाबंदी थी और आज भी यह टैक्स लगाना निंदनीय है। उन्होंने बताया कि कम्पनी बाग सदियों से आम जनता के लिए सुकून और ताजगी का केंद्र रहा है। यहां लोग सुबह-शाम बेफिक्र होकर टहलते हैं। जिस कारण यह शुल्क न केवल नागरिकों की जेब पर बोझ है, बल्कि उनकी स्वतंत्रता पर भी कुठाराघात है। शाहनवाज खान का भाषण सुनने के बाद पर मंत्री ने तत्काल प्रतिक्रिया दी और आश्वासन दिया कि इस शुल्क को समाप्त करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। महानगर के नागरिकों ने इस कदम का स्वागत करते हुए कहा कि शाहनवाज खान ने जनता के लिए सच्ची लड़ाई लड़ी है।

# लाखों कुर्बानियों से मिली आजादी: अभय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साढोली कदीम।** भाजपा के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने बेहट विधानसभा क्षेत्र के गांव साढोली कदीम में भाजपा नेता अभय सिंह राणा के नेतृत्व में हर घर तिरंगा यात्रा निकाली। इस दौरान लगाए गए देशभक्ति नारों से इलाका गुंजायमान हो गया।

मंगलवार को प्रदेश की नंबर एक विधानसभा सीट बेहट के साढोली कदीम में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा आयोजित हर घर तिरंगा यात्रा का शुभारम्भ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश को आजाद कराने के लिए लोगों ने अपने प्राणों का बलिदान दिया है। आजादी हमे इतनी आसानी से नहीं मिली है इसके लिए कितने ही युवाओं, बुजुर्गो, महिलाओं ने अपने जान न्योछावर की है।

ब्लॉक प्रमुख विश्वास चौधरी ने कहा कि सभी कार्यकर्ता हाईकमान के निर्देशों का पालन करते हुए हर घर तिरंगा फहराने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपना योगदान दें।यात्रा के दौरान स्वतंत्रता



सेनानी बल सिंह के पोते नकली सिंह को भी सम्मानित किया गया।

इस दौरान निकाली गई तिरंगा यात्रा में जिला पंचायत सदस्य रामकिशन उर्फ रामु चौधरी,भाजपा के जिला कोषाध्यक्ष अनिल सिंघल, बेहट भाजपा मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सैनी,पूर्व प्रधान प्रदीप गुप्ता,बबलू कुमार एडवोकेट,मोहित जैन,बंसी लाल आदि ने भी हाईकमान के निर्देशों का पालन करते हुए हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आह्वान किया।

# सौंदर्यकरण को विधायक चौ. किरत ने स्वीकृत कराई धनराशि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** गंगोह विधायक चौ. किरत सिंह के आग्रह पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व पयर्टन मंत्री जयवीर सिंह ने गंगोहवासियों को तोहफा देते हुए प्राचीन बाबा घुमरा देव मंदिर रंधेडी के सौंदर्यकरण हेतु एक करोड रुपये की धनराशि स्वीकृत की है।

चो.किरत सिंह ने कहा कि यह हमारी संस्कृति का पुनर्जागरण, विरासत का संरक्षण और श्रद्धा का गौरवपूर्ण विस्तार है। बाबा घुमरा देव मंदिर, जो सदियों से भक्ति का केंद्र रहा है, अब नए स्वरूप में और भी आकर्षक, भव्य और आध्यात्मिक बनेगा। यह पहल रन्धेड़ी को धार्मिक



पर्यटन के मानचित्र पर नई पहचान देगी। जिससे यहाँ की आस्था, कला और परंपराएं आने वाली पीढ़ियों तक संरक्षित रहेंगी। विधायक चौ.किरत सिंह ने मुख्यमंत्री व पयर्टन मंत्री का आभार जताया।

## वेबीनार का आयोजन

**गंगोह।** लाला किशनचंद राजकीय महाविद्यालय में एक वेबीनार का आयोजन किया गया। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत एक्सीलेंस ग्लोबल स्किल संस्था द्वारा किया गया। इस वेबीनार का विषय षवित्तीय साक्षरता था।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ऋषिपाल सिंह द्वारा किया गया। छात्र छात्राओं को कैरियर गाइडेंस में वित्तीय साक्षरता व शिक्षक अभिप्रेरणा के बारे में जानकारी दी गई। छात्र छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के प्रशिक्षक ऐमी वेज द्वारा छात्र छात्राओं को विषय के बारे में प्रशिक्षित किया गया। जिससे वह भविष्य में वित्तीय साक्षरता की मदद से करियर में विषय संबंधित अवसरों को प्राप्त कर सफल हो सकें। कार्यक्रम में प्रवक्ता डॉ. रेनम मालिक, डॉ अर्चना सिंह, जेबा फातमा, अभिलाष कुमार मौजूद रहे।

# प्रमुख मेहरबान के नेतृत्व में निकाली तिरंगा यात्रा



**सहारनपुर।** ब्लाक पुंवारका प्रमुख मेहरबान मुखिया की अगुवाई में तिरंगा यात्रा निकाली गई।

ग्राम पंचायत खुर्द से निकाली गई तिरंगा यात्रा ब्लॉक पुंवारका कार्यालय पहुंचकर संपन्न हुई। ब्लाक प्रमुख मेहरबान मुखिया ने कहा कि तिरंगा यात्रा देशवासियों के स्वाभिमान का प्रतीक है। इस दौरान पूर्व ब्लॉक प्रमुख कुलबीर राणा.खण्ड विकास अधिकारी नीरु मलिक, ए के सिंह, दीपक पुंडीर आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## उपहार में दिए पौधे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** इनर व्हील क्लब द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर क्लब एडिटर ने औषधिय व पर्यावरण को शुद्ध करने वाले पौधे सभी सदस्यों को उपहार स्वरूप दिए।

क्लब द्वारा एक पौधा मां के नाम को समर्पित वृक्षारोपण किया गया। एडिटर विधि सिंघल ने बताया कि यह सभी पौधे उनकी सांस विनीता सिंघल ने अपने हाथों से सभी सदस्यों के लिए लगाए थे तथा उनकी देखभाल की थी जो कि इस कार्यक्रम में सभी क्लब को दिए गए। सभी सदस्यों ने वृक्ष लगाओ जीवन बचाओ का नारा दिया व अधिक से अधिक पेड़ लगाने का संकल्प लिया। क्लब अध्यक्ष निशा गुप्ता ने कहा कि सभी को पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक मात्रा में वृक्षारोपण करने की आवश्यकता है ताकि भावी पीढ़ी स्वस्थ रह सके।

# निगम की गलितयों से बेघर नहीं होगें डेढ़ सौ परिवार: टिंकू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कलसिया रोड वार्ड 36 पर स्थित 150 क्वार्टरों के मसले में नगर आयुक्त नगर निगम से पार्षद डॉक्टर एहतेशाम और पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा ने मिलकर 150 क्वार्टर में निवास कर रहे क्षेत्रवासियों का पक्ष रखा।

पार्षद टिंकू अरोडा ने कहा कि सन 1960 में नगर निगम द्वारा डेढ़ सौ परिवारों को क्वार्टरों का आवंटन किया गया था और शर्तों के माध्यम से किस्तों के रूप में क्वार्टर की कीमत पूरी कर ली गई थी उसके बाद लगातार नगर निगम टैक्स विभाग टैक्स की वसूली कर रहा है लेकिन अभी पिछले दो माह से इन लोगों को क्वार्टर खाली करने का नोटिस जारी किया गया है जिस संबंध में आज क्षेत्र वासियों के साथ नगर आयुक्त नगर निगम से मिले और सभी जरूरी दस्तावेजों के साथ प्रार्थना पत्र दिया जिस पर नगर आयुक्त ने जांच करने के उपरांत ही कोई कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। डॉक्टर एहतेशाम ने कहा कि



पिछले कई वर्षो से लगातार यहां के निवासी टैक्स भी दे रहे हैं और किस्तों में अपना पैसा भी दे चुके हैं इन्हें हटाने का निगम को कोई अधिकार नहीं है।

पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा ने कहा सर्व समाज के लोग इन क्वाटरो में निवास कर रहे हैं इस सरकार में आए दिन लोगों पर अत्याचार हो रहा है और नियमों को पूरा करते हुए उन्होंने

**■ नगर आयुक्त से मिलकर रखा पीड़ित परिवारों का पक्ष**

अपने-अपने आवंटित क्वार्टरों की पूरी राशि जमा कर दी है उसके बावजूद भी नगर निगम बदनियति कर रहा है। ऐसे में किसी के ऊपर भी ज्यादती बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी पार्षद मिलकर उनकी लड़ाई को लड़ने का काम करेंगे।

इस मौके पर पार्षद परवेज मलिक, पार्षद भूरा मलिक, पार्षद कलीम अहमद, पार्षद राजीव अन्नू, पार्षद स्वराज, पार्षद अहमद मलिक, पार्षद नितिन जाटव, पार्षद हाजी गुलश.ेर, पार्षद डॉक्टर मोहतसीन, पार्षद अहमद मलिक, पार्षद नूर आलम, पार्षद मोहर्रम अली पप्पू ,पार्षद अब्दुल खालिक, पार्षद नदीम अंसारी, पार्षद फराज अंसारी, पार्षद इमरान सैफी और क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# ग्लोकल विश्वविद्यालय में निकाली तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिर्जापुर।** ग्लोकल विश्व विद्यालय के अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति सैयद निजामुद्दीन के संरक्षण, कुलपति प्रोफेसर हृदय शंकर सिंह की प्रेरणा और कुलसचिव प्रोफेसर शिवानी तिवारी की अनुप्रेरणा से भारत सरकार के हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत आज एक तिरंगा रैली का आयोजन किया गया।

रैली का शुभारंभ अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति सैयद निजामुद्दीन, कुलपति प्रोफेसर हृदय शंकर सिंह, प्रतिकुलपति प्रोफेसर जॉन फिन्बे, कुलसचिव प्रोफेसर शिवानी तिवारी और यूनानी कॉलेज के प्रिंसिपल प्रोफेसर रेहान शफी के कर कमलों द्वारा किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर शोभा त्रिपाठी व छात्र कल्याण अधिष्ठाता की टीम के संयोजन में



यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कुलपति प्रोफेसर हृदय शंकर सिंह ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान भारत के प्रत्येक नागरिक में देशभक्ति, एकता और राष्ट्रीय गर्व की भावना को जागृत करने का एक सशक्त प्रयास है। तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि यह हमारे स्वतंत्रता संग्राम की बलिदान गाथा, देश की विविधताओं में एकता और लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रतीक है। जब हर घर पर तिरंगा लहराता है, तो यह संदेश देता है कि हम सब भारतीय एक सूत्र में बंधे हैं और अपने राष्ट्र की गरिमा व अखंडता की रक्षा के लिए सदैव तैयार हैं। यह पहल न केवल स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्वों को गौरवपूर्ण बनाती है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी देश के प्रति प्रेम और सम्मान का पाठ पढ़ाती है।

## 15 अगस्त को होगी क्रास कन्ट्री दौड़

**सहारनपुर।** स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर खेल निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ एवं जिला प्रशासन के सहयोग से क्षेत्रीय खेल कार्यालय सहारनपुर द्वारा 14 अगस्त को प्रात: 6 बजे क्रॉस कंट्री रेस का आयोजन किया जाएगा।

पुरुष वर्ग के लिए 5 किमी और महिला वर्ग के लिए 3 किमी रेस होगी। रेस का शुभारंभ जे.वी. जैन डिग्री कॉलेज से होगा, जो आवास विकास होते हुए मंडलायुक्त कार्यालय तक जाएगी और यहीं से वापसी कर पुन: जे.वी. जैन डिग्री कॉलेज पर समाप्त होगी। प्रतियोगिता में किसी भी आयु वर्ग के प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। पुरुष एवं महिला दोनों वर्गों में प्रथम से छठे स्थान तक विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी 13 अगस्त शाम 5 बजे तक क्षेत्रीय खेल कार्यालय में अपनी प्रविष्टि करा सकते हैं।

# तीन स्टोन क्रेशर के भण्डारण लाइसेंस निरस्त, सहयोगियों समेत मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिले में पहली बार अवैध खनन व परिवहन पर कमर तोड कार्रवाई करते हुए स्टोन क्रेशरों के भंडारण लाईसेंस को निरस्त करने के साथ ही गैंगस्टर लगाने की तैयारी की जा रही है।

शिवा स्टोन क्रेशन स्क्रीनिंग प्लांट ग्राम शहजादपुर बांस मुस्तहकम द्वारा 17,777 घ.मी. आईएसटीपी के माध्यम से बाहर से उपखनिज लाया गया तथा 6009 घ. मीट.का अवैध खनन किये जाने पर 1,29,28,780 रुपये का जुर्माना लगाते हुए भंडारण लाईसेंस 11 अगस्त को निरस्त किया गया। इसके

**■ जिले में पहली बार अवैध खनन व परिवहन पर कमर तोड़ कार्यवाही।**

अतिरिक्त सभी पार्टनरों विकास, किरनेश जंग व सुश्री तान्या धीमान के विरूद्ध मिर्जापुर थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। शिव स्टोन क्रेशन ग्राम सैद मौहम्मदपुर गढ द्वारा 21,389 घ.मी. का अवैध खनन परिवाहन किये जाने पर 1,26,16,70 रुपये जुर्माना लगाते हुए भंडारण निस्तारण 11 अगस्त को निरस्त किया गया।

क्रेशर स्वामी विवेक वर्मा के विरूद्ध थाने मे एफआईआर दर्ज कराई गई। महादेव एंटरप्राइजेज ग्राम पंचकुमा द्वारा 2743 घ.मी. का अवैध खनन भंडारण किये जाने पर 23,10,380 रुपये का जुर्माना लगाते हुए भंडारण लाईसेंस निरस्त किया गया। इसके सभी पार्टनर रणधोल, अमित कुमार, तेजेंद्र सिंह के विरूद्ध थाना चिलकाना में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

सभी स्टोन क्रेशरों को अवैध खनन व परिवहन में लिप्त पाये जाने पर एफआईआर दर्ज कराने के साथ-साथ भंडारण लाईसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई की चेता.वनी दी गई है।

# अंगदान से बचाई जा सकती है कई जान: डा.मिगलानी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर के प्रख्यात चिकित्सक डा. संजीव मिगलानी ने कहा कि अंगदान महादान है जो लोगों की जान को बचाता है।



विश्व अंगदान दिवस पर डा.संजीव मिगलानी ने कहा कि विश्व अंगदान दिवस एक वैश्विक आयोजन है जिसका उद्देश्य अंग और ऊतक दान के महत्व के बारे में जागरूकता बढाना है। उन्होंने कहा कि विश्व में 17 करोड से ज्यादा अंगदाता पंजीकृत है। जीवित रहते हुए एक व्यक्ति अपनी एक किडनी, अपने फेफडे, अग्नाशय, लिवर, आंत और ऊतर का एक हिस्सा दान कर सकता है। मृत्यु के बाद एक व्यक्ति आठ लोगों की जान बचा सकता है। वह अपने कई अंग दान कर सकता है। उन्होंने कहा कि अंगदान में आने वाली चुनौतियां भी सामने है। जिसमें सबसे अहम जागरूकता की कमी है। मिथल और गलत धारणाएं है। इसके साथ ही अंग प्रत्यारोपण केंद्रों व प्रशिक्षित स्टाफ व समन्वय की कमी है। उन्होंने कहा कि लोगों की जिंदगी बचाने के लिये अंगदान करना चाहिये।

# प्राइमरी स्कूलों में दिखा तिरंगा यात्रा का जोश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत जिले के प्राइम.री व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में तिरंगा रैली निकाली गयी।

जिला बेसिक शिक्षाधिकारी सुश्री कोमल ने बताया कि आज प्रतिकूल मौसम के बावजूद जनपद के समस्त 168 उच्च प्राथमिक विद्यालय, 9 कस्तूरबा गांधी, बालि.का विद्यालयों, 761 प्राथमिक विद्यालयों एवं 405 कंपोजिट विद्यालयों में तिरंगा रैली का भव्य आयोजन किया गया। तिरंगा रैलियों में प्रतिभागियों ने स्कूटर, मोटर साइकिल, बाई साइकिल एवं पैदल विद्यालय के स्टाफ, छात्र छात्राओं ने बड़े उत्साहपूर्वक तिरंगे सहित प्रतिभाग किया। तिरंगा रैली में छात्र छात्राओं द्वारा देश भक्ति नारे, गीत द्वारा समाज को उद्वेलित करने का प्रयास किया गया। गगन भेदी उद्घोष के साथ-साथ पूरे उत्साह से समस्त ग्राम पंचायतों में आगामी स्वतंत्रता दिवस को भव्य रुप से मनाए जाने के लिए पृष्ठभूमि तैयार की गई। तिरंगा रैली के समय ग्राम पंचायतों में विभिन्न स्थानों पर ग्रामवासियों ने छात्र छात्राओं का भी पूरे उत्साह के साथ स्वागत किया तथा बच्चों के साथ साथ उद्घोष में पूर्ण मनोयोग से साथ दिया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कुमारी कोमल द्वारा तिरंगा रैलियों के आयोजन के साथ साथ छात्र छात्राओं तथा विद्यालय के समस्त स्टाफ द्वारा विभिन्न सेल्फी लेकर हर घर तिरंगा की वेबसाइट पर अनिवार्य रूप से अपलोड कराए जाने के निर्देश भी दिए गए।


## किसान सहकारी चीनी मिल्स लि., नानौता ( सहारनपुर )

**- : अल्पकालीन निविदा सूचना:-**

इस मिल समिति मे विगत वर्षो की भाँति इस वर्ष भी ऑफ सीजन 2025-26 में मिल समिति में स्थापित विभिन्न क्षमता के ब्वायलरों में सिविल सम्बन्धित मेशेनरी कार्यो एवं अन्य को ठेके पर सम्पादित कराने हेतु अनुभवी ठेकेदारों से दिनांक 19.08.2025 को अपराह्न 3:00 बजे तक निविदायें आमन्त्रित की जाती है। कराये जाने वाले कार्य का विवरण निम्न प्रकार है-

| क. स. | कार्य/निविदा का विवरण | निविदा शुल्क ( रु. ) | निविदा की धरोहर धनराशि ( रु. ) | निविदा प्रारम्भ करने की तिथि | निविदा जमा करने कीअंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | M/s Lipi Make, 40TPH क्षमता X 45Kg/$cm^2$ प्रेशर के ब्वायलर न. 04 में मैशेनरी से सम्बन्धित कार्य। | 236.00 | 3,000.00 | 13.08.2025 | 19.08.2025 |
| 02 | M/s Lipi Make, 40TPH क्षमता X 45Kg/$cm^2$ प्रेशर के ब्वायलर न. 05 में मैशेनरी से सम्बन्धित कार्य। | 236.00 | 3,000.00 | 13.08.2025 | 19.08.2025 |

नोट:-

01. उपरोक्त निविदाओं से सम्बन्धित समस्त नियम एवं शर्ते तथा अन्य विवरण निविदा प्रपत्र पर अंकित है।
02. इच्छुक निविदादाता निविदा प्रारम्भ होने की तिथि से निर्धारित समयान्तराल तक किसी भी कार्य दिवस में मिल समिति के लेखा विभाग में निविदा शुल्क जमा कर, निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकते है।
03. बन्द लिफाफे में निविदा फार्म को भरकर, अंतिम तिथि को अपराह्न 03:00 बजे तक ही सामान्य कार्यालय में स्थित बॉक्स में जमा कर सकते है।
04. अधोहस्ताक्षरी को एक अथवा समस्त निविदायें बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

भवदीय
( अंकित कुमार )
पी.सी.एस.
प्रधान प्रबन्धक

# मुनीर की धमकी

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भी पाकिस्तान ने कोई सबक नहीं सीखा। वह बराबर उकसावे वाली कार्रवाई कर रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का नजरिया जिस तरह पाकिस्तान के प्रति पिछले कुछ दिनों में दिखाई दिया है विशेषकर ऑपरेशन सिंदूर के बाद से। बहुत संभव है उसने भी पाकिस्तान के दिमागी संतुलन को बिगाड़ने का काम किया हो। इस समय पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर अमेरिकी दौरे पर हैं। यह पिछले दो महीनों में उनका दूसरा अमेरिकी दौरा है। जाहिर है, अमेरिका की इस तरह आवभगत से वह गदगद होंगे ही और होते भी दिखाई दे रहे हैं।

उन्होंने फ्लोरिडा के टाम्पा में पाक प्रवासियों को जिस अंदाज में संबोधित किया, वह उनकी उद्दंडता ही कही जाएगी। मुनीर का कहना था कि अगर पाकिस्तान के अस्तित्व पर किसी तरह की आंच आती है, तो वह उसका मुंहतोड़ जवाब तो देगा ही, साथ ही वह परमाणु हमला करने से भी नहीं हिचकेगा। उन्होंने सीधे तौर से भारत को यह भी कहकर धमकी दी कि अगर भारत ने पाक की ओर जल प्रवाह को बाधित किया तो इस्लामाबाद भारतीय बुनियादी ढांचे को नष्ट कर देगा। अब तो खबर यह भी आ रही है कि पाकिस्तान में भारतीय राजनयिकों को परेशान किया जा रहा है। हद तो यह है कि भारतीय राजनयिकों के घरों में गैस सप्लाई तक बंद कर दी गई है। कहा तो यह भी जा रहा है कि स्थानीय गैस सिलेंडर सप्लायर्स को निर्देश दिए गए हैं कि भारतीय राजनयिकों को सिलेंडर न बेचें।

हालांकि भारत ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए दिल्ली में तैनात पाक राजनयिकों को अखबार पहुंचाना बंद कर दिया है। ध्यान देने वाली बात यह भी है कि 2019 में पुलवामा हमले के जवाब में भारत की एयरस्ट्राइक के बाद भी पाक अधिकारियों ने भारतीय राजनयिकों को इसी तरह परेशान किया था। यह सीधे तौर से वियना कन्वेंशन ऑन डिप्लोमैटिक रिलेशन्स 1961 का उल्लंघन है। कन्वेंशन का आर्टिकल 25 कहता है कि मेजबान देश को डिप्लोमैटिक मिशन के सुचारू काम के लिए सभी सुविधाएं देनी होती हैं। निश्चित रूप से पाक में आए एकाएक बदलाव से यह संदेह पैदा होता है कि इसके पीछे अमेरिका अपनी चालें चल रहा है। यह कोई मामूली बात नहीं है कि कोई किसी देश की धरती से किसी अन्य देश को ललकारे और मेजबान देश होने के नाते वह कोई आपत्ति दर्ज न करे। आखिर अमेरिका की धरती से कोई भारत जैसे देश को ललकारे यह उसकी सहमति के बिना कैसे संभव हो सकता है। यूं भी अमेरिका का रुख जिस तरह भारत के प्रति टैरिफ वह अन्य आवर्जन जैसे मामलों को लेकर रहा है, उससे भी यही संदेह गहराता है कि पाक को उकसाया जा रहा है और पाकिस्तान अमेरिका की निकटता पाने के चक्कर में वह भारत जैसे बड़े पड़ोसी से टकराव के रास्ते की तरफ जा रहा है। बिना सोचे-समझे यह रास्ता उसके लिए विनाशकारी हो सकता है। निसंदेह यह समय भारत की राजनीति व कूटनीति के लिए बेहद परीक्षा की घड़ी है और ऐसे में बेहद सतर्कता के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है।

## गाजा में नरसंहार पर भारत सरकार चुप क्यों



इजरायल ने गाजा में 60 हजार से ज्यादा लोगों की हत्या की है, गाजा में हुई हत्याओं की कड़ी निंदा की जानी चाहिए, जिनमें 18,430 बच्चे शामिल हैं, भारत सरकार फलस्तीनी लोगों की पीड़ा पर चुप है, जबकि इजरायल नागरिकों पर तबाही बरपा रहा है, गाजा में सैकड़ों लोगों की मौत भूख से हुई है और लाखों लोग भुखमरी के खतरे में हैं, गाजा में अल जजीरा के पांच पत्रकारों की टारगेट किलिंग भी एक जघन्य अपराध है, ऐसे हालात में चुप्पी के जरिये ऐसे अपराधों को बढ़ावा देना भी अपराध है, भारत सरकार तब भी चुप है, जब इजरायल फलस्तीन के लोगों पर कहर बरपा रहा है।

**-प्रियंका गांधी वाड्रा**
**कांग्रेस महासचिव**

# गायब होती नौकाओं व लुप्त होते विमान का कारण है बरमूडा ट्रायंगल



बर्मुडा ट्रायंगल यह नाम सुनते ही दिमाग में रहस्य, गायब होती नौकाएं और विमान, और समुद्र के नीचे छुपे अनजाने खतरों की तस्वीरें उभर आती हैं। राजनैतिक नक्शे पर यह कोई आधिकारिक क्षेत्र नहीं है, पर लोकप्रिय संस्कृति ने अटलांटिक महासागर के उस हिस्से को जो मियामी, बरमूडा और प्यूर्टो रिको के बीच बनता है। एक किस्म की रहस्यमई काली छाया बना दी है। कई दशकों से पथिकों, वैज्ञानिकों, पत्रकारों और कथाकारों ने यहां हुई गुमशुदगियों को जोड़कर एक बड़ी कहानी रची है पर क्या यह कहानी वास्तविक घटनाओं पर आधारित है, या वह केवल अफवाहों, त्रुटिपूर्ण आंकड़ों और मानव कथानक की देन है? इतिहास, साक्ष्य और आधुनिक वैज्ञानिकता की रोशनी में इसे समझने का प्रयास यहां प्रस्तुत है।

बर्मुडा ट्रायंगल का रहस्य मुख्यत: कुछ मशहूर घटनाओं से आबाद हुआ। सबसे चर्चित घटनाओं में 1918 में गायब हुई यूएसएस साइक्लॉप्स और 1945 के फ्लाइट 19 का मामिला आता है। पांच प्रशिक्षण बमवर्षक विमान जो सम्पर्क खोने के बाद कहीं गायब हो गए थे। इन घटनाओं ने समाचार पत्रों और बाद में पुस्तकों व टीवी फिल्मों के लिए विषय बनाया और लोगों में भय व जिज्ञासा को हवा दी। इन मामलों के चारों ओर समय के साथ अनेक किस्से और संभावित स्पष्टीकरण जुड़ते गए। जर्मन उपमर्झ U-boat हमले से लेकर समुद्री विशालकाय जीवों और अलौकिक शक्तियों तक। पर जब ऐतिहासिक अभिलेखों और आधिकारिक जांचों को देखा जाता है तो कई सुराग साधारण और तर्कसंगत कारणों की ओर इंगित करते हैं जैसे खराब मौसम, नेविगेशन त्रुटियां, लोडिंग त्रुटि, या तकनीकी खराबी।

रहस्य को बढ़ाने में असल में सबसे बड़ा योगदान मिला उस मीडिया-युग ने, जिसमें सन 1950-60 के दशक से लेखक और पत्रकारों ने व्यक्तिगत कहानियों और भौ-डरावनी व्याख्याओं को जोर-शोर से पेश किया। 1960 के दशक में प्रकाशित कुछ लेखों और किताबों ने घटनाओं को जोड़कर एक ऐसा ढांचा बनाया, जिसमें अनुशासित आंकड़ों का स्थान कम और रोमांचक दावे अधिक दिखे। इन संस्मरणों और रिपोर्टों ने त्रिकोण को एक मिथकीय स्थान बना दिया। जहां प्राकृतिक घटनाओं को कभी-कभी अतिशयोक्ति के साथ जोड़ा गया। इस प्रक्रिया में छोटे-छोटे हादसों, जिनके पीछे सामान्य कारण होते हैं, को भी असाधारण बताया गया।

वैज्ञानिक और तकनीकी स्तर पर भी कई संभावित व्याख्याएं दी गईं। इनमें से एक चर्चित सिद्धांत है समुद्र के तल से निकलने वाले मेथेन गैस के बुलबुले जो बड़े पैमाने पर पानी की सतह पर आएं तो पानी की घनत्व घटने से जहाज के डूबने जैसी घटना पैदा कर सकते हैं। कुछ शोध उदाहरण के तौर पर आर्कटिक में पाए गए गैस क्रेटर्स को उद्धृत करते हैं कि अचानक निकलने वाले गैस के बुलबुले जलयान के लिए खतरनाक हो सकते हैं पर यह स्पष्टीकरण कुछ सीमाओं के साथ आता है। ऐसी घटनाओं के प्रमाण जहां मेथेन बुलबुले ने बड़े जहाजों को अचानक डुबो दिया हो, अपेक्षाकृत कम दर्ज होते हैं और वे बर्मुडा क्षेत्र से सीधे जुड़े ठोस सबूत नहीं देते। इसी तरह अनुमान लगाए गए हैं कि अचानक बन जाने वाली विशाल लहरें, अरक्टिक और नॉर्थ अटलांटिक में आने वाली शक्तिशाली समुद्री तूफान-प्रवृत्तियां, तथा गलती से हुए नेविगेशन और मानवीय भूलें भी इन गुमशुदगियों के कारण बने होंगे।

सरकारी और विशेषज्ञ संस्थाएं भी इस विषय पर आईं और उनकी टिप्पणियां इस प्रकार रही। अमेरिकन नेशनल ओशनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन तथा यूएस नेवी ने बार-बार कहा है कि बर्मुडा ट्रायंगल में जहाजों और विमानों के गायब होने की सामान्य दर किसी भी अन्य बड़े समुद्री इलाके से अधिक नहीं है। मौसम, समुद्री धाराएं जैसे गल्फ स्ट्रीम, मानवीय भूल और सामान्य समुद्री खतरों को मुख्य कारण माना जाना चाहिए। विशेषज्ञों का तर्क है कि जब भी कोई समुद्री दुर्घटना होती है तो मनुष्य रहस्यमय व्याख्याओं की ओर आकर्षित होता है और यह आकर्षण समय के साथ मिथक का रूप ले लेता है। हालांकि कुछ मैडिकल और भौ-गर्भीय सिद्धांत रोचक हैं, पर उनका प्रमाणिक समर्थन सीमित और परिस्थितिजन्य है।

बीसवीं सदी के मध्य से पहले भी इसी अटलांटिक क्षेत्र में कई जहाज और हवाई-जहाज लापता हुए, पर उस समय सूचना प्रसार सीमित था और रिपोर्टें अक्सर अधूरी थीं। उदाहरण के लिए यूएसएस साइक्लॉप्स एक बड़ा ईंधन-वाहक था जो 1918 में लाखों टन माल लेकर गायब हुआ। उस समय युद्ध के माहौल और सीमित रेडियो सम्पर्क ने खोज-खबर को कठिन बना दिया। फ्लाइट 19 की घटना भी उसी प्रकार की त्रासदियों में गिनी जाती है। समुद्र में उड़ान भरते हुए नेविगेशन गलती, दिन-रात और मौसम का मिश्रण, साथ ही प्रशिक्षण के दौरान अनुभवी पुरोहितों की अनुपस्थिति, यह सब मिलकर एक बड़ा फलक प्रस्तुत करते हैं। ऐसे कई केसों में आज भी कंक्रीट सबूत नहीं मिला, पर मौलिक कारणों का दायरा काफी हद तक साधारण प्राकृतिक और मानवीय कारणों में आ जाता है।

बीमा और आर्थिक दृष्टि से भी इस क्षेत्र का अध्ययन रोचक है। कई लोगों का तर्क है कि अगर बर्मुडा ट्रायंगल सच में विशेष खतरों का केंद्र होता, तो बीमा प्रीमियम अन्य समुद्री मार्गों से भिन्न होते। लॉयस ऑफ लंदन जैसे बीमा बाजारों के वक्तव्यों से यह पता चलता है कि बीमा कंपनियां इस क्षेत्र को सामान्य समुद्री रास्तों के समान ही मानती हैं यानी खास ऊंची प्रीमियमों या अलग तरह के जोखिम मूल्यांकन का समर्थन नहीं मिलता। यह भी ध्यान देने वाली बात है कि छोटे निजी नौकाओं या विमानों के खोने की रिपोर्टें अक्सर आधिकारिक आंकड़ों में आए बिना ही फैल जाती हैं, जिससे गलत अनुमान लगना आसान हो जाता है।

जहां तक सांख्यिकी की बात है, कई स्वतंत्र विश्लेषणों ने दर्शाया है कि यदि आप समान अवधि और यातायात वाले किसी भी अन्य बड़े समुद्री भाग की तुलना करें तो बर्मुडा ट्रायंगल की घटनाओं की संख्या अप्रत्याशित रूप से अधिक नहीं है। शब्द-निर्माता और पत्रकारों द्वारा चुने गए कुछ मामलों की सूची को जोड़कर एक विशेष पैटर्न दिखाया गया है, पर समग्र आंकड़ों में वह अनिवार्यता नहीं मिलती जो इस स्थान को विशेष खतरनाक घोषित करे। इसके अलावा, समुद्री इतिहास की जांच में अक्सर पता चलता है कि प्रारम्भिक रिपोर्टें अतिरंजित होती हैं, या बाद में पुष्ट होती-नहीं-हुई सूचनाओं पर आधारित होती हैं। साइंस-ड्रिवन स्पष्टीकरणों में से एक और प्रेरक विचार है चुंबकीय विचलन के सिद्धांत का। पुराने जमाने के द्वारा बनाई गई कुछ मानचित्रों और नेविगेशन माध्यमों के आधार पर यह धारणा बनी कि यहां कंपास अनियमित रूप से चलता है और नेविगेशन गलती का कारण बनता है। आधुनिक नेविगेशन टेक्नॉलॉजी जैसे GPS और उन्नत इनर्शियल नेविगेशन ने इस दावे को कमजोर कर दिया है। वास्तविकता यह है कि पृथ्वी का चुंबकीय क्षेत्र स्थान-विशेष पर कुछ भिन्न होता है, पर उसके कारण विमान या जहाजों का स्वत: ही लापता होना सिद्ध नहीं होता। सामान्यत: नेविगेशन त्रुटियां मानव निर्णय और उपकरणों की सीमाओं से जुड़ी रहती हैं न कि किसी एक रहस्यमई चुंबकीय जाम से। बर्मुडा ट्रायंगल का प्रभाव सांस्कृतिक और मनोवैज्ञानिक भी रहा है। किताबें, डॉक्युमेंट्री, फिल्मों और टीवी शोज ने इस क्षेत्र को रहस्य और रोमांच का पर्याय बना दिया। लोग अज्ञात पर आकर्षित होते हैं और ऐसी कहानियां जिनमें विज्ञान-सीमाएं लांघती हैं, आसानी से व्याप्त हो जाती हैं। साथ ही, रहस्यवाद के चाहने वालों और षड्यंत्र सिद्धांतकारों ने अलौकिक, विदेशी या गुप्त सैन्य तकनीक तक की व्याख्याएं दीं, जो मनोरंजक होने के साथ-साथ अक्सर प्रमाणों से दूर होती हैं। इन कथाओं का समाज पर प्रभाव यह है कि वे वास्तविक समुद्री खतरों और सुरक्षा उपायों पर ध्यान कम कर देती हैं जबकि भय और किवदंती को बढ़ावा देती हैं। विज्ञान और इतिहास की कसौटी पर यदि निष्पक्ष निर्णय लें तो बर्मुडा ट्रायंगल को एक यथार्थवादी अलौकिक काले छेद के रूप में मानने का कोई ठोस कारण नहीं मिलता। साक्ष्य बताते हैं कि अधिकतर दुर्घटनाएं प्राकृतिक कारणों, खराब मौसम, मानवीय भूल, नौवहन में त्रुटियां और कभी-कभी तकनीकी विफलताओं की वजह से हुई हैं।

कुछ घटनाएं आज भी अनसुलझी हैं, पर अनसुलझापन का अर्थ यह नहीं कि किन्हीं अलौकिक तत्वों को बुलाना चाहिए। कई बार साक्ष्य न होने का मतलब सिर्फ इतनी देर तक कमीशन की जांच और रख-रखाव के अभाव की स्थितियां भी हो सकती हैं। विशेषज्ञों द्वारा की गई विस्तृत जांच यह संकेत करते हैं कि बर्मूडा त्रिकोण का रहस्य किसी नए भौतिक नियम या अज्ञात शक्ति का प्रमाण नहीं देता।

# आत्मरक्षा के लिए मौत का स्वांग

**भेड़िया सांप (लाइकोडॉन औलिकस) कोल्यूब्रिडी कुल का सदस्य है। इसका नाम संभवतः इसके दांतों के कारण पड़ा है। यह सांप अपने आसपास खतरा होने पर शरीर को कुंडलित कर लेता है और मरे समान हो जाता है। इस स्थिति में हिलाने-डुलाने पर भी यह कोई विरोध या हरकत नहीं करता।**

जीवों में अपनी सुरक्षा के लिए कई प्रकार के व्यवहार देखे जाते हैं। यह परिस्थिति और खतरे के प्रकार पर निर्भर करता है कि किस प्रकार का व्यवहार अपनाना उन्हें अपने प्रतिद्वंदी से सुरक्षा दे सकता है। कई बार सुरक्षा के लिए नकलपट्टी का सहारा लिया जाता है जिसमें जीव किसी अन्य जीव, पत्ती, पेड़ की छाल या लकड़ी जैसा रूप धर लेते हैं। या कुछ जीवों में यह व्यवहार सुरक्षात्मक आवरण के रूप में हो सकता हैय वे अपने शरीर को एक आवरण या खोल से ढंक लेते हैं, जैसे तितलियां ककून बनाकर।

वहीं, कुछ जीवों द्वारा अपने शरीर से कुछ ऐसे रसायनों का स्राव किया जाता है, जो उनके परिवेश में घुल-मिल जाएं और शिकारी जीवों से उनकी रक्षा हो सके, लेकिन कभी-कभी सुरक्षा से ज्यादा प्रतिद्वंद्वी को चेतावनी देना भी एक कारगर तरीका हो सकता है। इसमें मुख्यत: अपने प्रतिद्वंदी से अपने क्षेत्र की रक्षा करना या अपने आप को अधिक शक्तिशाली दिखाना हो सकता है। मौत का स्वांग करना भी रक्षात्मक व्यवहार का एक रूप है, जिसमें कोई जीव मृत अवस्था की तरह जड़ हो जाता है ताकि शिकारी को चकमा देकर उससे बचा जा सके। मृत्यु का स्वांग की यह रणनीति जंतुओं के विभिन्न समूहों में देखी गई है, जिनमें स्तनधारी, पक्षी, मछलियां शामिल हैं। खरगोशों, सरीसृप, उभयचर और आर्थोपोड में यह व्यवहार थेनेटोसिस लंबे समय से ज्ञात है। कुछ भारतीय सांपों, जैसे लाइकोडॉन औलिकस, जेनोक्रोफिस पिस्केटर, कोलोग्नाथस रेडियाटस और लाइकोडॉन कैपुसिनस में भी मृत होने का व्यवहार देखा गया है।



खतरा होने पर मरने का स्वांग करना एक अच्छा सुरक्षा उपाय हो सकता है, लेकिन कई मामलों में यह भी देखा गया है कि शिकार होने वाले जीवों के अलावा शिकारी जीव भी इस रणनीति को अपनाते हैं ताकि अपना शिकार आसानी से पकड़ सकें। हाल के वर्षों में कुछ सांपो में यह व्यवहार देखा गया है।

भेड़िया सांप (लाइकोडॉन औलिकस) कोल्यूब्रिडी कुल का सदस्य है। इसका नाम संभवत: इसके दांतों के कारण पड़ा है। यह सांप अपने आसपास खतरा होने पर शरीर को कुंडलित कर लेता है और मरे समान हो जाता है। इस स्थिति में हिलाने-डुलाने पर भी यह कोई विरोध या हरकत नहीं करता।

एक अध्ययन के दौरान जब यह देखने की कोशिश की गई कि मृत समान जड़ स्थिति में यदि इसे अकेला छोड़ दिया जाए तो वह कितने समय तक जड़ बना रहता है। देखा गया कि वह अपने इस व्यवहार में पहले परिवेश को भांपता है। यदि परिस्थिति सामान्य होते दिखती है तो लगभग दो से तीन मिनट बाद वह अपने सिर को मूल स्थिति में वापस ले आता है और जीवित दिखने लगता है। यह सांप शिकारी जीवों या मनुष्यों से सामना होने पर तो यह रणनीति अपनाता ही है, जिसमें शिकारी इसे मरा हुआ समझकर छोड़ देता है, लेकिन कई बार भेड़िया सांप ऐसा करके शिकार को धोखे से पकड़ने का काम भी करता है। मरा जानकर शिकार इसके पास आ सकते हैं, और ऐसे में शिकार को पकड़ने में कम मेहनत और ऊर्जा खर्च होती है।

**...मनोहर पवार**
**( स्रोत फीचर्स )**

# जीते जी और मौत के बाद भी जीवन बांटने का संकल्प

**वर्ल्ड ऑर्गन डोनेशन डे पर विशेष**




**श्वेता गोयल**

अंगदान के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने, अंगदाताओं और लाभार्थियों को सम्मानित करने तथा ज्यादा से ज्यादा लोगों को अंगदाता के रूप में पंजीकरण कराने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 13 अगस्त को 'विश्व अंगदान दिवस' मनाया जाता है। अंगदान करना किसी को नया जीवन देने के सबसे अच्छे तरीकों में से एक माना जाता है। यह दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों में अंगदान की आवश्यकता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ लोगों को मृत्यु के बाद अंगदान करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

विश्व अंगदान दिवस की शुरुआत 1954 में प्रथम सफल अंग प्रत्यारोपण के सम्मान में तथा अंगदान के जीवनरक्षक प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए की गई थी। माना जाता है कि दुनिया में पहली बार अंगदान वर्ष 1954 में किया गया था। उस समय रोनाल्ड ली हेरिक ने अपने भाई को अपनी एक किडनी दान कर उसे नया जीवनदान दिया था। वहीं, डा. जोसेफ मरे ने पहली बार किडनी ट्रांसप्लांट किया था। इस मानवीय कार्य हेतु वर्ष 1990 में डा. जोसेफ मरे को फिजियोलॉजी में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

अंगदान ऐसे व्यक्ति को अंग के रूप में दिया जाने वाला अनमोल जीवनदाई उपहार है, जिसके किसी अंग की बीमारी अंतिम अवस्था में हो और जिसे ट्रांसप्लांट (प्रत्यारोपण) की जरूरत हो। जो व्यक्ति अपना अंगदान करता है, उसे ऑर्गन डोनर कहा जाता है जबकि अंग पाने वाले व्यक्ति को रेसिपिएंट कहा जाता है। अधिकांश मामलों में अंगदान रेसिपिएंट की जान बचाने में अहम भूमिका निभाता है। यह दिन इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह समुदायों को अंग दाताओं की तत्काल आवश्यकता के बारे में शिक्षित करने के साथ दान प्रक्रिया के बारे में मिथकों और गलत धारणाओं को दूर करता है, जीवन बचाने के लिए अंग दाताओं की महत्वपूर्ण आवश्यकता के बारे में जागरूकता बढ़ाता है और विश्व में अंगों की कमी के जवाब में अंगदान को एक संस्कृति के रूप में प्रोत्साहित करता है। यह एक ऐसी वैश्विक पहल है, जो जीवन बचाने, समझ को बढ़ावा देने और एक ऐसी दुनिया बनाने के लिए समर्पित है, जहां अंगदान के माध्यम से सार्वभौमिक रूप से जीवन का उपहार अपनाया जाता है। दरअसल मृत्यु उपरांत व्यक्ति के स्वस्थ अंगों से कई लोगों को अभयदान प्राप्त होता है।



अंगदानकर्ता किसी भी उम्र और पृष्ठभूमि के व्यक्ति हो सकते हैं। हालांकि अंगदान करने की पात्रता मृत्यु के समय या कुछ मामलों में किडनी अथवा आंशिक लीवर जैसे विशिष्ट अंगों के लिए जीवित रहते हुए निर्धारित की जाती है। अंग दाता बनने के लिए कोई भी व्यक्ति अपने राज्य अथवा राष्ट्रीय अंग दाता रजिस्ट्री के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण करा सकता है, अपने ड्राइविंग लाइसेंस पर अपनी इच्छा दर्शा सकता है या अपने परिवार के सदस्यों के साथ अपने निर्णय पर चर्चा कर सकता है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उसकी इच्छाओं को जानकर उनका सम्मान किया जाए। आंख और टिश्यू की मदद से एक अंग दाता करीब 7 लोगों की जान बचा सकता है। इस प्रक्रिया के लिए अंग दाता को जीते जी अंगदान की साइट पर रजिस्टर करना होता है ताकि मृत्यु के बाद परिवारजन उसके अंगों और ऊतकों को दान करने की सहमति दे सकें। डोनर से रेसिपिएंट में मानव के कई अंगों और ऊतकों का प्रत्यारोपण किया जा सकता है, जिनमें लिवर, किडनी, पैंक्रियाज, दिल, फेफड़ा, आंत, कॉर्निया, बोन मैरो और स्किन, यूट्रस, बोन, मसल्स, नर्व्स और कनेक्टिव टिश्यूज जैसे वैस्कुलराइज्ड कम्पोजिट एलोग्राफ्ट्स आदि शामिल हैं।

वैसे अंगदान को दो महत्वपूर्ण प्रकारों में विभाजित किया गया है, जीवित दाता और शव दाता। शव दानकर्ता गुर्दे, जिगर, फेफड़े, दिल, अग्नाशय, आंत, हाथ और चेहरा दान दे सकते हैं जबकि जीवित दाता अपना एक गुर्दा, एक फेफड़ा, यकृत का एक भाग, अग्नाशय का एक हिस्सा, आंत का एक हिस्सा, कॉर्निया दे सकते हैं। जब कोई जीवित व्यक्ति अपना कोई अंग या अंग का कोई हिस्सा दान करता है तो उसे जीवित दान कहा जाता है। जीवित दान के सबसे आम उदाहरणों में किडनी दान, लिवर दान, रक्त दान आदि शामिल हैं। कोई व्यक्ति अंगदान तभी कर सकता है, जब वह चिकित्सकीय रूप से स्वस्थ हो और उसका रक्त समूह तथा ऊतक उस व्यक्ति से मेल खाते हों, जिसे प्रत्यारोपण की आवश्यकता है। दूसरी ओर, जब किसी व्यक्ति के अंगों को उसकी मृत्यु के बाद दान किया जाता है तो इसे शव या रोगग्रस्त दान कहा जाता है। ऐसे मामलों में अंगों को जल्द से जल्द निकाल दिया जाना चाहिए।

जो व्यक्ति अपनी मृत्यु के बाद अंगदान करना चाहता है, उसे अंगदान के लिए पंजीकरण कराना होता है। किसी अंग दाता की मृत्यु कैसे होती है, यह भी यह तय करने में एक महत्वपूर्ण कारक है कि उसके कौन से अंगदान किए जा सकते हैं। डॉक्टरों के अनुसार मस्तिष्क मृत्यु की स्थिति में हृदय, फेफड़े, अग्नाशय, गुर्दा, यकृत इत्यादि सभी महत्वपूर्ण अंगों का दान किया जा सकता है। प्राकृतिक मृत्यु की स्थिति में कॉर्निया, अस्थि मज्जा, हृदय वाल्व आदि केवल ऊतक दान ही संभव है क्योंकि मृत्यु के बाद ऑक्सीजन की आपूर्ति की कमी के कारण महत्वपूर्ण अंग मर जाते हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक किसी व्यक्ति के ऊतक दान की शुरुआत उसकी मृत्यु के 24 घंटे के भीतर हो जानी चाहिए। दान किए गए अंगों के विपरीत, दान किए गए ऊतकों को तैयार करके लंबे समय तक रखा जा सकता है। 18 वर्ष से अधिक उम्र का कोई भी व्यक्ति अपना अंगदान करके जीवित अंग दाता बन सकता है।

दान किए गए अंग किसी व्यक्ति का जीवन बचा सकते हैं। हालांकि ट्रांसप्लांटेशन तभी संभव है, जब कोई व्यक्ति अपना ऑर्गन किसी को डोनेट करेगा। जब आप अपने शरीर के किसी अंग का दान करते हैं तो उसे पाने वाले को लंबा जीवन जीने में मदद मिलती है। रक्त और प्लेटलेट्स का दान तो कोई भी स्वस्थ व्यक्ति कर सकता है। एक स्वस्थ व्यक्ति प्रति वर्ष अधिकतम 6 बार रक्तदान कर सकता है और साल में 24 बार तक प्लेटलेट्स दान कर सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## मस्क ने दी एप्पल को चेतावनी

**नई दिल्ली।** अमेरिकी कारोबारी और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के मालिक एलन मस्क ने दिग्गज टेक कंपनी एप्पल पर बाजार प्रतिस्पर्धा कानून के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है। यह मामला एक्सएआई के स्वामित्व वाले चैटबोट ग्रोक से जुड़ा है। एक्स पर उपलब्ध फीचर ग्रोक एक एआई एसिस्टेंट है जो उपयोगकर्ताओं के प्रश्नों के उत्तर दे सकता है, टेक्स्ट तथा तस्वीरें जेनरेट करने में सक्षम है और संवाद भी कर सकता है। मस्क ने एक्स पर पोस्ट की एक सीरीज में ग्रोक की रैंकिंग को लेकर बाजार प्रतिस्पर्धा कानूनों के उल्लंघन के लिए एप्पल की आलोचना की है। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा कि एप्पल इस तरह से काम कर रहा है कि ऐप स्टोर पर ओपन एआई के अलावा किसी दूसरी एआई कंपनी का शीर्ष पर पहुंचना असंभव हो जाता है। यह स्पष्ट रूप से बाजार प्रतिस्पर्धा कानून का उल्लंघन है। उन्होंने चेतावनी दी है कि वह तत्काल कानूनी कार्रवाई करेंगे। मस्क का यह पोस्ट हाल ही में बाजार में पेश जीपीटी-5 के प्रति उनकी असहजता भी दर्शाता है।

# पाक ने भारतीय राजनयिकों के घरों की गैस सप्लाई रोकी

## रिपोर्ट के मुताबिक मिनरल वॉटर और न्यूज पेपर भी बंद किए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने इस्लामाबाद में भारतीय राजनयिकों के घरों में गैस सप्लाई बंद कर दी है। इसके अलावा स्थानीय गैस सिलेंडर सप्लायर्स को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे भारतीय राजनयिकों को सिलेंडर न बेचें।

एक रिपोर्ट के मुताबिक इस्लामाबाद ने मिनरल वाटर और न्यूज पेपर की सप्लाई भी रोक दी है। पाकिस्तान ने यह फैसला भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद बदले की कार्रवाई के तौर पर लिया है। रिपोर्ट के मुताबिक यह कदम पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई की योजना का हिस्सा है। इसके तहत पाकिस्तान बदले की छोटी-छोटी कार्रवाइयां कर रहा है। जवाबी कदम के तौर पर भारत ने भी दिल्ली में तैनात पाकिस्तानी राजनयिकों को अखबार पहुंचाना बंद कर दिया है। 2019 में पुलवामा हमले के जवाब में भारत की एयर स्ट्राइक के बाद भी



### ऑपरेशन सिंदूर के बाद बदले की कार्रवाई, लोकल वेंडर्स को गैस सिलेंडर न देने के निर्देश

पाकिस्तानी अधिकारियों ने भारतीय राजनयिकों को इसी तरह परेशान किया था। उस समय, भारतीय उच्चायुक्त अजय बिसारिया, उप उच्चायुक्त जेपी सिंह और नौसेना सलाहकार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को इस तरह के व्यवहार का सामना करना पड़ा था। इन घटनाओं में लगातार पीछा करना,

### यह कदम पाक की खुफिया एजेंसी आईएसआई की योजना का हिस्सा: रिपोर्ट

सुरक्षाकर्मियों से पूछताछ करना और फर्जी फोन कॉल करना जैसी हरकतें शामिल थीं। इस्लामाबाद में भारतीय राजनयिकों को परेशान करने की 19 घटनाएं हुईं। राजनयिकों के उत्पीड़न में इस बढ़ोतरी के बाद भारतीय उच्चायोग ने यह मुद्दा पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के सामने उठाया था। गौर करने वाली बात यह है कि 2018 में भी दोनों देशों में ऐसे मामले हुए थे, जिसके बाद दोनों ने 1961 के 'वियना कन्वेंशन ऑन डिप्लोमैटिक रिलेशंस' का पालन करने का वादा किया था। पाकिस्तान के गैस, पानी और अखबार रोकने का फैसला वियना कन्वेंशन ऑन डिप्लोमैटिक रिलेशंस (1961) का उल्लंघन है। कन्वेंशन के आर्टिकल 25 के मुताबिक मेजबान देश को डिप्लोमैटिक मिशन के सुचारू काम के लिए सभी सुविधाएं देनी होती हैं। पाकिस्तान ने जानबूझकर ये बुनियादी सप्लाई रोककर मिशन के काम और राजनयिकों की रोजमर्रा की जिंदगी में रुकावट डाली। कन्वेंशन का मकसद है कि डिप्लोमैट बिना भय और हस्तक्षेप के काम कर सकें। पाकिस्तान की ये हरकतें सीधे तौर पर दबाव का माहौल बनाने की कोशिश है। पहलगाम हमले के बाद भारत ने सिंधु जल समझौता स्थगित कर दिया था।



प्रयागराज। स्वतंत्रता दिवस की तैयारी के लिए राष्ट्रीय ध्वज खरीदता युवक।

## अमेरिका ने बीएलए को आतंकी संगठन घोषित किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और उसके सहयोगी संगठन मजीद ब्रिगेड को विदेशी आतंकी संगठन (एफटीओ) घोषित किया है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने सोमवार देर रात इसकी जानकारी दी। मार्को रुबियो ने बयान में लिखा, बीएलए ने 2024 में कराची एयरपोर्ट के पास और ग्वादर पोर्ट अथारिटी काम्प्लेक्स में आत्मघाती हमलों की जिम्मेदारी ली थी। मार्च 2025 में जाफर एक्सप्रेस ट्रेन को हाईजैक करने की भी जिम्मेदारी ली थी, जिसमें 31 नागरिक और सुरक्षाकर्मी मारे गए थे। 300 से अधिक यात्रियों को बंधक बनाया था। अमेरिकी विदेश मंत्रालय की ओर से जारी

### कहा: बलूच लिबरेशन आर्मी ने पाकिस्तान में कई हमलों की जिम्मेदारी ली, मुनीर के यूएस दौरे के बीच ऐलान

नोटिफिकेशन। इसमें बताया गया है कि बीएलए पर कार्रवाई इमिग्रेशन एंड नेशनलिटी एक्ट की धारा 219 और एग्जीक्यूटिव आर्डर 13224 के तहत की गई है। अमेरिका की ओर से यह ऐलान ऐसे समय में हुआ है जब पाकिस्तानी आर्मी चीफ आसिम मुनीर अमेरिका दौरे पर हैं। पाकिस्तानी अखबार डान की रिपोर्ट के मुताबिक मुनीर एक बार फिर से अमेरिका पहुंचे हैं। मुनीर की यह डेढ़ महीने में दूसरी अमेरिका यात्रा है।

# भारत पर टैरिफ रूस के लिए झटका: ट्रम्प

## अमेरिकी राष्ट्रपति इस हफ्ते पुतिन से मिलेंगे

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने रूस से तेल खरीदने पर भारत पर लगाए गए एक्स्ट्रा 25 प्रतिशत टैरिफ को मास्को के लिए झटका बताया है। व्हाइट हाउस से बयान देते हुए ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका जब रूस से तेल खरीदने वाले उसके सबसे बड़े (चीन) या दूसरे सबसे बड़े (भारत) तेल खरीदार पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की बात कहता है, तो यह रूस के लिए बड़ा झटका है।

उन्होंने यह भी दावा किया कि अमेरिकी टैरिफ ने रूस की अर्थव्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित किया है। ट्रम्प यूक्रेन में सीजफायर के मुद्दे पर इस हफ्ते पुतिन से मुलाकात करने वाले हैं। इस पर उन्होंने कहा हम पुतिन से मुलाकात करेंगे, और बैठक के पहले दो मिनट में ही मुझे पता चल जाएगा कि सौदा हो सकता है या नहीं। पुतिन से मुलाकात से



### कहा: डील होगी या नहीं 2 मिनट में पता चल जाएगा

पहले जेलेंस्की और यूरोपीय नेताओं से बात करेंगे ट्रम्प ने कहा है कि वे पुतिन से मिलने से पहले यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की और यूरोपीय नेताओं से चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा, मैं यूरोपीय नेताओं से बात करूंगा, जेलेंस्की से भी चर्चा होगी। सबकी राय लेकर मैं पुतिन से मुलाकात में पूरी तैयारी के साथ जाऊंगा और देखेंगे क्या होता है।

### अमेरिका पर जवाबी टैरिफ लगाने की तैयारी में भारत

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने भारतीय स्टील, एल्युमिनियम और कई प्रोडक्ट्स पर 50 प्रतिशत टैरिफ (इम्पोर्ट डयूटी) लगाया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, अब इसके जवाब में भारत भी चुनिंदा अमेरिकी प्रोडक्ट्स पर 50 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने पर विचार कर रहा है। अगर ऐसा होता है, तो यह अमेरिकी प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रम्प के टैरिफ पर भारत का पहला औपचारिक पलटवार होगा। ट्रम्प ने 31 जुलाई को सभी भारतीय प्रोडक्ट्स पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया था। इसके बाद फिर 6 अगस्त को रूस से आयल इम्पोर्ट को लेकर भारत पर 25 प्रतिशत का एक्स्ट्रा टैरिफ लगा दिया था।

## बिश्नोई गैंग को आतंकी संगठन घोषित किया जाए: कनाडाई सांसद

**ओटावा।** कनाडाई सांसद फ्रैंक कैपुटो ने प्रधानमंत्री मार्क कार्नी और उनकी लिबरल पार्टी से लारेंस बिश्नोई गैंग को आतंकी संगठन घोषित करने की मांग की है। कैपुटो ने कहा: यह गैंग समुदायों को डरा रहा है। अब समय है कि सरकार कार्रवाई करे। कैपुटो पब्लिक सेफ्टी मिनिस्टर हैं, उन्होंने अपने सहयोगी मंत्री गैरी आनंदसंगरी को पत्र लिखकर बताया कि बिश्नोई का आपराधिक साम्राज्य हत्याएं, और अवैध गतिविधियां करता है। उन्होंने कहा कि यह गैंग राजनीतिक, धार्मिक और वैचारिक कारणों से हिंसा फैलाता है। कैपुटो ने अपने पत्र में लिखा कि बिश्नोई गैंग की गतिविधियां इसे आतंकी संगठन घोषित करने का आधार देती हैं। मैं आपसे आग्रह करता हूं कि इसे आतंकी संगठन की सूची में डालें ताकि पुलिस और सरकार को इसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए जरूरी संसाधन मिल सकें।

# गाजा में नरसंहार पर भारत सरकार खामोश: प्रियंका



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने मंगलवार को गाजा में हुई हत्याओं की कड़ी निंदा की और इजरायल पर 'नरसंहार' करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इजरायल ने गाजा में 60 हजार से ज्यादा लोगों की हत्या की है, जिनमें 18430 बच्चे शामिल हैं। उन्होंने भारत सरकार पर आरोप लगाया कि वह फलस्तीनी लोगों की पीड़ा पर चुप है, जबकि इजरायल नागरिकों पर तबाही बरपा रहा है। भारत में इजरायल के राजदूत रूवेन अजार ने प्रियंका गांधी के सवालों के जवाब में कहा कि यह गलत बयान है। वहां आम

### कांग्रेस नेता ने कहा: इजरायल ने 60 हजार लोगों को मारा

लोगों के मौत की वजह हमास है। वायनाड सांसद प्रियंका ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर लिखा कि गाजा में सैकड़ों लोगों की मौत भूख से हुई है और लाखों लोग भुखमरी के खतरे में हैं। उन्होंने गाजा में अल जजीरा के 5 पत्रकारों की टारगेट किलिंग को 'जघन्य अपराध' बताया। एक अन्य पोस्ट में प्रियंका ने लिखा कि चुप्पी के जरिए ऐसे अपराधों को बढ़ावा देना भी अपराध है। उन्होंने भारत सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि यह शर्मनाक है कि वह तब भी चुप है जब इजरायल फलस्तीन के लोगों पर कहर बरपा रहा है।

# आसिम मुनीर सूट पहनने वाला लादेन: माइकल रुबिन

**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा मंत्रालय (पेंटागन) के पूर्व अधिकारी माइकल रुबिन ने पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर को सूट पहनने वाला ओसामा बिन लादेन बताया है।

उन्होंने कहा कि मुनीर के परमाणु धमकी वाले हालिया बयान से पाकिस्तान गुंडा राज्य जैसा व्यवहार कर रहा है। आसिम मुनीर ने पिछले हफ्ते अमेरिका के टेम्पा शहर में अमेरिकी सैन्य अधिकारियों से मुलाकात के दौरान कहा था कि पाकिस्तान एक न्यूक्लियर स्टेट है, पाकिस्तान डूबा तो आधी दुनिया को अपने साथ ले डूबेगा। रुबिन ने इस बयान की तुलना आतंकी संगठन आईएसआईएस और ओसामा बिन लादेन के खतरनाक बयानों से की। रुबिन ने अमेरिकी सरकार से पाकिस्तान से प्रमुख गैर-नाटो सहयोगी

### मुनीर के परमाणु धमकी वाले बयान से पाक गुंडा राज्य जैसा व्यवहार कर रहा: पेंटागन के पूर्व अधिकारी

का दर्जा तुरंत छीन लेने के लिए कहा है। उन्होंने कहा है कि पाकिस्तान को आतंकवाद को बढ़ावा देने वाला देश घोषित करने पर विचार करना चाहिए। नाटो देशों के अलावा जिन देशों के साथ अमेरिका के अमेरिका के रक्षा संबंध हैं। उन्हें वह प्रमुख प्रमुख गैर-नाटो सहयोगी का दर्जा देता है। रुबिन ने आसिम मुनीर को 'पर्सोना नान ग्राटा' घोषित कर अमेरिका का वीजा देने पर पाबंदी लगाने की मांग की है। रुबिन ने यह भी कहा कि जब मुनीर ने ये बयान दिया, तो उसी वक्त उन्हें मीटिंग से बाहर निकालकर टेम्पा एयरपोर्ट भेजकर देश से बाहर कर देना चाहिए था।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मेरी माटी मेरा देश
दुर्गा इस्पात प्राईवेट लि.
मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

Transform your DREAMS into REALITY @
Shri Ram Group of Colleges
Parikrama Marg, Muzaffarnagar
Approvals Affiliations
NAAC A++ UGC
www.srgcmzn.com src_mzn@rediffmail.com
Admission Open
Shri Ram Group of Colleges (IC)
BTech (CE, ME, EE, CSE, CSE (AI&ML), ECE)
Polytechnic (CE, ME, EE)
MBA | MCA | BArch | DPharm
Shri Ram College of Pharmacy
BPharm | DPharm
Shri Ram College of Law
BALLB | BComLLB | LLB
Shri Ram Polytechnic
Polytechnic
(CE, ME, ME (Auto), EE, ECE, CSE)
ITI (Electrician, Fitter, Turner, Machinist, Welder, COPA, HSI, FDT)
For Admission Scan QR code or Register on www.srgcmzn.com by clicking the link Apply for Registration: 2025-26
Ranked among the "Top 25 NAAC Accredited Colleges of India" by NAAC (UGC)
Shri Ram College
First "Autonomous" College of the Universities of Western Uttar Pradesh
BCA | BBA | BCom | MCom | BFA | MFA | BSc- Agri | MSc-Agronomy
MSc- Agri Chemistry & Soil Sc | BSc-Phy, Chem, Maths, Zoology, Botany
MSc- Maths, Chem, Zoology, Botany | BSc- Biotech | MSc- Biotech
BSc- Microbio | MSc- Microbio | BSc- Clinical Nutrition & Dietetics
MSc- Home Mgmt, Food & Nutrition, Clothing & Textile | BAJMC | MAJMC
BPES | BPEd | BEd | MEd | BScBEd | BComBEd | BABEd (under ITEP)
Apprenticeship Embedded Degree Programs (AEDP)- BCom- Banking, Financial Services & Insurance, BSc- Tourism & Hospitality Mgmt
Certificate Courses * Professional Communication & Public Speaking * Computer Hardware & Networking * Landscaping & Ornamental Gardening * Protected Cultivation * Tally * Chemistry Laboratory Technique * Applied Physics for Renewable Energy System * Writing Skills for Modern Media * Bio-Entrepreneurship in Industrial Biotechnology & Microbiology * Beautician Course * Early Child Care & Education * Digital Marketing
Diploma * Journalism, Fashion Design * Jewelry Design * Nutrition & Dietetics * Sports Mgmt * Cyber Security & Digital Forensics * Data Analytics
P G Diploma * Educational Management & Administration
Advance Diploma * Software & Web Development
For SRGC Students One Certificate course is FREE and 75% Discount for additional Certificate and Diploma courses.
For Admission Scan QR code or Register on www.srcmzn.com by clicking the link Apply for Registration: 2025-26
Note: Being Autonomous College, Shri Ram College is not available at Maa Shakumbhari University, Saharanpur Admission Portal
Scholarship more than ₹ 10 Crores Available
For Further Information Please Contact @
Engg: 9927074735, 9927079966; Arch: 9917111139; Poly: 9837755504, 9917116655; Pharmacy: 8077494402; Mgmt: 8791037733; Law: 9927227744; Bioscience: 9456895886; Computer Application: 9358348700; Business Administration: 9927729646; Sciences: 9411275100; Commerce & AEDP: 9917160786; Agriculture: 9412192801; Fine Arts: 9719402220; Education: 8394930091, 8533001769; Physical Edu: 7817861855; Journalism: 9927668855; Home Science & AEDP: 8800538281